सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-104 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 21 सितम्बर 2023
05 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

Ideal Wedding Destination
LALBAGH
LAWN & BANQUET
Next To Nishat Hospital, Lalbagh, Lucknow
Bookings Open
Also Contact For Catering With
Muqim Price & Service Gaurantee
+91- 8004208938, 9161111102

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास

स्मृति-सोनिया सहित 60 सदस्यों ने लिया चर्चा में हिस्सा

454
वोट पक्ष में पड़े

- चुनाव के बाद परिसीमन-जनगणना होगी: अमित शाह
- राज्यसभा में आज पेश होगा बिल

नई दिल्ली। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पारित हुआ। अत्याधुनिक सुविधाओं वाली नई संसद के निचले सदन से पारित होने वाला यह पहला विधेयक है। इस विधेयक को विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में पेश किया था।

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर पर्ची से वोटिंग कराई गई। विधेयक के पक्ष में 454 मत, जबकि दो मत विरोध में पड़े। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो तिहाई बहुमत से विधेयक के पारित होने की जानकारी साझा की। सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह ने सभी दलों से महिला सशक्तीकरण के मुद्दे पर दुनिया को एकजुट होकर संदेश देने का आह्वान किया। उन्होंने साफ संकेत दिया कि सरकार विधेयक पर सुझावों को खुलेमन से स्वीकार करने को तैयार है और जरूरत पड़ने पर इसमें संशोधन भी किया जा सकता है। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर हुई चर्चा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रायबरेली सांसद और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी सहित 60 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने रानी दुर्गावती, रानी चेन्नम्मा, रानी अहिल्याबाई, रानी लक्ष्मी जैसी असंख्य वीरांगनाओं का उल्लेख किया। विधेयक लाने के समय और इसे लागू करने में देरी की आशंकाओं के साथ सरकार की राजनीतिक मंशा को लेकर विपक्ष के सवालों पर केंद्रीय गृह मंत्री ने तीखा पलटवार किया।

संघ में भी बढ़ाई जाएगी महिलाओं को भागीदारी

लोकसभा चुनाव से पहले संघ ने बड़ा दांव खेलने की तैयारी कर ली है। इसके लिए राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) में अब महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही संघ के आनुषांगिक संगठनों में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़कर संगठनों का और विस्तार किए जाने की कवायद तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। महिलाओं के लिए अलग शाखाएं लगाने पर भी मंथन किया जा रहा है।

एक ही छत के नीचे मिलेगी पूरे यूपी की झलक

राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से रियल एस्टेट सेक्टर को भी मिलेगी उड़ान
- 400 से ज्यादा विदेशी प्रदर्शक होंगे शामिल

लखनऊ। पहले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से ग्रेटर नोएडा का इंडिया एक्सपो मार्ट उत्तर प्रदेश की समृद्धि की झलक दिखाने को तैयार है। गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस भव्य आयोजन का शुभारंभ करेंगी।

इस आयोजन के माध्यम से 2000 से ज्यादा उत्पादक अपने उत्पादों को देश और दुनिया के उद्यमियों के सामने प्रस्तुत करेंगे। इनमें सबसे बड़ा फोकस एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) होगा। इसके अतिरिक्त हेल्थकेयर, फूड प्रॉसेसिंग, फार्मा, डेयरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ई-कॉमर्स समेत तमाम सेक्टर्स शामिल होंगे। इंटरनेशनल ट्रेड शो में 11 बजे से 3 बजे तक कारोबारियों के लिए रिजर्व रहेगा। दोपहर 3 बजे से लेकर रात 8 बजे तक यह आम पब्लिक के लिए निशुल्क खुला रहेगा। ट्रेड शो में 44 श्रेणी के तहत प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इनमें ओडीओपी, कृषि व हॉर्टीकल्चर, एनीमल हस्बैंड्री, फिशरीज, डेयरी, एसोसिएशन-फोरम, ऑटोमोबाइल-ईवी-आटो कंपोनेंट्स, बेवरेज इंडस्ट्री, ई कॉमर्स, एफएमसीजी, फूड प्रॉसेसिंग, फर्नीचर, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट्स एंड टेक्सटाइल, हेल्थकेयर, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग और रिन्यूबल एनर्जी समेत कई अन्य श्रेणियां शामिल हैं। एक्सपो मार्ट के 13 हॉल में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हॉल-1 में यूपीसीडा/इनवेस्ट यूपी, ऑटोमोबाइल/ ईवी/ऑटो कंपोनेंट, फूड प्रॉसेसिंग एंड डेयरी प्रोडक्ट्स, गवर्नमेंट मिशन, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, इंफ्रा, इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे अन्य सेक्टर्स को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी तरह हॉल-3 में कॉस्मेटिक्स एंड पर्सनल केयर, एफएमसीजी, हेल्थकेयर,स्पोर्ट्स, टॉय सेक्टर और वाटर इंडस्ट्रीज के उत्पादों की प्रदर्शनी होगी। हॉल-5 में 100 से ज्यादा स्टार्टअप और ई कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, हॉल-6 में डिफेंस कॉरिडोर, रीयल एस्टेट, हॉल-7 में फर्नीचर, फार्मास्युटिकल्स, पावर इंडस्ट्री, हॉल-8 में एजुकेशन, फाइनेंशियल सर्विसेज, हॉल-9 में ओडीओपी (400 से ज्यादा पार्टिसिपेंट्स), टेक्सटाइल्स, हैंडीक्राफ्टस, लेदर, हॉल-10 में एमएसएमई, हॉल-11 में फूड प्रॉसेसिंग एंड डेयरी प्रोडक्ट्स, हॉल-12 में इवेंट मैनेजमेंट, लेदर, प्रेस-मीडिया और प्रिंटिंग इंडस्ट्री जैसे सेक्टर्स को स्टॉल होंगे।

इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश की छोटी इकाइयों, एक जिला एक उत्पाद, खादी, हथकरघा के लिए ग्लोबल प्लेटफार्म देगा। पहली बार प्रदेश में ही 100 देशों के ग्राहक यूपी की कला और कौशल का दीदार करेंगे। उनके लिए निर्यात के लिए बड़े अवसर खुलेंगे। उनकी न केवल ग्लोबल ब्रांडिंग होगी बल्कि हजारों करोड़ के आर्डर के रास्ते खुलेंगे।

राकेश सचान, एमएसएमई मंत्री

21 से 25 तक चलेगा कार्यक्रम

नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के स्टार्टअप लोगों व निवेशकों के आकर्षण का केंद्र होंगे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के इनोवेशन हब की ओर से प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट इंजीनियरिंग संस्थानों के अच्छे उत्पादों को यहां प्रदर्शित किया जाएगा। इनको अच्छे निवेशक भी मिल सकते हैं।

आज से लागू होना चाहिए महिला आरक्षण: राहुल गांधी

नई दिल्ली। महिला आरक्षण विधेयक जिसे नारी शक्ति वंदन बिल का नाम दिया गया है, इस पर लोकसभा में आज पूरे दिन चर्चा हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस चर्चा में भाग लिया। उन्होंने महिला आरक्षण बिल का स्वागत और समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल में ओबीसी के आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह बिल आज ही से लागू होना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि बिल को लेकर जनगणना और परिसीमन का इंतजार क्यों करना है? राहुल गांधी ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण बिल अधूरा है। राहुल गांधी ने इसके साथ ही सवाल उठाया कि इस प्रक्रिया में राष्ट्रपति का होना जरूरी था। इसके साथ ही राहुल गांधी ने अडानी मामले को भी उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार इस मुद्दे से ध्यान हटाना चाहती है।

कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को आज तब बड़ी राहत मिली जब 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में स्थानीय अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। हम आपको बता दें कि सिख विरोधी दंगों से जुड़े विभिन्न मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से पूर्व सांसद सज्जन कुमार दिल्ली की जेल में बंद हैं।

आज राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार समेत सभी आरोपियों को जिस मामले में बरी किया है वह सुल्तानपुरी इलाके में 3 लोगों की हत्या से संबंधित था। सज्जन कुमार पर आरोप था कि दंगों के दौरान वह भीड़ को भड़का रहे थे।

क्या दोषियों के पास माफी मांगने का मौलिक अधिकार है: सुप्रीम कोर्ट

बिलकिस बानो मामला

- छूट के लिए अनुच्छेद 226 के तहत याचिकाएं स्वीकार्य

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2002 गुजरात दंगे के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों की समयपूर्व रिहाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने पूछा कि क्या दोषियों को माफी मांगने का मौलिक अधिकार है? न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 11 दोषियों में से एक की ओर से पेश वकील से सवाल किया कि क्या किसी दोषी की ओर से कारावास की सजा में छूट मांगने का अधिकार संविधान में किसी मौलिक अधिकार के तहत आता है? क्या सजा में छूट की मांग करने वाले दोषियों की ओर से संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर की जा सकती है? एक दोषी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील वी चितांबरेश ने तर्क दिया कि केवल अनुच्छेद 226 के तहत दायर याचिकाएं, जिन्हें हाईकोर्ट के समक्ष दायर किया जाता है, छूट की मंजूरी या अस्वीकृति को चुनौती देने के लिए स्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा, यह केवल उन दोषियों के लिए उपलब्ध है जिनके मौलिक अधिकार प्रभावित होते हैं। जस्टिस भुइयां ने फिर पूछा, क्या अनुच्छेद 32 के तहत किसी दोषी तरफ से याचिका दायर की जा सकती है? क्या सजा माफी मांगने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है? इस पर चितांबरेश ने जवाब दिया कि यह नहीं होना चाहिए क्योंकि माफी मांगना मौलिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत याचिका उन याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर नहीं की जा सकती, जिन्होंने छूट दिए जाने को चुनौती दी है क्योंकि उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं हुआ है। एक अन्य दोषी के वकील ने कहा कि सजा में छूट देना और जेल से रिहा होने के बाद उसकी आजादी, अलग-अलग चीजें हैं। वकील ने कहा, एक बार जब कोई रिहा हो जाता है तो उसकी स्वतंत्रता प्रभावित नहीं हो सकती।

तीन आईपीएस का ट्रांसफर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल का सिलसिला जारी है। बुधवार को तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। सुगबुगाहट है कि पुलिस विभाग में कुछ अन्य तबादले भी हो सकते हैं। चर्चा है कि इस बार योगी सरकार जोन और रेंज स्तर पर अधिकारियों का बदलाव करेगी। बताते चलें कि 11 सितंबर को देर रात भी कई फेरबदल किए गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन ने रामपुर व हरदोई के एसपी बदल दिए हैं। डीजीपी मुख्यालय ने दोनों एसपी समेत तीन आइपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। एसपी सीबीसीआइडी केशव चन्द्र गोस्वामी को एसपी हरदोई बनाया है। एसपी रामपुर रहे अशोक कुमार-चतुर्थ को एसपी सीबीसीआइडी बनाया गया है। एसपी हरदोई राजेश द्विवेदी को एसपी रामपुर के पद पर तैनाती दी गई है। पुलिस विभाग में जल्द कुछ अन्य तबादले भी हो सकते हैं।

स्कूल में 9वीं के छात्र को आया हार्टअटैक, मौत

दु:खद

- सीएमएस स्कूल का था छात्र

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बुधवार को कक्षा नौ के छात्र की स्कूल में पढ़ाई करते समय अचानक मौत हो गई। सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) की अलीगंज शाखा में कक्षा नौ सेक्शन आई के छात्र आतिफ सिद्दीकी की करीब साढ़े बारह बजे हुई मौत, जो हार्ट अटैक से मानी जा रही थी चार बजे पोस्टमार्टम के बावजूद देर रात तक रिपोर्ट नहीं आने के बाद रहस्यमयी बन गई। वहीं सीएमएस प्रशासन का कहना है कि हम बच्चें की मौत से सदमे में है अगर कोई जांच होती है तो हम इसमें सहयोग के लिए तैयार है। बच्चे की मौत अचानक कैसे हुई इसको लेकर चिकित्सक भी हैरान हैं। लोहिया संस्थान के वरिष्ठ कार्डियोलोजिस्ट भुवन चंद्र का कहना है कि इतनी कम उम्र में हार्ट फेल नहीं सकता अगर पहले से कोई जन्मजात बीमारी ना हो तो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह का पता चल पाएगा। आतिफ के पिता मो. अनवर सिद्दीकी बिजनेसमैन और मां निगहत गृहिणी हैं। वे खुर्रमनगर में रहते हैं। आतिफ का एक जुड़वा भाई अयान और दो बहनें अरीबा और आरुषा हैं। इसी महीने दो सितंबर को आतिफ ने अपना 14वां जन्मदिन मनाया था।

किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासनः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं।

डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए मौजूद किसानों को पराली ना जलाए जाने का संकल्प दिलाया।डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने कहा कि शासन पराली जलाने की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। कई किसान भाई जानकारी के अभाव में फसल अवशेष जैसे धान की पराली, गन्ने की पत्ती आदि जला दे रहे है, इससे फसल अवशेषों को जलाने से वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ने के साथ अन्य कई प्रकार की हानियां हो रही है। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी पायी जाये तो उसको तत्काल

सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा-मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं।उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया। किसानों की भूमि की उर्वराशक्ति और पराली जलाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। पराली जलाने पर कार्यवाही का प्रावधान भी है। उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवम तकनीकी जानकारी भी किसानों को दी गयी।बैठक में डीडी कृषि अरविन्द मोहन मिश्र,जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके डा0 निरंजन लाल, कृषि वैज्ञानिक डा. पीके बिसेन, पीके शुक्ला, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

जिला जज व डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ला व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीके सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौजूद रहे।जिला जज, डीएम-एसपी ने बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। इस दौरान ज़िला जज ने जेल बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, प्रभारी जेलर हरिवंश पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, अजय कुमार सिंह चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत मौजूद रहे।

श्री अन्न योजना के तहत बैठक का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। ब्लाक सभागार में जिला कृषि अधिकारी की अध्यक्षता में श्री अन्न योजना के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतुल रस्तोगी ने किया। बुधवार को सभागार में ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिला कृषि अधिकारी अरविन्द चैधरी द्वारा मोटे अनाज के उत्पादन और गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी गई। विद्यालय में बनने वाले एमडीएम के मेन्यू में प्रत्येक शुक्रवार को मोटे अनाज से तैयार भोजन बच्चों को परोसे जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक भी है। बैठक को निखिल देव तिवारी, डा एसके विश्वकर्मा, डा सोहेल ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, अनूप पाठक, जगत प्रकाश समेत तमाम प्रमुख लोग मौजूद रहे।

लाभार्थियो से मुंह मांगी कीमत वसूल कर बनाते है आयुषमान कार्ड

मोहम्मदी-खीरी। भारत सरकार की महात्वाकांक्षी योजना आयुषमान भारत पर यहां का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्कुल गम्भीर नहीं दिखाई दे रहा है। जबकि शासन द्वारा अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के कार्ड लाभार्थियो को निशुल्क बनाने के लिये यहां एक कार्यालय बना रखा है परन्तु इस कार्यालय में कभी आप्रेटर नहीं होता तो कभी यह कार्यालय बन्द रहता है या फिर साइट नहीं चल रही है जब साइट चलेगी तो कार्ड बनेगा कह कर लाभार्थियो को टरकाया जाता है। जिससे उन गरीब लाभार्थियो को बाहर सेन्टरो पर अपने आयुष्मान कार्ड बनवाने पड़ते है और यह सेन्टर वाले उन गरीब लाभार्थियो से सौ से दो सौ रूपये तक वसूल करते है। जिन लाभार्थी को कार्ड की अत्याधिक आवश्यकता होती है तो यह सेन्टर वाले ऐसे लाभार्थियो से मुंह मांगी कीमत वसूल कर उनका कार्ड बनाते है फिर वह गरीब लाभार्थी अपना या अपने परिजन का इलाज इस कार्ड के माध्यम से करा पाता है। यह सब देखकर ऐसा लगता है कि जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बने इस सेन्टर के आप्रेटर का बाहर सेन्टर वालो से समझौता हो कि हम मना कर देंगे तुम बना देना।

राजा युवराज दत्त सिंह जी व माँ सरस्वती की फ़ोटो पर पुष्पांजलि और दीप-प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पाँच दिवसीय विद्यार्थी अभिप्रेरण कार्ययोजना के तहत युवराज दत्त महाविद्यालय अध्यनरत बी.एस सी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए प्राचार्य प्रो हेमंत पाल के मार्गदर्शन में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राजा युवराज दत्त सिंह जी व माँ सरस्वती की फ़ोटो पर पुष्पांजलि और दीप-प्रज्वलन से हुआ। मुख्य नियंता प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने दीक्षारम्भ कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर अनुशासन संबंधी नियमों की चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में राष्ट्र बनता है,जिसमें अनुशासन और और व्यवस्थित जीवन पद्धति की महवपूर्ण भूमिका है।विद्यार्थी इसके लिए आगे आयें। वनस्पति विज्ञान विभाग के श्री सतेंदर पाल सिंह ने विद्यार्थियों को वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में अवसरों के सम्बंध में विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए उन्होंने हर्बर्ट हैनीमैन बॉस के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि वनस्पति विज्ञान चिकित्सा विज्ञान की बड़ी बेटी है। आगे उन्होंने बताया कि डी एन ए फिंगरप्रिंटिंग, फोरेंसिक साइन्स, फॉरेस्ट साइन्स आदि सभी क्षेत्र मूलभूत वनस्पति विज्ञान के बिना अधूरे हैं।गणित विभाग के अध्यक्ष श्री मोहम्मद आमिर ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि अनेक वैश्विक समस्याओं का हल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साझा प्रयासों से ही संभव होगा। श्री आमिर ने विद्यार्थियों से गणित के अध्ययन से खुलने वाले आकर्षक रोजगार के अवसरों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए डेटा साइन्स, ऑपरेशनल रिसर्च आदि के सम्बंध में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अबेकस यू पी की वेबसाइट पर पंजीकरण अवश्य करें। श्री बृजेश शुक्ला ने ऋग्वेद के नासदीय सूत्र का हवाला देते हुए कहा कि प्राचीन ऋषि और वर्तमान वैज्ञानिक लगभग एक जैसी जिज्ञासाओं से प्रेरित हैं और उनके मौलिक कार्यों से ही समस्त प्रौद्योगिकी का निर्माण और संचालन होता है। रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री मोहम्मद नज़ीफ ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को निरंतर प्रश्न करने, शिक्षकों से संवाद करने के लिये प्रेरित किया और कहा कि सीखने के लिये अनुशासन और जिज्ञासा अनिवार्य है। वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो0 डी0 के0 सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान का ज्ञान विषय को समझने के लिये उपयोगी है,उन्होंने विद्यार्थियों को अमृत काल से कर्तव्य काल की तरफ जाने के लिये प्रेरित किया तथा एंटी रैगिंग नियमों के संदर्भ में जानकारी दी। महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ डी0 एन0 मालपानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपनी जानकारी अद्यतन रखने के लिये तत्पर रहना चाहिये। डॉ0 मालपानी ने, आत्मानुशासन पर जोर देते हुए कहा कि विज्ञान की जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिये आवश्यक श्रम केवल आत्मानुशासन से ही सम्भव है। कार्यक्रम का सफल संचालन दीक्षारम्भ कार्यक्रम के संयोजक और दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने विद्यार्थियों को अमृत काल के पंच प्रण की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री विनयतोष गौतम, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो0 नूतन सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग के श्री विजय प्रताप सिंह, श्री सौरभ वर्मा तथा संस्कृत विभाग के अध्यक्ष श्री श्वेतांक भारद्वाज, शारिरिक शिक्षा विभाग के श्री मनोज कुमार, प्रोक्टोरियल बोर्ड के सदस्य डॉ0 अमित सिंह के साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक , शिक्षणेत्तर कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

नवागंतुक डीएम हर्षिता माथुर ने किया पदभार ग्रहण

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जनपद रायबरेली के नवागंतुक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ट्रेजरी में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर वर्ष 2013 बैच की आईएएस अधिकारी है। मध्य प्रदेश के भोपाल की रहने वाली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर इससे पूर्व प्रयागराज, मेरठ, बस्ती, सिद्धार्थ नगर जनपदों में अपनी सेवाएं दे चुकी है। जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभ परक योजनाओं को अंतिम छोर पर बैठे गरीब, पीड़ित व्यक्ति को शासन की सुविधाओं से लाभान्वित कराना, न्याय दिलाने के साथ ही जनपद में कानून व्यवस्था, शासन की योजनाओ व संकल्पों के अनुरूप आमजन को लाभ दिलाना आदि प्राथमिकताओ में शामिल होगा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमताओ पर जांच कर नियमानुसार कार्यवाही होगी। जनपद के विकास कार्यो को गुणवत्तायुक्त युद्धस्तर व समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। शासकीय कार्यो में शिथिलता, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जायेगी। टीम भावना से कार्य कराये जायेंगे तथा अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखकर उनके विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों व आईजीआरएस की समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर उसका गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जायेगा।

वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप में अवॉर्ड जीतने वाली पहली मेकअप आर्टिस्ट भारतीय बनी गीता खेरा

अवधनामा संवाददाता

नई दिल्ली। दुबई में आयोजित कार्यक्रम में भारत से गीता खेरा ने दो इंटरनेशनल अवॉर्ड और सर्टिफिकेट लेकर भारत का नाम रोशन किया। इंडिया हेयर एंड ब्यूटी अवॉर्ड ने दुबई में किया शो का आगाज, वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप 2023 में अवॉर्ड जीतकर ÷हमारे सपने ट्रस्ट ÷ की राष्ट्रीय अध्यक्षा गीता खेरा (दिल्ली,इंडिया) ने रचा इतिहास, वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप में अवॉर्ड जीतने वाली पहली मेकअप आर्टिस्ट भारतीय बनी, उन्होंने वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप 2023 में ये गौरवमयी अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। गीता खेरा ने ये अवार्ड अपनी मेहनत से अपने नाम किया, सम्पूर्ण इंटरनेशनल शो में उनके मेकअप की बहुत सराहना हुई। साथ ही साथ उनकी संस्था ÷हमारे सपने ट्रस्ट ÷ के द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा के कार्यों के लिए भी उन्हें अतरिक्त अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। गीता कहती है कि एक ही कार्यक्रम में दो अवॉर्ड इकट्ठे मिलने की खुशी ही कुछ अलग होती है, गीता ने बताया कि किस तरह से उनकी संस्था जरूरतमंद लोगों के लिए मदद करती है जिन बच्चो के माता पिता अपने बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं करा पाते उन्हें संस्था हर जरूरी शिक्षा सामग्री प्रदान करती आई है, जैसे की पुस्तकें, नोटबुक और अन्य स्टेशनरी की वस्तुएं आदि, एवं शिक्षा,स्वास्थ्य और स्किल के क्षेत्र में हमारे सपने ट्रस्ट भरपूर कोशिश करती है कि हर जरूरतमंद को वो मदद पहुंचा पाए, गरीब असहाय लड़कियों को मुफ्त ब्यूटीशियन कोर्स सिखाती है ताकि वो अपने पांव पर खड़ी हो सके और जीवन के हर मोड़ पर काबिल बन सके। इस कार्यक्रम में दुनिया के कोने-कोने से आए मेकअप आर्टिस्ट इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। दुबई, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे अन्य देश से भी कलाकारों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, ऐसे अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर आर्टिस्ट को एक नई पहचान मिली, जिसमे आईएचबीए ने सभी मेकअप आर्टिस्ट को एक नई पहचान दी ओर दुबई में भारत का परचम लहराया। ब्यूटी इंडस्ट्री का नाम मेकअप आर्टिस्ट ने किया भारत के नाम, गीता खेरा के साथ वहां भारत से बहुत से मेकअप आर्टिस्ट शामिल हुए, जिनमे मनप्रीत कौर, सुषमा वर्मा, पिन्की माथै नेहा, चंदा शर्मा, मनीष, डॉ मो.असलम, हेमा सिंह, फारूक, सुनीता राणा, कंचन बाला, अंजलि आदि थे, जिसमे क्रिएटिव मेकअप आर्टिस्ट इंटरनेशनल सर्टिफिकेट इन दुबई से सभी को सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना शारदानगर पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त दरगाही पुत्र नारायन को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है।

अनफिट वाहनों पर होगी कार्रवाई

सीतापुर। परिवहन विभाग ने जिले में चल रहे एक सैकड़ा से अधिक अनफिट स्कूली वाहनों को नोटिस जारी की है। नोटिस जारी होने के बाद भी स्कूल संचालको द्वारा इन वाहनों को दुरूस्त नही कराया गया। जिसके बाद अब कार्यवाही की रूपरेखा तैयार की गयी है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि परिवहन विभाग के अभिलेखानुसार कुल 617 वाहन विद्यालय वाहन के रूप में पंजीकृत हैं। जिनमें से 109 वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र समाप्त हो चुका है। एआरटीओ ने बताया कि पूर्व में विद्यालयों को नोटिस जारी किया जा चुका है, अब सभी विद्यालयों को दूरसंचार के माध्यम से अन्तिम चेतावनी दे दी गयी है। 30 सितम्बर तक फिटनेस न कराने वाले वाहनों का रजिस्ट्रेशन सस्पेण्ड कर दिया जायेगा। उन्होने बताया कि विद्यालय वाहनों में सभी मानक अनिवार्य रूप से पूरे होने चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है।

चोरी की योजना बनाते हुए 4 गिरफ्तार

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने ईदगाह मुख्य मार्ग पर दबिश दी। यहां पुलिस ने रोहित उर्फ राज पुत्र तिलकराम निवासी पीजीआई महेइया थाना पीजीआई लखनऊ, दीपक यादव पुत्र अनिल यादव निवासी पीजीआई महेइया थाना पीजीआई लखनऊ, जितेन्द्र सिंह पुत्र हनुमान निवासी गंगापुरम कालोनी थाना पीजीआई लखनऊ, अभिमान उर्फडेविड पुत्र शिशुपाल निवासी शीतलखेडा थाना पीजीआई लखनऊ को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 1 कटर, 1 सब्बल आदि बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से रोहित एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह, उपनिरीक्षक सुरेशपाल सिंह, मुरारी चौबे, सुरेन्द्र प्रताप, लक्ष्मीनरायन, पिंकू, आकाश देव आदि शामिल हैं।

04 अक्टूबर तक करे निषाद राज बोट सब्सिडी योजना हेतु आवेदनः-सहायक निदेशक

हरदोई। सहायक निदेशक मत्स्य धर्मराज सिंह ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये निषाद राज बोट सब्सिडी योजना हेतु ऑनलाइन पोर्टल https://fisheries.up.nic.in पर परियोजना प्रस्ताव सहित आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पोर्टल पर सीधे अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से भी किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर 2023 तक आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय मत्स्य विभाग कम्पनी बाग, हरदोई से प्राप्त कर सकते है।

हादसे में छह घायल

सीतापुर। पिसवां - गोपामऊ मार्ग पर ग्राम चौखडिया भट्टा के निकट दो बाईक में टक्कर हो गयी। इस हादसे में हरदोई के लोनार थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैन सहौरा निवासी शिव कुमार, रवि व अजय व दूसरी बाइक पर सवार शिवराजपुर जिगिनिया निवासी लवकुश, सोनपाल तथा शोभित चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। इसमे शिव कुमार की गंम्भीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रायबरेली की 35 महिला पुलिसकर्मी हुईं सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। जनपद में सराहनीय सेवाएँ देने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किए जाने हेतु स्थानीय किरण हाल में महिला पुलिस सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। माधव सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह रहे। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में आज महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही है, जो सराहनीय है, उन्होंने यह भी कहा कि महिला पुलिसकर्मियों की सड़क पर सक्रिय उपस्थित मात्र से आम महिलाओं के अंदर सुरक्षा का भाव उत्पन्न होता है। समारोह में क्षेत्राधिकारी नगर वंदना सिंह, शिवानी वर्मा, शीतल चहल, गुंजन मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, नीलम मिश्रा, निहारिका गिरी सहित जनपद की पैंतीस महिला पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौक़े पर क्षेत्राधिकारी नगर वंदना सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा समाज में अच्छा कार्य किये जाने का माधव सेवा संस्थान द्वारा आकलन कर सम्मान दिये जाने का निर्णय सराहनीय है, इससे महिला पुलिसकर्मियों का निश्चित रूप से उत्साहवर्धन होता है। संस्थान के संरक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मिशन शक्ति और नारी सशक्तीकरण का यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन महिला पुलिसकर्मियों के लिए समर्पित है, जो दिन रात मेहनत कर के समाज में प्रत्येक महिलाओं को भयमुक्त वातावरण प्रदान कर रहीं हैं।

सैंपल संग्रहित किया गया जिन्हे जांच हेतु प्रयोगशाल भेजा

हरदोई। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग हरदोई द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न शिकायतों की क्रम में सतीश कुमार, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्यद्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उधरनपुर स्थित लौंज निर्माण इकाई से एक लौंज का सैंपल सांभा बाजार शाहाबाद स्थित फातिमा कन्फेक्शनरी से एक नमकीन का सैंपल तथा एक चेरी का सैंपल साथ ही हरपालपुर स्थित कल्लू के प्रतिष्ठान से एक मैदे का सैंपल संग्रहित किया गया जिन्हे जांच हेतु प्रयोगशाल भेजा जा रहा है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी इस कार्यवाही के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर खाद्य सुरक्षा अधिकारी खुशीराम उपस्थित रहे।

अधिवक्ता 22 सितंबर तक हड़ताल पर रहेंगे

सीतापुर। बार एसोसिएशन सभागार मे आम सभा की गयी थी। अध्यक्षता बार अध्यक्ष चन्द्रभाल गुप्त व संचालन महासचिव बुद्धि प्रकाश मिश्र ने किया। बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष व महासचिव मे नेतृत्व में जनपद हापुड़ गया। वहां आश्वासन दिया कि बार एसोसिएषन सीतापुर आपके लड़ाई में आपके साथ है। इस मौके पर राम मोहन पाण्डेय, शैलेन्द्र वर्मा 'टल्लन,' हिमांशु विक्रम सिंह, अम्रतांषु मार्य आदि मौजूद रहे। आम सभा में यह निर्णय लिया गया कि बार एसोसिएशन सीतापुर के समस्त अधिवक्तागण 22 सितंबर तक पूर्णतः न्यायिक कार्य से विरत रहकर कलमबन्द हडताल पर रहेगें। पुनः 25 नवंबर को बार एसोसिएशन सीतापुर के सभागार मे आम सभा की जायेगी।

एक ही रात तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में एक ही परिवार के दो सगे भाइयों समेत तीन घरों को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना। घटना मंगलवार के रात की है। पहली घटना सरयू प्रसाद पुत्र राम बक्स के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए एक एंड्रॉयड फोन लगभग 12000 कीमत का चोरी कर चलते बने। सरयू प्रसाद ने बताया कि वह घर के अंदर परिवार के साथ कमरे में लेटे हुए थे दरवाजा खुला हुआ था। और चारपाई के बगल में टेबल पर मोबाइल चार्जिंग पर लगा हुआ था। यह लगभग रात 11:00 बजे तक जाग रहे थे। अज्ञात चोरों ने उनके घर धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

दूसरी घटना राजकुमार की पहली घटना से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित राजकुमार पुत्र भवानी के घर में अज्ञात चोरों ने एक एंड्रॉयड फोन जिसकी कीमत10000 तथा ढाई हजार रुपए नगद पर कर दिया। राजकुमार की पत्नी राजकुमारी अपने बच्चों के साथ घर के अंदर लेटी हुई थी। इनका भी मोबाइल कमरे में चार्जिंग पर लगा हुआ था। तथा ढाई हजार रुपए बगल में स्थित किचन में एक बैग में रखे हुए थे चोरों ने पार कर दिया।

जबकि तीसरी घटना दूसरी घटना के बगल में ही स्थित राजऊ पुत्र चौहान के घर में भी अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर3000 की नगदी जो लोअर में रखे हुए थे और लोअर खूंटी पर टंगा हुआ था तथा एक एंड्राइयड मोबाइल फोन जिसकी कीमत 15000 बताई गई है। चोर चुरा कर चलते बने।

तीनों पीड़ितों ने बताया कि, उन्होंने लिखित रूप से थाने में चोरी की घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु शिकायत की है। मौके पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मोयना किया और लोगों से पूछताछ की। मामले में कोतवाली प्रभारी बालेंन्दू गौतम का कहना है कि, मामला प्रकाश में आया है जांच करा कर विदित कार्रवाई की जाएगी।

मजदूरों की सच्ची हितैषी है सपा

मजदूर सभा के पदाधिकारियों को बांटे मनोनयन पत्र

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी ही एक ऐसा दल है जो मजदूरों के हित की बात करता है। या यूं कहा जाये कि सपा ही मजदूरों की सच्ची हितैषी है। यह बात बुधवार को सपा मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने संगठन की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होने पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी वितरित किए।

सपा मजदूर सभा की मासिक बैठक शादीपुर स्थित सपा कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मजदूर संगठित होकर सपा के हाथों को मजबूत करने का काम करें। सपा शासनकाल में मजदूरों के हित में तमाम योजनाएं संचालित की गई थीं। जिसका लाभ मजदूर वर्ग को मिल रहा था। उन्होने कहा कि जब से केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तब से देश व प्रदेश के मजदूरों की हालत बद से बदतर हो गई है। उन्होने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कोई कोर कसर न छोड़ें। उन्होने कहा कि सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाये। बैठक के अंत में उन्होने पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते हुए जी-जान से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के निर्देश दिये।

गौवंशों के भरण-पोषण की रखें पर्याप्त व्यवस्था: डीएम

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। स्थायी व अस्थायी गौआश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशो के भरण पोषण के अनुश्रवण संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने गौआश्रय स्थलो में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण हरा चारा, दाना, चुनी, चोकर, भूसा के अलावा गौवंशो के भरण पोषण हेतु डीबीटी प्रक्रिया की अद्यतन स्थित को जाना।

डीएम ने कहा कि गौवंशो के भरण पोषण की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड की आवश्यकता है। उसको चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शेड बनवाया जाये जिससे कि ज्यादा से ज्यादा निराश्रित गौवंशो को संरक्षित किया जाये। गौशालाओं में हरे चारे की बुआई हेतु जो जमीन संबद्ध है में हरा चारा की बुआई नहीं हुई है। वहां बुआई कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। जनपद में सात अस्थयी निर्माणाधीन गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए। साथ ही रिपोर्ट से अवगत भी कराएं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिन प्रभारी पशु चिकित्साधिकारियो के क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान की स्थित ठीक नहीं है, से स्पष्टीकरण लेने के साथ ही कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ाने के निर्देश दिए। गौशालाओं में वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार हो गई है। उनका बिक्री कराई जाय और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का भुगतान समय से किया जाये। एलएसडी व अन्य टीकाकरण जो पूरे नहीं हुए है उसको पूरा करा लिया जाये। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को दुधारू गाय दी जाये और निगरानी भी बनाए रखें। जनपद में पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए क्रियाशील आठ मेडिकल वैनों पर परस्पर निगरानी बनाए रखें। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बिंदकी मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी खागा नंद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नवल किशोर सचान, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र पंचायत सदस्यो को अपने क्षेत्र मे कार्य ना मिलने से क्षेत्र का विकास कार्य ठप है जिससे नाराज क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने संगठन के जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह के नेतृत्व मे उसका ब्लाक पर बीडीसी का एक बैठक कर खण्ड विकास अधिकारी को मांग पत्र सौपा। बैठक मे मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने कहा कि ब्लाक के अधिकारी बीडीओ अपने जिम्मेदारी से मुह मोड कर भाग रहे है जिससे जहा क्षेत्र पंचायत का विकास रूका है वही शासन के शासनादेश का उल्लंघन भी है। जिस पर सभी बीडीसी एक होकर प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन मे बीडीओ उसका से वार्ता किये जिस पर बीडीओ ने क्षेत्र पंचायत सदस्य को अश्वासन दिये कि सभी के क्षेत्र मे कार्य होगा बल्कि कुछ सदस्यो का आई डी भी जारी किये। क्षेत्र पंचायत सदस्य एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्य के कार्य मे शिथिलता संगठन कतई बर्दास्त नही करेगा। बीडीसी अपने मांगो को लेकर प्रदेश मे अपने हक की लड़ाई का आगाज कर दिया जो अब नही रूकेगा। प्रदेश सचिव संतोष कुमार ने कहा कि जो क्षेत्र पंचायत सदस्य के हित की बात करेगा वही ब्लाक पर राज करेगा। इस दौरान बैठक मे क्षेत्र पंचायत सदस्य महेन्द्र चौहान, अरविंद, शम्भू, मैसर अली, सुनीता, दीपचन्द, विपिन कुमार, प्रमोद कुमार, संतोष कुमार आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नौकरी लगते ही पत्नी को छोड़ने दी धमकी

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। ज्योति मौर्या व आलोक मौर्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि एक दूसरा मामला सामने आया है। हालांकि, यह उससे थोड़ा उल्टा है। दरअसल, गाजीपुर के कासिमाबाद में खजुहा गांव की एक महिला ने अपने अधिकारी पति पर उसे छोड़ने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि जब उसका पति नौकरी की तैयारी कर रहा था तो उसने एनजीओ व स्कूल में काम करके उसे पैसे देकर पढ़ाया। उसकी मदद की, लेकिन उसके पति ने अब धोखा दे दिया।

पति ने दूसरी शादी करने का मन बनाया है। उसकी एक दो साल की बेटी है । एक पांच माह का बच्चा गर्भ में पल रहा है। डुमरांव उर्फ भटवलिया की शाजिदा उर्फ रिया यादव पत्नी धीरेंद्र कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने बताया कि धीरेंद्र कुमार यादव से 15 नवंबर 2017 को मऊ के बनदेवी मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह हुआ था। वह एनजीओ में काम करके पांच हजार रुपये महीना कमाती थी। प्राइवेट विद्यालय में 2500 रुपये मासिक पर कार्य करती थी। धीरेंद्र की पढ़ाई में कोई बाधा ना आए इसलिए उसने कई बार पैसा भेजा। इसी बीच वर्ष 2019 में धीरेंद्र सिंचाई विभाग में जेई बन गया। वर्ष 2021 में मिर्जापुर सिंचाई खंड-6 में अवर अभियंता के पद पर नियुक्त हुए। यहां वह अपनी सास के साथ किराए के मकान में रहती थी। 17 सितंबर 2021 को उसने एक बेटी को जन्म दिया। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। दूसरा बच्चा भी उसके गर्भ में पांच माह से पल रहा है। धीरेंद्र और उनके परिवार वाले उसे 18 अगस्त को डुमराव उर्फ भटवलिया ले आए। पंचायत के बहाने उसे घर से निकालने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर सभी ने मारपीट की। आरोप लगाया कि अब वह 10 लाख रुपये दहेज मांग रहे हैं। नहीं देने पर दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे हैं। उधर, धीरेंद्र यादव ने बताया कि उस पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। मेरी उससे शादी हुई ही नहीं। वहीं पुलिस और पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

बाढ़ के कहर से बेघर हुए लोग

अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। बाढ़ के कहर को झेलते हुए गंगा व रामगंगा के बीच के वाशिन्दों को दो महीने से अधिक का समय हो गया है। गंगा में आयी विनाशकारी बाढ़ ने लोगों को सड़कों पर खड़ा कर दिया और रामगंगा की बाढ़ ने पीडित ग्रामीणों को बेघर भी कर दिया। ग्राम अलादपुर भटौली के रहने वाले दर्जनों ग्रामीण रामगंगा में आई बाढ़ और उसके कटान से अपने घरों को खो बैठे। पक्के मकान नदी की चपेट में आए और बह गए। जागरूक लोगों ने समय रहते पक्के मकानों को गिरा कर उनकी ईंटें निकाल ली और दूसरी जगह पर आशियाना बनाने के लिए घरों का सामान ट्रैक्टरों पर लादकर चल दिए। अधिकारियों और शासन के लाख प्रयास भी इन ग्रामीणों को बेघर होने से नहीं बचा पाये। गांव में रहने वाले दर्जनों ग्रामीण अब खानाबदोशों की जिंदगी जीने के लिए मजबूर हो चुके हैं। गांव के निवासी एकदम अपने घर तो नहीं बना सकते इसलिए दूसरे गांव में पहुंचकर किराए के मकान में रहने के लिए विवस हो गए है। यह लोग अपने घर गृहस्ती का सामान निकाल कर पड़ोस के गांव करनपुर दत्त में पहुंचे और वहीं रहने लगे। इन लोगों ने बताया कि उनके मकान पक्के बने हुए थे। रामगंगा नदी से काफी दूरी पर थे। लेकिन तेज कटान के दौरान उनके मकान काटन की जद में आ गए और नदी में बह गए। अब उनके पास फिलहाल रहने के लिए कोई भी छत मौजूद नहीं है। इसलिए अपने परिवार को खुले आसमान से बचाकर किराए के मकान में रहकर जीवन यापन करने के लिए विवस है।

भाजपा चरैवेति चरैवेति के सिद्धांत पर निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है: अशोक

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी अशोक चौरसिया जी मौजूद रहे। विशिष्ठ अतिथि के रुप मे पूर्व एमएलसी जयप्रकाश चतुर्वेदी जी, सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्या जी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंम्भ पं दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अशोक चौरसिया जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चरैवेति चरैवेति के सिद्धांत पर निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है, आने वाले समय में संगठन को मजबूत करते हुए शक्ति केन्द्र व बूथ को मजबूत कर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को आसानी से जीत सकते है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सीएचसी, प्री हेल्थ कैंप तक लोगों को लेकर जाना है। 25 सितंबर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के जयन्ती का कार्यक्रम हर बूथ स्तर पर मनाना है। 26 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच सभी बूथों की समिति के साथ बैठक व समीक्षा करना है। जिस तरह से मोदी जी देश के सम्मान को बढाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे है जिसके कारण भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने चन्द्रमा पर चन्द्रयान को सफलतापूर्वक भेजकर जो दुनिया को अपनी शक्ति का एहसास कराया है, जी 20 सम्मेलन में कमेटी द्वारा प्रस्तावित 123 प्रस्तावों को मोदी जी के नेतृत्व में विश्व के सभी नेताओं ने सहजता व सरलता से स्वीकार किया है। यह मोदी जी के सफल विदेश नीति का प्रभाव है।

भारत विकास परिषद के स्वास्थ्य शिविर में 496 रोगियों को नि:शुल्क दवा वितरित की

जालौन अवधनामा संवाददाता। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में मो. ओझा स्थित सघन बस्ती में नि-शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर एवं नि-शुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आयुष आपके द्वारा योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सहकारिता संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश सिंह सेंगर एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ पूजा राजपूत ने दीप प्रज्जवलन कर व भगवान धन्वंतरि, मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित सचिव अखिलेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, गिरीश नंदन द्विवेदी, प्रेम कुमार गुप्ता, अनुराग बिश्नोई, बलराम सोनी आदि ने उपस्थित अतिथियों व चिकित्सालय के सभी स्टाफ का माल्यार्पण किया तथा आये हुए मरीजों को दवा वितरण में सहयोग किया। अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने आयुर्वेद के लाभ तथा उपयोगिता पर चर्चा की। कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष प्रमुख शाखा व आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सहयोग से यह छठवां शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक परमानंद वर्मा, मिट्ठू लाल वर्मा ने बताया कि मोहल्ला ओझा में आयोजित इस शिविर से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का सर्वाधिक लाभ इस क्षेत्र के निवासी पिछड़े, दलित वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग की जनता को हुआ है। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ पूजा राजपूत, प्रशिक्षु चिकित्सक डॉ आयुष द्वारा वातव्याधि, चर्म रोग, ज्वर, ग्रहणी, अतिसार, उदर रोग, कटिशूल, प्रतिश्याय इत्यादि रोगों के 496 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

डीएम ने ली संचारी रोग नियंत्रण की समीक्षा बैठक

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सा अधिकारियों सम्बंधित एसडीएम/ खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में संचारी अभियान बैठक कराने के निर्देश दिए। संचारी अभियान की बैठक में ग्राम प्रधानों की सत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। 27 सितम्बर 2023 तक सभी संबंधित विभागों को माइक्रो प्लान बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्कूलों में बच्चों को संचारी रोग के दौरान क्या करे क्या न करे के संबंध में जागरूक किया जाए। भ्रमण के दौरान डेंगू, मलेरिया, टीवी,कुष्ठ रोग, कुपोषित बच्चों आदि की सूची तैयार की जाए। संक्रमित क्षेत्रों में रेपिड रिस्पॉन्स टीम का भ्रमण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को बेहतर साफ सफाई कराने के साथ साथ संचारी अभियान के मानकों पर पूर्ण कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। आबादी/स्कूलों के आस पास विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए।

धर्मांतरण मामले में पिता व तीन पुत्र गिरफ्तार

गाजीपुर अवधनामा संवाददाता। गहमर कोतवाली क्षेत्र के सायर घाट के पास धर्मांतरण कराने के प्रयास के मामले में पुलिस ने पिता और तीन पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर चारों आरोपियों का चालान कर दिया। सायर गांव निवासी नारायण सिंह ने देवल चौकी पर तहरीर दी । कुछ लोग गांव में लोभ और लालच देकर लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। इधर आरोपी सायर कर्मनाशा घाट से नाव के सहारे बिहार भागने की फिराक में थे। तब तक पुलिस ने इनको दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजेंद्र राम और तीन पुत्रों रिंकू उर्फ रोशन, रवि कुमार, राहुल कुमार निवासी सोनपा थाना राजपुर बक्सर बिहार के रूप में हुई। इस संबंध में थाना निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कुछ लोगों पर लालच देकर और बरगला कर धर्मांतरण कराने का मुकदमा दर्ज कराया था। सायर घाट बिहार प्रांत के सोनपा गांव निवासी पिता सहित तीन पुत्रों की गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, चार धार्मिक किताब सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पूछताछ के बाद चालान कर दिया गया।

गोमांश तस्करी के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। जिले के विशेष न्यायालय गैंगेस्ट कोर्ट एफ्टीसी प्रथम के विद्वान न्यायाधीश ने बुधवार को गो-हत्या कर गौमांश की तस्करी के आरोपी की सुनवाई करते हुये तीन वर्ष आठ माह के कारावास की सजा के साथ ही दस हजार रुपये जुर्माना का फैसला सुनाया। विशेष लोक अभियोजक अमरजीत भारती व आलोक तिवारी ने बताया कि जहानाबाद कस्बा निवासी जेल में बंद राजा उर्फदन्ना को पुलिस ने वर्ष 2020 में गोहत्या कर गोमांश की तस्करी करने के आरोप में अभियोग पंजीकृत करते हुये जेल भेजा था। आरोपी तब से जेल में निरूद्ध है। उन्होने बताया कि गैंगेस्टर कोर्ट प्रथम में आज मामले की अंतिम सुनवाई करते हुए विद्वान न्यायाधीश ने अपने निर्णय में कहा कि आरोपी वर्ष 2016 से लगातार ऐसे कृत्य करता आ रहा है।

दबंगों ने की मारपीट

अमृतपुर फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र के गांव भुवनपुर निवासी श्रवण कुमार पुत्र सर्वेश जो गांव गांव जाकर सब्जी बेचने का काम करता है। सब्जी बेच कर घर आते समय गांव के ही अनमोल पुत्र चन्ने, गुलशन पुत्र नन्हे, नन्हे पुत्र सुरेंद्र सिंह जो पहले से घात लगाए बैठे हुए हैं। बिना बात के गाली गलौज करने लगे। गाली का विरोध किया तो उन लोगों ने पीड़ित को लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे पीड़ित के गंभीर चोटे आई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स आदर्श गैस सर्विस होली चौक सिसौली जिला मुजफ्फरनगर का रजिस्ट्रेशन उप निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर के द्वारा दिनांक 11.5.2022 को हुआ था फर्म में रजिस्ट्रेशन के समय सुरेश चन्द पुत्र स्व. श्री श्यामलाल निवासी माँ बिस्तीयान सिसौली जिला गुजफ्फरनगर व श्रीमती सुनीता गर्ग पत्नी श्री शशी कुमार गर्ग निवासी जैन स्ट्रीट शामली जिला शामली साझीदार थे दिनांक 03/8/2023 को फर्म मे से सुरेश चन्द पुत्र स्व.श्री श्यामलाल निवासी मो0 बिस्तियांन सिसौली जिला गुजफ्फरनगर रिटायर्ड हो गये और फर्म में श्रीमती सुनीता गर्ग एक मात्र पार्टनर रह गयी और इस प्रकार दिनांक 3/8/2023 को फर्म डिजोल हो गयी।

श्रीमती सुनीता गर्ग (पार्टनर)

सूचना

मैं जिन्दा हसन पुत्र श्री रसीद अहमद एवम श्रीमति अख्तरी पत्नि जिन्दा निवासीगण मौहल्ला हशमत कालोनी, खाताखेडी, थाना मण्डी जिला सहारनपुर सूचित कर रहे हैं कि हमारे पुत्रगण 1. सद्दाम पुत्र जिन्दा हसन पुत्र वधु श्रीमति हिना पत्नि सद्दाम निवासीगण मौहल्ला कटहल कालोनी, खाताखेडी, थाना मण्डी सहारनपुर 2. इन्तजार पुत्र जिन्दा हसन पुत्र वधु श्रीमति अन्जुम पत्नि इन्तजार निवासीगण मौहल्ला चौधरी विहार, कलसिया रोड, थाना मण्डी जिला सहारनपुर हमारे कहने सुनने में नहीं हैं उनका आचरण निंदनीय हो गया है विवश होकर सभी को हमने दिनांक 3 जून 2023 को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सभी संबंध खत्म कर दिए हैं अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होंगें।

जिन्दा हसन थाना मण्डी जिला सहारनपुर

न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर मूल वाद स. 167 सन् 2020 जितेंद्र कुमार पुत्र स्व0 श्री तिलकराज निवासी मकान नम्बर बी0-139 निकट हरि मन्दिर, आवास विकास,सहारनपुर (वादी).....बनाम ......गुरजीत सिंह पुत्र स्व0 श्री सोहन सिंह निवासी एवन कालोनी नवीन नगर सहारनपुर।..प्रतिवादी हरगाह वादी ने के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29 माह 09 सन् 2023 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इकारो के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है। बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो को जो ताहिद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 07 सन् 2023 ई0 जारी किया गया।

आज्ञा से श्रीमती पुष्प रानी
मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर

दो अक्तूबर तक जिले को कचरामुक्त करने का लें संकल्प: सीडीओ

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार कक्ष में स्वच्छ भारत अभियान के दृष्टिगत कचरा मुक्त भारत अभियान की थीम के साथ स्वच्छता ही सेवा 2023 ÷कचरा मुक्त भारत% पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात 14 विकास खंडों के उत्कृष्ट सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र और सॉल भेंट कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि इस पखवाड़े की औपचारिक शुरुआत आज विकास भवन से की जा रही है जो पूरे 15 दिनों तक पूरे जनपद में चलेगा। हम सभी का लक्ष्य है कि 2 अक्टूबर तक सभी ग्राम पंचायत, नगर निकायों सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी कार्यालयों की साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। अपने आसपास किसी भी परिस्थिति में गंदगी/ कचड़ा इकट्ठा न होने दे। सभी अधिकारी और कर्मचारी स्वच्छता पखवाड़ा में अपने अपने दायित्व का निर्वहन करें, इसकी शुरुआत स्वयं के कार्यालय, घर से करें तथा सभी कर्मचारीगण अपने व्यवहार में परिवर्तन लाए जिससे की स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सके। इसे बोझ न समझते हुए इसे अपना दायित्व समझे। कचड़ा रिसाइक्लिंग की प्रक्रिया अपनाए, कूड़ेदान/डस्टबिन का प्रयोग अधिक से अधिक तथा कूड़ा सेग्रीगेशन कर गिले और सूखे कचड़े को अलग अलग करने की शुरुआत करें। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ भारत शपथ उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई। सभी एडीओ पंचायत, खंड प्रेरक, कंसलटेंट इंजीनियर ब्लॉकवार एक कार्यक्रम श्रमदान का आयोजित करें तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फॉगिंग तथा एंटी लार्वा का छिड़काव करने वाले मशीन सहित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की। जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि यह अभियान 02 अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन आंदोलन के उत्सव के दृष्टिगत स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) के रूप में मनाया जाना है, जो महात्मा गांधी जी को उनकी जयंती के दिन एक श्रद्धांजलि है।

गणेश मूर्तियों की हुई स्थापना

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। गणेश चतुर्थी के मौके पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम के साथ 20 स्थानों पर भगवान श्रीगणेश की मूर्तियों की स्थापना की गई। भक्त ढोल नगाड़े के साथ भगवान की प्रतिमा को लेकर पंडाल पहुंचे और शुभ मुहूर्त में मूर्तियों की स्थापना की गई। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भगवान श्रीगणेश की मूर्ति की स्थापना की जाती है। नगर में 13 स्थानों पर भगवान श्रीगणेश की विभिन्न स्वरूप की मूर्तियां स्थापित की गई। भक्त सुबह से ही भगवान की मूर्ति लेने अपने अपने साधन से मूर्तिकार के यहां पहुंच गए थे। मूर्ति की न्यौछावर देकर पंडाल व घरों के लिए मूर्ति लेकर ढोल नगाड़े के साथ चल दिए। पूजा स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से मूर्ति की पूजा कर मूर्ति की स्थापना की गई। नगर में स्थापित भगवान श्रीगणेश की स्थापना कुछ भक्तों ने सात दिन के लिए तो कुछ भक्तों ने नौ दिन के लिए की है। नगर में गणेशजी मंदिर, दबगरान में विक्रांत यादव, पवन चतुर्वेदी पुरानी हाट, बेनी बाई मार्केट, कोतवाली मार्ग पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर के पास, मोहल्ला चौधरयाना, हरीपुरा, जोशियाना नारोभास्कर, जोशियाना, गणेशजी समेत 13 स्थानों पर मूर्ति स्थापना की गई।

न्यायालय सूचना

न्यायपीठ सहारनपुर व बाहय न्यायालय देवबन्द स्थित सार्वजनिक शौचालयों के रख-रखाव व संचालन तथा साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मियों की व्यवस्था हेतु सेवा प्रदाता एजेंसियों से GeM Portal पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। अतः जो भी सेवा प्रदाता एजेंसियां सेवा प्रदान करने हेतु आज्ञा से इच्छुक हों, वे दिनांक 26.09.2023 तक GeM Portal पर सूचिबद्ध होकर सेवा हेतु न्यूनतम दर की निविदा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से मा. (ललित नारायण झा) अध्यक्ष/ चयन समिति/ अपर जिला जज कक्ष संख्या-01 सहारनपुर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी संख्या 294638523, 294638524, 293673960 जो शाखा डुमरियागंज में है जिसमें मेरा नाम मो. बकरीदी जो की पूर्व में था अब मेरा वास्तविक नाम मो. हुसैन है जो अभिलेखों में भी दर्ज है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। इस नाम व पता से मेरे ग्राम में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। ना ही रह रहा है। इस संबंध में अगर किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 30 दिनों के अंदर आपत्ति करें।

मो. हुसैन पुत्र स्व. जुम्मन ग्राम पोस्ट महादेव घुरहू, जनपद सिद्धार्थनगर।

न्यायालय सूचना

इत्तिलानामा बनाम रेस्पोइन्ट मुशहर इतिला जो समात अपील के मुकर्रर है (आर्डर 41 कायदा 14) न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज /फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम सहारनपुर सिविल अपील सं0- 24 सन 2020 ! दिलशाद साईकिल वाला पुत्र श्री अल्लारखा निवासी ग्राम मैसर परगना हरोड़ा तहसील व जिला सहारनपुर मो0- 7060639821 अपीलाण्ट (बनाम) 1. मेहरबान 2. इमरान 3. फुरकान पुत्रगण स्व0 हनीफ 1/1 नसरीन विधवा फुरकान 1/2 वसीम पुत्र फुरकान 1/3 आमिर उम्र 16 वर्ष अव्यस्क 1/4 दानिश उम्र 14 वर्ष अव्यस्क दोनो अव्यस्क द्वारा नसरीन विधवा फुरकान माता हकीकी अव्यस्कगण 1/5 शीबा पुत्री (मृतक) फुरकान 1/6 आयशा पुत्री (मृतक) फुरकान 4. रिजवान पुत्र मौ0 हनीफ 5. श्रीमति खुशनुमा पुत्री मौ0 हनीफ 6. शाहीन पुत्री भौ0 हनीफ 7. नफीसा पुत्री मौ0 हनीफ 8. अफसाना पुत्री मृतका मो0 हनीफ सगमस्त निवासीगण माया वाली गली ग्राम छुटमलपुर प0 हरोडा त0 व जिला सहारनपुर। **प्रतिउत्तरदातागण**-मुत्तिला हो कि अपील धनराशि डिग्री मुकदमा मुन्दरजा बाला के ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत में तारीख 26/9/23 वास्ते समाअत अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आपकी तरह अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आयेगा तो उसकी जमानत कोई तजवीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी। दि.19 माह 09 सन 2023 ई0 मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के जारी किया गया।

आज्ञा से अदालत एडीजे/ एफटीसी (1) सहारनपुर

भूत पूर्व सैनिकों की बैठक में उठा अवैध अतिक्रमण का मामला

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक हुई।

जिसमें भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं तथा आश्रितों की समस्याओं को अपरजिलाधिकारी ने सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों द्वारा फसल बीमा,भूमि विवाद, राजस्व, भूमि आवंटन, आवास आवंटन एवं अवैध अतिक्रमण सहित कुल 08 मामलों को बैठक में रखा गया। अपर जिलाधिकारी ने बैठक के अंत मे पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों का देश के लिए योगदान अमूल्य है। उनकी समस्याओं का निराकरण प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए पूर्व सैनिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सैनिक बंधु की बैठक का इंतजार करने की बाध्यता नहीं है और वे कभी भी जिलाधिकारी या मेरे समक्ष अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। निश्चित रूप से उनके नियमानुसार समाधान के लिए प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी कर्नल (रि.) धीरेंद्र राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक व उनके आश्रित उपस्थित रहे।

अत्याचार सहना अत्याचार करने के सामान है- एसपी

पूरा बाजार-अयोध्या। मिशन अपराजिता के अंतर्गत कामता सिंह बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर पूराबाजार में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को उनके अधिकारों, शासन की अनेक योजनाओं संबंधित जानकारी दी गई। छात्राओं को सुरक्षा से अवगत कराते हुए सुरक्षा की अनदेखी न करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में एसपी ग्रामीण अतुल ने छात्राओं से कहा कि महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस हमेशा तत्तपर है,जरूरत है जागरूकता की। अत्याचार सहना भी अत्याचार करने के समान है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन ने अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं। अपराजिता पुलिस की पाठशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर, विशिष्ट अतिथि एसओ महाराजगंज अमरजीत सिंह विद्यालय के प्रबंधक भगवान बॉक्स सिंह ,प्रधानाचार्या स्नेह लता ने सरस्वती के चित्र के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अयोध्या में सामने आई कोख के सौदागरों की काली करतूत

- अयोध्या धर्मनगरी में फलफूल रहा अधर्म का धन्धा
- संगठित गिरोह कर रहा नवजात शिशुओं को बेचने का धंधा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी में नवजात शिशुओं को बेचने वाले एक गिरोह की सक्रियता सामने आई है। सक्रिय गिरोह ने अयोध्या से लेकर बिहार तक अपना जाल फैला रखा है। गिरोह के सदस्यों के द्वारा गरीब मजलूम बेसहारा औरतों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें पहले सहारा दिया जाता है फिर उनके कोख में पलने पलने वाले नवजात शिशुओं को मुहमांगी रकम लेकर बेंच दिया जाता है। इस खबर का खुलासा मंगलवार को एक पत्रकार की स्टिंग में हुआ है। जब राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज अयोध्या में भर्ती एक बिहार की महिला के नवजात शिशु को महिला दलालों ने बेंचने की कोशिश की।

सूत्र बताते है कि शहर में एक कथित समाजसेवी द्वारा नाका क्षेत्र में महिलाओ के शेल्टर सेंटर का संचालन किया जाता है। जिसके द्वारा ऐसी मजबूर महिलाओं को पहले भरोसे में लेकर रोजी रोटी का साधन उपलब्ध कराया जाता है फिर उन्हें गर्भवती होने पर अपनी दलालों के माध्यम से शेल्टर सेंटर की बजाय किराये के मकानों में रखा जाता है। प्रसव के समय उनका गुप्त तरीके से सुरक्षित प्रसव कराकर बिना जच्चा की जानकारी के उसके बच्चे को मुहमांगी रकम लेकर जरूरतमंद निःसंतान लोगो को लाखों में बेंच दिया जाता है। गिरोह के लोग ही उस महिला के फर्जी रिश्तेदार बना दिये जाते है। फिर खरीददार से कहा जाता है कि इस महिला के ऊपर नौ महीनों में हमने कर्ज लेकर 25 या 50 हजार खर्च किया है। जिसको लेकर बच्चे का कुल सौदा लाखो में कर लिया जाता है। रामनगरी में नवजात शिशुओं के हो रहे इस काले कारोबार की खबर मीडिया में आने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने गिरोह में शामिल लोगो की तलाश शुरू कर दिया है। उम्मीद है की जल्द ही इस संगठित गिरोह के कथित समाजसेवी सरगना व महिला सदस्यों को गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि इस खबर के चर्चा में आने पर जब एसएसपी राजकरन नैय्यर से बात की गई तो कहा गया कि खबरों के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित को जाएगी।

मुख्यमंत्री के आदेश को भी नहीं मानते सीएमओ

- जिसे मुख्यमंत्री ने हटाया उसी को मसौधा सीएससी पर दोबारा दे दी नियुक्ति

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोद ली गई सीएससी मसौधा में बवालों में रहने वाले जूनियर डॉक्टर अबसार अली अंसारी को सीएमओ ने दोबारा सीएचसी मसौधा में नियुक्ति देकर एक बार फिर से नया विवाद खड़ा कर दिया है। सीएचसी मसौधा पर रहते हुए डा अबसार अली ने महिला आयोग की सदस्य से विवाद कर लिया था। वहां उन पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। समाजसेवी अधिवक्ता श्वेता राज सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर डा अबसार की शिकायत की थी।इसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डा अबसार अली को सीएचसी पूरा भेज दिया गया था। वहां भी अयोध्या विधायक से विवाद के चलते डा अबसार को सीएचसी सोहावल भेज दिया गया था।ात दिनों डीएम के निर्देश पर प्रतिकूल प्रविष्टि भी मिली है।उनका अधीक्षक पद भी छीन लिया गया । ऐसे दागी चिकित्सक को एक बार फिर मुख्यमंत्री की गोद ली गई सीएचसी मसौधा में तैनाती देकर सीएमओ ने मुख्यमंत्री के निर्देश को तो ठेंगा दिखाया ही है साथ ही फिर से एक नए विवाद को हवा दे दी है।

अवध विवि द्वारा ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण

- प्रकृति ने हमें बहुउपयोगी संसाधन दिए हैः पूर्णिमा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा माधवपुर मसौधा में बांस की उपयोगिता एवं उद्यमिता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला उद्यमी पूर्णिमा साहू ने ग्रामीण महिलाओं को बांस को काटने की विधि, बांस को चिकना करने की विधि तथा उसको जोड़ने की विधि से प्रशिक्षित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बनाए गए सामान का मूल्य कैसे निर्धारित करना, मूल्य का निर्धारण, सामान की मात्रा के टिप्स दिए। कार्यक्रम में पूर्णिमा ने बताया कि रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। अपने आस पास की अलग-अलग की चीजों से भी कुछ ऐसी उपयोगी वस्तु बना सकते हैं। ऐसा होने से रोजगार बढ़ाने के साथ-साथ अपनी आय को भी बढ़ा सकते हैं। प्रकृति ने हमें बहुत से ऐसे संसाधन दिए है जैसे बांस, मिट्टी, फूल जिसे आप इन सबसे बहुत सुंदर से सुंदर एवं बहुउपयोगी चीजों को तैयार कर सकते है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बांस का उपयोग कर हम बहुत सी ऐसी चीज बना सकते हैं जैसे बास की बनी बोतल में पानी ठंडा रहता है। मोबाइल स्टैंड, मोबाइल चार्जिंग स्टैंड, फ्लावर पॉट, टेबल लैंप, लेटर बॉक्स इत्यादि चीजों को निर्माण कर सकते है। बांस आसानी से बहुतायत मात्रा में मिल सकता है और इसको बनाने की लागत काफी कम होती है। अपना रोजगार चलाने के लिए बहुत से पैसे की जरूरत नहीं होगी। यदि कोई सामान टूट भी जाता है तो आसानी से मरम्मत कर उपयोग में ला सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्णिमा ने कहा कि यदि इस तरह की चीजों को हम उपयोग में लाते हैं तो पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ0 महिमा चैरसिया ने बताया कि बांस की फसल 5 वर्षों में अपनी उपज देने लगती है। इस पर सूखे तथा बरसात का कोई भी असर नहीं पड़ता है। यह एक ऐसा संसाधन है जिसको हम काट के पुनः लगाकर फिर से उसको उत्पन्न कर सकते हैं। यदि इसका उपयोग करके रोजगार परख वस्तु बनाकर महिलाएं अपनी आय बढ़ती हैं तो इससे अच्छा रोजगार का साधन क्या हो सकता है। इससे बनी चीजों का उपयोग करके दुनिया में व्याप्त प्लास्टिक प्रदूषण को भी कम कर सकते हैं। सरकार भी बांस मिशन योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर इस कार्य को प्रोत्साहित कर रही है। तथा इस योजना के अंतर्गत बस की बहुत सी प्रजातियां जैसे बैम्बूसा बाल्कोआ, बैम्बूसा न्यूटन्स, बैम्बूसा, डैन्ड्रोक्लेमस हैमिल्टोनी और डैन्ड्रोक्लेमस जाइजेन्टियस जैसी प्रजातियों के पौधे उगाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 स्नेहा पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा, डॉ0 मनीषा यादव, डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी, सुश्री गायत्री वर्मा, संगम लाल वर्मा एवं गांववासी उपस्थित रहें।

एसपी को पत्र देकर महिला ने की शिकायत

सिंदुरिया (महराजगंज) सिंदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा बाजार निवासी एक महिला मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को पत्रक देकर अपनी जेठानी पर झूठे मुकदमे में फ़साने की धमकी देने का आरोप लगाई है। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा निवासी सकिना पत्नी नूरेज आलम ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्रक में लिखा है कि उनकी जेठानी नाजमा खातून पत्नी शाह आलम से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है तथा दीवानी न्यायालय में फौजदारी का मुकदमा भी चल रहा है। उनके पति रोजी-रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं, जो विगत एक माह से घर पर हैं। विपक्षी महिला उनके पति को बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दे रही है। जिससे उनका परिवार मानसिक रूप से प्रताड़ित है। मुकदमे में फसने के भय से अपने निजी मकान मिठौरा में निवास नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी सूरत में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

संक्षिप्त समाचार

एसपी को पत्र देकर महिला ने की शिकायत

सिंदुरिया(महराजगंज)सिंदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा बाजार निवासी एक महिला मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को पत्रक देकर अपनी जेठानी पर झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देने का आरोप लगाई है। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा निवासी सकिना पत्नी नूरेज आलम ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्रक में लिखा है कि उनकी जेठानी नाजमा खातून पत्नी शाह आलम से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है तथा दीवानी न्यायालय में फौजदारी का मुकदमा भी चल रहा है। उनके पति रोजी-रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं, जो विगत एक माह से घर पर हैं। विपक्षी महिला उनके पति को बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दे रही है। जिससे उनका परिवार मानसिक रूप से प्रताड़ित है। मुकदमे में फसने के भय से अपने निजी मकान मिठौरा में निवास नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी सूरत में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सयुक्त टीम ने मेडिकल दुकानों की जांच की

नौतनवा, (महराजगंज)। सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को औषधि विभाग, राजस्व विभाग और एसएसबी की सयुक्त टीम द्वारा मेडिकल के दुकानों की जांच की गई। जिसमें एक अवैध रुप से संचालित एक मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर शिव नायक ने बताया कि सीमावर्ती इलाके में बिना लाइसेंस के दुकान संचालित होने की सुचना मिल रहा था। साथ ही सूचना मिला रहा था की इन लोगो द्वारा नशीली दवाओं और प्रतिबंधित दवाओं को भी बेचा जा रहा है। जिसके लिए सयुक्त अभियान चला कर कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने बताया कि हरदी डाली तथा सुंडी में एक मेडिकल स्टोर व गोदाम को लाइसेंस न होने के कारण सील कर दिया गया।

नवयुवक ने घर मे फांसी लगाकर की आत्महत्या

बाराबंकी। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार तड़के एक युवक का शव घर के कमरे में पंखे के हुक से बंधे दुपट्टे से लटका मिला। शव देखकर घर में रोना पिटना मच गया। पुलिस पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बबुरिहा मजरे कुर्सी गांव निवासी टिंकू गौतम (30) पुत्र प्यारेलाल ने मंगलवार की दर रात अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की भोर करीब 4 बजे परिजनों ने कमरा खोल कर देखा तो युवक का शव फांसी पर लटक रहा था। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर के शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार युवक शराब का आदी था। जिसके चलते फंसी लगाई है। शव पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

साइबर सेल ने आमजन को किया जागरूक

हैदरगढ़ बाराबंकी। ऑनलाइन ठगी के बढ़ते कारोबार के बीच साइबर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। साइबर सेल की टीम लोगों के पास जाकर उन्हें जागरूक कर रही है। इसी क्रम में साइबर सेल टीम द्वारा ब्लॉक त्रिवेदीगंज में उपस्थित समस्त स्टाफ व आमजनमानस को साइबर अपराध के बारे में जागरूक कर पम्पलेट वितरित किया गया। ऑनलाइन ठगी व मोबाइल पर बढ़ते फ्रॉड से किस तरह से बचा जाए और उनके जालसाजी में फंसने से सतर्क रहा जाए, के बारे में विस्तार से बताया गया।

भाकियू ने गन्ना मंत्री को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मण्डल राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में गन्ना मंत्री उत्तर प्रदेश लक्ष्मी नारायण चौधरी से सर्किट हाउस फैजाबाद में मिलकर पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर गन्ना मूल्य 500 प्रति कुंतल घोषित करने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने, अनपेड़ गन्ना मूल्य का भुगतान ब्याज सहित कराने, 1 नवंबर से चीनी मिल चलाने, यार्डो को पक्का बनाने चीनी मिल में बिश्राम घर बनवाने,घटतौली रोकने की मांग किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ,मध्यान्चल सचिव सूर्य नाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, भागीरथी वर्मा, शंकर पाल पांडे, देवीप्रसाद वर्मा सन्तोष वर्मा आदि लोग रहे।

जमुरिया धनोखर नागेश्वर तालाब की गुहार- हमे हमारा पुराना वजूद लौटा दो साहब

आदिल तन्हा

शहर को सुंदर बनाने के नाम पर हुई जेब गर्म, सरकारी धन की बंदरबांट हकीकत में बेड़ा गर्क

बाराबंकी। आखिर पिक्चर का द एन्ड हो ही गया। जमुरिया का जलस्तर ठहरा।

पुल बहने से बच गए, बिजली आपूर्ति बहाल हो गई और एक हफ्ते की उलझाऊ दौड़भाग खत्म हुई यह रहा प्रशासनिक पहलू। दूसरी तकलीफ देने वाली तस्वीर तो वह है जिससे अफसरों ने कोई वास्ता ही नही रखा और न आमजन के सामने सच ही आने दिया। पीड़ितों को मुआवजे की बात तो दूर की कौड़ी है। किनारे बसे जलमग्न मोहल्लों के वासियों के करोड़ो का नुकसान हुआ, उधर पूर्ण रूप से जलमग्न इलाके में लोग वापस नही पहुंचे हैं। इन पीड़ितों के दर्द का कोई इलाज नही। यह सवाल अनुत्तरित ही है कि जमुरिया में बरसात थमने के बाद तबाही मचाने वाला पानी कहां से आया या जानबूझ कर छोड़ा गया। एक सवाल और कि जमुरिया के सुधार, विस्तार और किनारे अतिक्रमण मुक्त कराने के नाम पर आये बजट का क्या हुआ। यहां यह जोड़ना बहुत जरूरी है कि शहर के धनोखर तालाब के बेमतलब सुंदरीकरण के नाम पर लाखों रुपये खर्च हुए, क़ाफी रकम कागज पर भी खर्च हुई। आज इस तालाब की दुर्दशा कोई भी देख सकता है, सुंदर तो कहीं से नही दिखा अव्वल चारो तरफ से आये पानी ने तालाब को किनारे तक जरूर भर दिया। घूमने की बात तो दूर तालाब के किनारे भी बैठने लायक नही रहे। बेतरतीब विकास और सरकारी धन के दुरुपयोग का अव्वल नमूना है धनोखर तालाब। अब बात नागेश्वर नाथ मंदिर के निकट स्थित तालाब की भी हो जाये, इस तालाब का सुंदरीकरण के नाम पर बेड़ा गर्क कर दिया गया, पुराना अस्तित्व मिटाकर नया स्वरूप तो दिया गया पर जलविहीन इस स्थल को कम से कम तालाब तो कोई नही कहेगा। काम पूरा हुआ दिखता तो है पर तालाब के हाल जैसे बिन सुहाग की विवाहिता। जाहिर है कि यहाँ भी लाखों के वारे न्यारे हो गए। कुछ इस तरह से सरकारी धन का बंदरबांट कर शहर की ऐसी तैसी की जा रही है। जिम्मेदारों की जेब भरी शहर की सुंदरता गई तेल लेने।

हादसा: आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत

बीकापुर-अयोध्या। आकाशीय बिजली गिरने की वजह से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत का मामला सामने आया है। बीकापुर विकासखंड क्षेत्र की कटारी गांव निवासी सालिकराम उम्र 55 पुत्र राम कृपाल मंगलवार देर शाम घर से अपने खेत की सिंचाई करने गये थे तभी गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसके चपेट में आने से घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल विकास यादव मौके पर पहुंचे और लिखा पढ़ी कर तहसील प्रशासन को अपनी रिपोर्ट भेज दिया है। मृतक के दो पुत्र हैं।

मासूम संग तालाब में कूदी विवाहिता की बची जान

बाराबंकी। बड़डूपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता अपने मासूम बच्चे को लेकर तालाब में कूद गई। घटना का पता लगते ही तलाश करवाई गई पर काफी देर बाद विवाहिता को तो निकाल लिया गया जबकि मासूम का शव आज सुबह पानी मे उतराता मिला। महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जाती है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम ककरहिया मजरे खिंझना के रहने वाले मजीद का पुत्र ताहिर मानसिक तौर पर स्वस्थ नही जबकि उसकी पत्नी रकीसुन पर भूत प्रेत का साया बताया जाता है। मंगलवार की रात परिजन घर मे ही थे उसी समय रकीसुन अपने दुधमुंहे बच्चे को लेकर घर से बाहर निकली और सामने ही स्थित तालाब में कूद गई। आस पास मौजूद लोगों ने यह नजारा देख घर मे सूचना दी। जिस पर सभी लोग बचाने दौड़ पड़े। थोड़ी देर की कोशिश के बाद विवाहिता को तो जीवित निकाल लिया गया जबकि मासूम का कोई पता नही लगा। परिजन अपने घर लौट गए। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने मासूम का शव तालाब में उतराता देखा। जिस पर शव बाहर निकलवाया गया। ताहिर के बड़े भाई शमशाद ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी।

किसान और जवान राष्ट्र की मूल पहचानः राजेश

पूरा बाजार -अयोध्या। किसान और जवान मूल पहचान और असली ताकत है किसान और जवान के आपसी समरसता से भारत का हर किसान आत्मनिर्भर के साथ-साथ स्वावलंबी होगा प्रदेश के सबसे बड़े गांव सराय राशि ऋषि सराय से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बैनर तले फौजी चंद्रभूषण के संयोजन में जुड़कर किसने की लड़ाई लड़ते हुए उसे मार्ग के प्रति सजग रहकर किसने की मांगों को मंगवाने के लिए सरकार को मजबूर करना किसी राष्ट्रभक्ति से कम नहीं है क्योंकि ग्राम देवता किसान और सरजमीं पर और देश की सीमा पर देश रक्षा करने वाला राष्ट्र का सपूत फौजी धरती का भगवान है।

असलहे के बल पर बाइक सवार से बाइक व नगदी लूटी, पीछा करने पर मिली बाइक

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। घुंघटेर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक बाइक सवार की कनपटी पर असलहा लगाकर 30 हजार नगद व बाइक लूटकर फरार हो गए। अन्य को साथ लेकर जब पीड़ित ने बदमाशों का पीछा किया तो उसे सड़क किनारे बाइक पड़ी मिल गई। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिस पर रिपोर्ट की गई है।

जानकारी के अनुसार पप्पूराम पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम हन्नैहिया मजरे सैन्दर पोस्ट खिझना थाना घुंघटेर ने बताया कि उसकी दुकान अहमदनगर गड़िया बाजा मे है। यहाँ से वह मंगलवार की रात लगभग 8 बजे घर के लिए निकला। बजगहनी मे मेडिकल स्टोर में दवा खरीदकर वह घर के रास्ते जा ही रहा था कि ग्राम सोहीपुर के पास आरामशीन के सामने बाइक सवार 3 बदमाशों ने उसे रोक लिया। उनमे से एक ने उसका फोन छीन लिया। जबकि दूसरे ने असलहा कान के पास लगाकर जेब से नगद 30 हजार रुपए निकाल लिये। तीसरे बदमाश ने पर्स निकाल कर उसे और बाइक में लात मारते हुए के नीचे गड्ढे मे गिरा दिया। इसके बाद बदमाश दोनों बाइक लेकर फरार हो गए। किसी प्रकार घर पर पहुचते ही उसने पूरी घटना बताई। जिस पर भाई व पिता के साथ बदमाशों का पीछा किया गया। ग्राम खिझना में तालाब के पास गाड़ी पड़ी मिल गई। पीड़ित ने पूरी घटना पुलिस को बताई जिस पर अपाचे सवार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

02 अक्टूबर को गांधी एवं शास्त्री जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी ने कहा कि 02 अक्टूबर को सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज प्रातः 08 बजे फहराया जाये। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के बडे चित्र का अनावरण व माल्यापर्ण किया जाये तथा रामधुन गाने आदि का आयोजन किया जाए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी आज यहां जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ले रही थी। बैठक में प्रभात फेरी, सफाई व्यवस्था, खादी प्रदर्शनी एवं सूत कताई, रक्तदान शिविर, सर्व धर्म सभा, भाषण प्रतियोगिता, मद्य निषेध, वृक्षारोपण, पैदल चाल प्रतियोगिता, सहभोज आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि राजकीय भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, इमारतों तथा बाजार में 01 व 02 अक्टूबर की रात्रि में रोशनी की व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त को नगर में सफाई व्यवस्था एवं रोशनी के लिए निर्देश दिये गये एवं नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारियों को बेहतर साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला पंचायत राज अधिकारी को दी गयी। यातायात व्यवस्था के लिए क्षेत्राधिकारी यातायात को निर्देश दिये गये। 02 अक्टूबर को रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को व्यवस्था करने के लिए कहा गया।

अपराधिक बच्चों की विशेष काउंसलिंग को बाल मित्र थाने का उद्घाटन

सहारनपुर। अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले और गुमशुदा नाबालिगों की विशेष काउंसलिंग कराने को आज थाना मंडी परिसर में बाल मित्र थाने का उद्घाटन किया गया।

आज थाना मंडी परिसर में बाल मित्र थाने का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा..विपिन ताडा द्वारा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.विपिन ताडा ने बताया कि बाल अपराधों पर अंकुश और बच्चों में भयमुक्त वातावरण में काउंसिलिंग की व्यवस्था हेतु इस थाने की स्थापना की गयी है। अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले और गुमशुदा नाबालिगों की बाल मित्र थाना में विशेष काउंसलिंग करायी जायेगी। साथ ही उन्हें बेहतर माहौल देने का प्रयास किया जायेगा। इस थाने पर एक उप निरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल, दो महिला आरक्षी की नियुक्ति की गयी है, जो सादे वस्त्रों में रहेंगे।

पुरानी पेंशन बहाली को सेवानिवृत्त कर्मचारियों का धरना

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। पुरानी पेंशन बहाल किए जाने सहित लम्बित मांगों का निराकरण कराये जाने की मांग को लेकर आज सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएन ने प्रदर्शन कर धरना दिया और मांगों को अतिशीघ्र पूर्ण करने की मांग दोहरायी।

आज हकीकत नगर के रामलीला मैदान पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल किए जाने सहित अन्य मांगों को तत्काल पूर्ण कराये जाने को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुभाष चंद त्यागी एवं जिला मंत्री सतीश कुमार गर्ग ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली न होने के कारण सेवानिवृत्त व वर्तमान कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। पेंशन ही एक मात्र सरकारी कर्मचारी का जीवन यापन करने का एक मात्र साधन थी। जिसे सरकार द्वारा समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें। ब्रजपाल सैनी ने मैडिकल से सम्बन्धित दीनदयाल उपाध्याय केशलैश योजना को चालू करने, अस्पतालों को पर्याप्त बजट भेजने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान सुगमता से करने के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। अब्दुल कय्यूम खान ने सभा को सम्बोधित करते हुए पुराली पेंशन बहाल करने, एन.पी.एस. से सम्बन्धित सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड जारी करने हेतु अपने विचार रखे। आर.पी.एस. काम्बोज ने पेंशन से टी.डी.एस. न काटने के सम्बन्ध में तथा विगत 18 महीनों के रोके गये मंहगाई राहत के एरियर भुगतान के आदेश के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। धरना स्थल पर इस वर्ष नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गयी। कार्यक्रम में विजयकुमार शर्मा, भंवर सिंह राणा, सलेखचन्द, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सोमबीर सिंह पुण्डीर, सुशील कुमार शर्मा, अजीत सिंह, सुखबीर सिंह, वीर सिंह, चौ.सत्यपाल सिंह, सुरेश चन्द शर्मा, आर.के. अग्रवाल, अशोक कुमार वर्मा, धीरज सिंह, सोल्हू सिंह, कान सिंह, पूरण सिंह सैनी एवं सुरेन्द्र कुमार त्यागी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता सुभाष चन्द त्यागी ने संचालन सतीश कुमार गर्ग ने किया।

क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों की समस्याओं का निस्तारण करें अधिकारीः सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपकृषि निदेशक द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है।

सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

सीडीओ ने जिला कृषि अधिकारी से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया। सीडीओ ने किसानों की शिकायतों पर राशन की दुकानों का निरीक्षण करने हेतु जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया। एआरएम रोडवेज को जनपद में बसों के संचालन का रूट चार्ट उपलब्ध कराने के साथ बसों के संचालन को और बेहतर करने का निर्देश दिया। किसानों द्वारा धान क्रय केन्द्र को न्याय पंचायत स्तर पर बनाये जाने की मांग की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर छुट्टा गोवंश को गौशाला में पहुँचाये। किसानों के लोन के प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थियों की समस्याओ का निराकरण कराने का निर्देश दिया। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानो को खाद की समस्या न होने पाये तथा खाद की दुकान का औचक निरीक्षण करते रहे। कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाये। सभी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों की समस्याओं का निस्तारण करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसानो की अन्य समस्याओ को सुना गया तथा उसके निस्तारण हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उपकृषि निदेशक अरविंद विश्वकर्मा द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 जीवनलाल, अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड आरके नेहरा, अधि0 अभि0 विद्युत तथा किसान यूनियन के पदाधिकारी, किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

हत्या के प्रयास के तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में, थाना मोहाना पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 158/2023 धारा 147, 148, 323, 307, 504, 506, 325 भादवि व 3(1)द,ध,3(2)(5), 3(2)(5ए) एससी/एसटी एक्ट से सम्बंधित 3 अभियुक्तगण मणिकान्त शुक्ला पुत्र गोविन्द, अखिलेश गौड़ उर्फ भिखारी पुत्र कमलेश व उमाशंकर शुक्ला उर्फ करिया पुत्र रामलखन साकिन बरदहवा थाना मोहाना को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में जीवन त्रिपाठी, थानाध्यक्ष, उनि0 तारकेश्वर पाण्डेय, हेका0 दिनेशचन्द यादव, रिकेश यादव थाना मोहाना शामिल रहे।

प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी ने दादा को चाकू मारकर हत्या कर दी

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। प्रेमिका से मिलने घर पहुंचे प्रेमी ने दादा के विरोध पर चाकू से घोंपकर हत्या कर दी। शोर सुनकर जागे प्रेमिका के मां-बाप व

ग्रामीणों ने पकड़कर प्रेमी को पीटा

बहन पर भी चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर मरणासन्न कर दिया।

चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीण व पट्टीदारों ने प्रेमी को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घायलों में दो हालत गंभीर है, जिन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। हंसवर के झझवा गांव के जहीर हुसैन के घर में मंगलवार की रात ढाई बजे नौरारवा का आसिफ अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इसी बीच प्रेमिका बाबा जहीर हुसैन जग गए और वह इसका विरोध करने लगे। तो प्रेमी ने बाबा के ऊपर ताबड़तोड़ चाकू से हमला बोल दिया। रात में घर में आवाज सुनकर प्रेमिका की मां तहजीब फातिमा, पिता हेलाल अहमद व प्रेमिका आयशा ने उसे पकड़ने का प्रयास करते हुए शोर मचाया, जिस पर प्रेमी ने तीनों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सभी सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए और घर में घुसे प्रेमी आसिफ को पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। हंसवर पुलिस घटनास्थल पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी भर्ती कराया, जहां पर जहीर हुसैन को मृत घोषित कर दिया। तहजीब फातिमा, आयशा, हेलाल अहमद व आसिफ को गंभीर जिला अस्पताल में रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में आरोपित प्रेमी आसिफ की भी मौत हो गई। दोहरे हत्याकांड को लेकर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किया है। वारदात में प्रयुक्त चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटनास्थल का पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र डा. प्रवीण कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

ग्रा. स. संघ ब्लाक अध्यक्ष द्वारा कार्यकारणी का गठन

लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई संघ चुनाव के बाद लोटन ब्लाक इकाई का अध्यक्ष ने कार्यकारणी का गठन किया। अध्यक्ष दिनेश कुमार के अनुसार सम्प्रेक्षक गंगाराम, रामबरन संरक्षक, मनोज कुमार श्रीवास्तव कार्यवाहक अध्यक्ष, अभिषेक कुमार, अरविनन्द कुमार, उमेश कुमार, शैलेस कुमार, रामबहादुर को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया इसी तरह रामललित संगठन मंत्री, गोमती प्रसाद उपमंत्री, ध्रुप नरायन चौरसिया को प्रचार मंत्री बनाया गया। इस दौरान सभी लोगों को जिम्मेदारी देते समय कहा गया की कोई कर्मचारी के सामने समस्या उत्पन्न होने पर एक साथ आकर निदान करना होगा ताकी किसी को किसी तरह की परेशान न किया जा सके और आप लोग भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पद की जिम्मेदारी समझे।

मंडल स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता संपन्न

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। मंडल स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता 2023-24 बस्ती में संपन्न हुआ। इसमें सिद्धार्थनगर की टीम 19 आयु वर्ग बालक, 19 आयु वर्ग बालिका और 14 आयु वर्ग बालक तीनों टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और मंडल विजेता बनी। उपेंद्र कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक सिद्धार्थनगर ने विजेता टीमों के प्रतिभागी को शुभकामना दिया। टीम प्रभारी के रूप में शंभू नाथ गुप्ता, दौलत बाबू गुप्ता, अनिल कुमार, अजय यादव और रत्नेश सिंह। विजय वर्मा प्रधानाचार्य गांधी आदर्श विद्यालय बढ़नी ने प्रदेश स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए उत्सवर्धन किया।

शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के साथ खिलवाड़ स्वीकार नहीं: शैक्षिक महासंघ

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और धारा 18 के निरसन से खफा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, अम्बेडकर नगर इकाई ने आज मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह को दिया। यह जानकारी महासंघ के मण्डलीय संगठनमंत्री सत्यदेव तिवारी व जिला महामंत्री अरुण प्रकाश उपाध्याय ने दी है। ज्ञातव्य है कि नव गठित शिक्षा सेवा आयोग के अस्तित्व में आने के फलस्वरूप माध्यमिक शिक्षा सेवा चयनबोर्ड के निरसित होने से शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा 21 और तदर्थ प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की धारा 18 के निरसित होने से पूरे प्रदेश में प्रबंधकों द्वारा शिक्षकों के उत्पीड़न की घटनाओं में महज एक पखवाड़े में ही तेईस गुना इजाफा हो चुका है। आज जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देने वालों में मण्डलीय संगठन मंत्री सत्यदेव तिवारी, जिला महामंत्री अरुण प्रकाश उपाध्याय, संजय तिवारी, डॉक्टर के पी राय सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

प्रशिक्षक के रूप में महिला प्रशिक्षकों को वरीयता दी जाएगी

बस्ती अवधनामा संवाददाता। जनपद के 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षको हेतु आवेदन आमंत्रित है। उक्त जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल ने दी है। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण हेतु ऐसे खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा, जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता का प्रमाण-पत्र हो तथा चयनित प्रशिक्षक ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी कार्य करने के इच्छुक हो। उन्होने बताया कि प्रशिक्षक के रूप में महिला प्रशिक्षकों को वरीयता दी जायेंगी। महिला प्रशिक्षक द्वारा आवेदन न किये जाने अथवा कम आवेदन किये जाने की स्थिति में पुरुष प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। उन्होने बताया कि एक प्रशिक्षक को 03 विद्यालय आवंटित किये जायेंगे तथा राजकीय कन्या इ0का0 बस्ती में छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा। प्रशिक्षक द्वारा आवंटित विद्यालयों में तीन माह तक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

अटल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन 23 को

बस्ती अवधनामा संवाददाता। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन/लोकार्पण मा. प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा आगामी 23 सितम्बर को वाराणसी से किया जायेंगा। उक्त जानकारी मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने दी है। उन्होने बताया कि मण्डल स्तर पर नवनिर्मित अटल आवासीय विद्यालय ग्राम बसेवाराय, तहसील हर्रैया, बस्ती में उक्तानुसार कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न किया जायेंगा। उन्होने बताया कि वाराणसी मे होने वाले कार्यक्रम का आनलाइन सजीव प्रसारण देखने की व्यवस्था एवं निर्वाध एवं सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की है तथा निर्देश दिया है कि नामित अधिकारी कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न करायें।

पीसीएस-जे में चयनित विद्यालय की पूर्व छात्रा स्नेहिल श्रीवास्तव का हुआ सम्मान

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में पीसीएस-जे में चयनित विद्यालय की पूर्व छात्रा स्नेहिल श्रीवास्तव को विद्यालय परिवार की ओर से बुधवार को प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री त्रिपाठी ने विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा बहन से सभी छात्रों को सीख लेनी चाहिए। जिन्होंने कड़ी मेहनत कर विद्यालय का ही नहीं वरन जिले का मान बढ़ाया है। स्नेहिल श्रीवास्तव ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा यदि कोई विद्यार्थी पूरे मनोयोग से अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु कोशिश करता है तो सफलता अवश्य मिलेगी। कहा कि लगन व कर्म ही सफलता की श्रेष्ठ पूँजी है। गौरतलब है कि स्नेहिल श्रीवास्तव विद्यालय से 2007 में हाई स्कूल व 2009 में इंटर मीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात प्रयागराज से स्नातक, विधि स्नातक व विधि परास्नातक की पढ़ाई करने की पश्चात पीसीएस-जे मे चयनित हुई है। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुभाष सिंह द्वारा विद्यालय की ओर से बहन स्नेहिल श्रीवास्तव के पिता श्री पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की है धूम

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और वीर सैनिकों को समर्पित मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम की धूम मची है। जलालपुर विकास खंड के ज्योतिपुर समैसा ग्राम पंचायत में प्रधान तारा उपाध्याय के नेतृत्व में अमृत कलश तथा झंडा यात्रा निकाली गई। पंचायत भवन से शुरू हुई अमृत कलश यात्रा प्रत्येक घरों से चावल और मिट्टी लेते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया। इसके पहले प्रधान समेत अन्य महिलाओ ने अमृत कलश का पूजा अर्चना किया। यहां भाजपा महिला नेता सुशीला के नेतृत्व में महिलाओ ने अमृत कलश की आरती उतारी और सभी परिवारों ने कलश में मिट्टी और चावल डाला। इस अवसर पर समाजसेवी पवन उपाध्याय, सचिव जयप्रकाश वर्मा ग्राम रोजगार सेवक अनिल कुमार पंचायत सहायक मनीष उपाध्याय कोटेदार रवींद्रनाथ उपाध्याय, संगम, दिनेश निषाद, कविंद कुमार, दिवाकर उपाध्याय, कमलेश उपाध्याय, जयराम, दुलारी प्रजापति रूना देवी, राजधारी, तिलकधारी समेत अन्य मौजूद रहे। इसी कड़ी में कचपुरा गांव में भाजपा नेता राम प्रकाश यादव और हृदय मणि मिश्र के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। राम प्रकाश ने कहा कि वीर शहीदों के सम्मान में जारी झंडा व अमृत कलश यात्रा देश के साथ ही एक दूसरे परिवार को जोड़ने वाली योजना है।

अकबरपुर पालिका क्षेत्र में जल्द मिलेगी लोगों को जाम की समस्या से निजात

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। शहर में हर दिन लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। कोई समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पा रहा है, तो कोई स्कूल। जिम्मेदार भी इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। जाम की बड़ी वजह सड़क की पटरियों पर खड़ी बेतरतीब गाड़ियां व दुकानदारों की ओर से किया गया अतिक्रमण बताया जा रहा है। जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी वीना सिंह कहती हैं कि अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। जाम की समस्या दूर हो, इसके लिए स्थायी हल ढूंढा जा रहा है। नगर पालिका व पुलिस की ओर से संयुक्त अभियान चलाया जाता है। शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। नगर पालिका क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध नहीं किए गए हैं। इस वजह से लोग जहां जी में आया, वाहन खड़ी कर देते हैं। सबसे अधिक जाम सब्जी मंडी शहजादपुर स्थित मार्ग पर लगता है। अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि जल्द ही कस्बे के अंदर से सब्जी मंडी बाभनगवा नवनिर्मित सब्जी मंडी में किया जाएगा जिससे जाम से निजात कुछ हद तक मिल जाएगा।किसी ने स्थायी तो किसी ने अस्थायी दुकान सड़क की पटरियों पर लगा रखी है। अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने बताया अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका व स्थानीय पुलिस की ओर से समय-समय पर अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है। अधिशासी अधिकारी बीना सिंह द्वारा बताया गया अभियान के दौरान लोग अतिक्रमण कर लगी दुकानें तो हटा लेते हैं लेकिन बाद में फिर से वहीं दुकानें खोल लेते हैं।

रोजगार सेवकों का उत्पीड़न बंद नहीं होगा तो संगठन आंदोलन को होगा बाध्यः कुलदीप द्विवेदी

एजाज़ सिद्दीक़ी

ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

इटवा सिद्धार्थनगर। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन इटवा इकाई बैठक स्थानीय ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला संरक्षक राजेश चतुर्वेदी ने किया तथा संचालन इटवा ब्लाक अध्यक्ष राम तीरथ गिरी ने किया।

बैठक को मुख्यातिथि के बतौर सम्बोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप द्विवेदी ने कहा कि एकता संघर्ष समिति द्वारा ट्वीटर अभियान से लेकर 04.10.2023 को जिला पर तिरंगा यात्रा निकला जायेगा और कलेक्ट्रेट में मा0 जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। जिले के सभी ब्लाक अध्यक्ष व समस्त रोजगार सेवक इसकी पूरी तैयारी कर लें और मा0 मुख्यमंत्री जी के सम्मान में यात्रा का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री जी ने लखनऊ में मनरेगा के कर्मचारियों को एचआर पालिसी तथा मनरेगा कर्मचारियों को जाब चार्ट में ग्राम्य विकास में जोडा जाय, रोजगार सेवकों की सेवा समाप्ति में श्रम उपायुक्त की सहमति होगी, आकस्मिक अवकाश, चिकित्सा अवकाश की घोषणा मुख्यमंत्री जी ने किया था। लेकिन अधिकारियों के हीला हवाली से अभी तक शासनादेश जारी नही किया गया है। उसी क्रम में 04.10.2023 को नौगढ ब्लाक से जिलाधिकारी कार्यालय तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संरक्षक राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों का ग्राम प्रधानों द्वारा उत्पीडन अगर बन्द नहीं हुआ तो संगठन आन्दोलन करने हेतु बाध्य होगा। इसी तरह एक मामला नौगढ ब्लाक में चल रहा है। प्रधान द्वारा जो आरोप लगया गया वह पूरी तरह से गलत है। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जिले पर रिपोर्ट प्रेषित है। अध्यक्षों का 03 वर्ष पूर्ण हो चुका है। ऐसे में लोक सभा के पहले सभी ब्लाकों में ब्लाक अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री अमरेश यादव ने कहा कि सभी ब्लाक का चुनाव जल्द कराया जाये और नई कार्यकारणी का गठन भी किया जाए। सदस्यता अयान चलाया जाय जिससे संगठन हमारा सक्रिय हो और लोकसभा का चुनाव देखते हुए नई कार्यकारणी का गठन भी किया जाए। बैठक में अखिलेश मौर्य, राम प्रकाश मिश्रा, आनन्द प्रकाश तिवारी, राजकुमार चौधरी, विजय दूबे, वीरेन्द्र कुमार, रामसुभग, नवल किशोर, सदानन्द यादव, राम तीरथ गिरी, मनोज पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, सतीश, अमरेश यादव आदि उपस्थित रहे।

सीएमओ ने कोटेदारों के साथ की बैठक

बांसी सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंर्तगत जिले में छूटे हुए लाभार्थियों और पात्र गृहस्थी जिसमे 6 या 6 से अधिक सदस्य है। ऐसे पात्र गृहस्थी जिनमे 60 प्लस उम्र के लोग हैं सीनियर सिटीजन का गोल्डन कार्ड बनाया जायेगा। सीएमओ डा. बीके अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर सीएचसी अधीक्षक डा.राजीव रंजन की अध्यक्षता में बसंतपुर सीएचसी सभागार में आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने हेतु कोटेदारों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। सीएमओ डा. बी.के.अग्रवाल ने कोटेदारों के साथ बैठक के दौरान उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम का सहयोग करने की बात कही। सभी अंतोदय कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में कार्ययोजना के अनुसार कोटेदार अधिक से अधिक लोगों का कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होने अन्त्योदय कार्डधारकों का प्राथमिकता पर कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है। कहा कि वर्तमान समय में अन्त्योदय कार्डधारकों को राशन वितरित किया जा रहा है, कोटेदार सुनिश्चित करें कि राशन देने के साथ-साथ उनका कार्ड भी बन जाए।

लेखपाल संघ शाखा सिद्धार्थनगर के चुने हुए पदाधिकारीयों का स्वागत समारोह

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। लेखपाल संघ शाखा सिद्धार्थनगर के चुने हुए पदाधिकारीयों का बांसी तहसील में लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष विनोद गौतम एवं लेखपाल संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया साथ ही लेखपाल संघ राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति हुई लेखपाल सुनील आर्य एवं रामजतन का फूलों का माला पहनकर सम्मान किया गया। जिले से आए हुए संघ के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महामंत्री आनंद गौतम जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर यादव जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेश भारती जिला उपमंत्री प्रभात सैनी जिला संप्रेक्षक बबीता सिंह का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा लेखपालों को किसी भी प्रकार का कोई समस्या होती है तो 24 घंटे उनके लिए तत्पर रहूंगा। और किसी भी लेखपाल के खिलाफ कोई भी समस्या होने पर सभी लेखपालों को एकजुट होकर समस्या का निदान किया जाएगा। स्वागत समारोह में अंकित रंजन पूजा यादव असलम प्रवेश विकास जायसवाल प्रियंका द्विवेदी अनिल यादव संजीव कुमार आदि बांसी तहसील के समस्त लेखपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक भानु प्रताप ने किया।

वकीलों ने निकाली बाइक रैली, किया प्रदर्शन

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। तहसील बांसी में अधिवक्ताओं का धरना शुरू है इसी क्रम में बुधवार को मोटर साइकिल रैली निकाल कर धरना प्रदर्शन किया और अधिवक्ता प्रोटक्शन बिल की मांग करते हुए हापुड़ कांड के दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कारवाही की मांग की है। मूंशिफ न्यायालय से उप जिलाधिकारी के कार्यलय तक मोटरसाइकिल रैली कर तहसील मे धरनारत हुये। धरना रत अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रसासन एवं सरकार के खिलाफ जोर शोर से नारे लगाते हुए सरकार का बिरोध किया। बांसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी एवं बल्केश्वर त्रिपाठी एवं रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश धर द्विवेदी के नेतृत्व में निकल गया मोटरसाइकिल रैली की अगुवाई की गई। इस दौरान प्रकाश लाल श्रीवास्तव, शिवकुमार लाल श्रीवास्तव, रामकृपाल मौर्य, राधे मोहन शर्मा, बरखू प्रसाद, रविंद्र श्रीवास्तव, सत्य नारायण लाल श्रीवास्तव, अशोक कुमार पाण्डेय प्रवीण कुमार सिंह गुलाब सिंह भृगु नारायण मिश्र, अखिलेश श्रीवास्तव अमन श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव गंगा प्रसाद यादव ईमरान ख़ान सिद्धेश्वर लाल श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा शेष दत्त पांडे नितेंद्र उपाध्याय, अमिताभ सिंह गौरव सिंह विनोद कुमार सिंह शंभू नाथ भट्ट अमरनाथ सिंह बदरे आलम आदि वरिष्ठ अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने वर्तमान पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल करने के लिए सौंपा ज्ञापन

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत 68 हजार पांच सौ भर्ती के सहायक अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने वर्तमान पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल करने के लिए बुधवार को बेसिक शिक्षा सचिव को संबोधित ज्ञापन बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय को सौंपा। शिक्षक नवनीत पांडेय, पंकज राय, पवन जायसवाल, हिमांशु सिंह, अजय यादव, प्रदीप पांडेय, अनंत दीप की अगुवाई में दर्जनों शिक्षकों ने ज्ञापन में लिखा है कि इनके बैच का सेवा अवधि पांच वर्ष पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में यह पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल होने की योग्यता रखते हैं। बताया कि पदोन्नति सूची में पहले 31 मार्च 2023 तक पांच वर्ष पूर्ण करने वाले सहायक अध्यापकों को सम्मिलित किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 30 अप्रैल 2023 किया गया था। इससे 12 हजार बैच को फायदा मिला है। अगर इस प्रक्रिया में 30 सितंबर तक के सहायक अध्यापकों को सम्मिलित कर लिया जाता है तो 68 हजार पांच सौ बैच के लगभग छह सौ अध्यापकों की पदोन्नति हो जाएगा। इससे जनपद के कई प्राथमिक विद्यालयों पर प्रधानाध्यापक और जूनियर के सहायक की तैनाती हो जायेगी इससे शिक्षण कार्य सुचारू रूप चलने लगेगा। इससे पूर्व शिक्षकों द्वारा डायट प्राचार्य उपेंद्र कुमार को भी ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अभिजीत सिंह, हिमांशु राय, राहुल सिंह, विजय कुमार, विष्णु त्रिपाठी, सम्राट पाठक, प्रदीप यादव, मनोज यादव, श्यामसुंदर आदि मौजूद रहे।

नई संसद में महिला आरक्षण

संसद का 96 साल पुराना भवन अब अतीत हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं के विदाई संबोधनों के साथ ही पुराने भवन को अलविदा कहकर नए संसद भवन में प्रवेश भी हो चुका है। अब पुराना संसद भवन एक राष्ट्रीय धरोहर, एक लंबा इतिहास, संसदीय संग्रहालय और लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब है, जिससे संविधान निर्माताओं, हमारे पुरखों और 7500 से अधिक सांसदों की असंख्य यादें जुड़ी हैं। पुराना सदन उन घटनाओं, बहसों और निर्णयों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत के लोकतंत्र को एक सुगढ़ आकार और विकास दिया। संसद भवन में वे असंख्य नाद आज भी गूंज रहे हैं, जो अस्पष्ट और अनसुने लग सकते हैं, लेकिन वे अभिव्यक्ति और संवाद की स्वायत्तता के जीवंत प्रमाण हैं। हमने 1997 से 2020 के कोरोना-काल तक लोकसभा की प्रेस दीर्घा में बैठकर संसदीय कार्यवाहियों को साक्षात देखा है, लिहाजा सुना भी है। कई ऐतिहासिक संबोधन भी सुने हैं। देवेगौड़ा और गुजराल सरकारों का एक साल से भी कम समय में पतन देखा है। किसी की निजी और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर सदन और सरकारें काम नहीं कर सकतीं, यह सोच भी सुनी है। अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे कद्दावर और निर्णायक प्रधानमंत्री की सरकार मात्र एक वोट से गिरती भी देखी है। उस दिन लोकतंत्र को बिकते भी देखा है, लेकिन लोकतंत्र तो सनातन और शाश्वत है, लिहाजा लौट आया।

हम लोकसभा में परमाणु करार पर राजनीतिक विभाजन के भी साक्षी रहे हैं और डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को गिरते-गिरते बचते भी देखा है। लोकसभा में एक भाजपा सांसद ने नोटों से भरा बैग खोल कर पूरे सदन को स्तब्ध कर दिया था, लिहाजा 'नोट के बदले वोट' के राजनीतिक भ्रष्टाचार को बेनकाब होते भी देखा है। 'प्रश्न के बदले नकदी घूस' के भ्रष्टाचार पर 11 सांसदों की बर्खास्तगी का ऐतिहासिक निर्णय भी सुना है। हम खाद्य सुरक्षा, सूचना का अधिकार, मनरेगा, अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा से लेकर अनुच्छेद 370, तीन तलाक, जीएसटी, एक पद-एक पेंशन आदि ऐतिहासिक संशोधनों और कानूनों के पारित किए जाने के भी प्रत्यक्ष साक्षी रहे हैं। हम 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकी हमले के भी चश्मदीद रहे हैं और एक बड़े पत्थर के पीछे छिप कर जान बचाई थी। अब चूंकि मोदी कैबिनेट ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के बिल को स्वीकृति दी है, लिहाजा नए संसद भवन के 'विशेष सत्र' में यह बिल पेश और पारित किया जा सकता है, लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि महिला आरक्षण कानून 2029, यानी अगले आम चुनाव, से पहले क्रियान्वित किया जाना संभव नहीं है। संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से बिल पारित होने के बाद यह संवैधानिक बाध्यता और दायित्व भी है कि उसकी राज्यों की 50 फीसदी से अधिक विधानसभाएं भी पुष्टि करें। 10 वर्षीय जनगणना का काम भी 2026 तक जारी रह सकता है।

फिर आरक्षित सीटों के मद्देनजर परिसीमन का काम भी किया जाना है। हम संसद में महिला आरक्षण पर सपा, राजद और जनता दल-यू आदि राजनीतिक दलों का कड़ा विरोध देख चुके हैं। बिल की प्रतिलिपियां तक फाड़ दी गई थीं। जद-यू के शरद यादव तो 'मरने' तक तैयार थे, लेकिन ऐसे बिल का सामाजिक तौर पर विरोध कर रहे थे। बहरहाल आज मुलायम सिंह यादव, शरद यादव सरीखे विरोधी नेता 'दिवंगत' हो चुके हैं। बेशक मौजूदा परिदृश्य में यह सब कुछ संभव न हो, क्योंकि लोकसभा में तो भाजपा का प्रचंड बहुमत है, लेकिन 180 महिला सांसदों का निर्वाचन और आरक्षण किया जाना है, तो एक निश्चित प्रक्रिया अनिवार्य है। उसमें वक्त लगेगा। फिलहाल लोकसभा में 78 और राज्यसभा में 29 महिला सांसद हैं। यह अनुपात क्रमशः 14.4 और 12 फीसदी है, जबकि रवांडा जैसे गरीब, पिछड़े मुल्क में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 61 फीसदी से भी ज्यादा है। संभवतः यह भी प्रावधान किया जा रहा है कि अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए जो संसदीय सीटें आरक्षित हैं, उनकी कुल संख्या में से एक-तिहाई को उन्हीं समूहों की महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है। जब बिल संसद में पेश किया जाएगा, तो तस्वीर बिल्कुल साफ होगी। उसके आधार पर हम विश्लेषण करेंगे कि महिला आरक्षण कितना कारगर रहेगा।

महिला कुली के रूप में आत्मनिर्भर दुर्गा

पूजा यादव

देश में ऐसे कई अवसर आए हैं जब महिलाओं ने अपने हौसले और संघर्ष से आत्मनिर्भरता की अनोखी दास्तान लिख दी है। फिर चाहे वह आदित्य रु की प्रोजेक्ट डायरेक्टर के तौर पर उनकी भूमिका हो या फिर एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर के रूप में उनका काम हो। आज देश का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाओं ने अपनी सशक्त भूमिका अदा न की हो। ऐसी ही एक युवा महिला कुली दुर्गा और उसके संघर्ष की कहानी है, जो किसी भी चुनौतियों से हार नहीं मानने की प्रेरणा देती है। मध्यप्रदेश के बैतूल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की मदद के लिए तत्पर रहने वाली 25 वर्षीय दुर्गा का संघर्ष बाहर से सिर्फ इतना दिखाई देता है कि वह रेल यात्रियों के सामान को ट्रेन में चढ़ाने या उतारने का काम करती हैं। लेकिन इस संघर्ष के पीछे उसका एक और संघर्ष है, जो पुरुष प्रधान समाज को प्रेरणा देने वाला है। उसके संघर्ष को इसलिए भी जानना जरूरी है, क्योंकि आज के परिवेश में युवा पीढ़ी मामूली चुनौतियों के सामने हार मान कर अपने अमूल्य जीवन को समाप्त करने जैसा कदम उठा लेती है। लेकिन दुर्गा ने ऐसी ही चुनौतियों से घबराने की जगह उसका डटकर मुकाबला किया।

करीब 10 वर्ष पूर्व माता-पिता के देहांत के समय दुर्गा की उम्र मात्र 15 वर्ष थी। परिवार के नाम पर उसके साथ विधवा बड़ी बहनें और उनके बच्चे हैं। इसमें से एक बहन की मृत्यु भी हो चुकी है। परिवार की आय के लिए उसने कुली का काम शुरू किया। हालांकि वह स्वयं मोतियाबिंद की शिकार है। उसकी एक आंख का ऑपरेशन हो चुका है और दूसरी आंख का होना बाकी है। इसके बावजूद वह कुली का काम करना नहीं छोड़ती है। सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक बैतूल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर दौड़ती-भागती है। जिससे महीने के 8 से 10 हजार रुपये की आमदनी हो पाती है। इन्हीं चंद रुपयों से वह अपनी जिंदगी की खुशियां खरीदती है। लेकिन अब समय के साथ उसके सामने अपना घर बसाने की चुनौती भी है। जिसमें कुली का काम रुकावट बन रहा है। दुर्गा बताती है कि विवाह योग्य उम्र हो चुकी है। कुछ लड़के पक्ष के लोगों से रिश्तों की बात हुई लेकिन कुली के काम के चलते रिश्ता नहीं हो रहा है। लड़के पक्ष के लोगों का कहना है कि विवाह तभी होगा, जब वह कुली काम छोड़ देगी। जिसके लिए वह तैयार नहीं है क्योंकि उसके इसी काम से बच्चों की परवरिश जुड़ी हुई है।

दुर्गा कहती है कि यदि मैंने काम छोड़ दिया तो मेरे मां बनने से पहले तीन बच्चों का जीवन संकट में पड़ सकता है और मैं ऐसा नहीं होने देना चाहती। वह कहती है कि अपनी बहनों के बच्चों के जीवन को अंधेरे में छोड़कर वह घर नहीं बसा सकती। हालांकि वह यह भी स्वीकार करती है कि कुछ लड़के वाले ऐसे भी मिले, जो कुली का काम जारी रखते हुए उसके साथ विवाह के लिए राजी हुए थे, लेकिन दुर्गा को उनकी नीयत पर शक था। इसलिए उसने उन रिश्तों को ठुकरा दिया। दरअसल दुर्गा के पिता मुन्ना बोरवर स्वयं एक सफल कुली थे और बैतूल स्टेशन पर ही सेवाएं देते थे। उनका बिल्ला नंबर-11 था, जो उनकी मृत्यु के बाद उनकी सबसे छोटी बेटी और बैतूल रेलवे स्टेशन की एकमात्र युवा महिला कुली दुर्गा बोरवर के पास आ गई। दुर्गा ने इस बिल्ला नंबर को पाने में काफी मेहनत की है। 2017 में उसके पिता का निधन हो गया था और कुछ महीने के अंतराल में उसकी मां भी चल बसी थी। माता-पिता दोनों ही मेहनती थे। उसकी दोनों बहनों का विवाह उसके पिता कर चुके थे। लेकिन जल्द ही दोनों बहनें विधवा भी हो गई। दुर्गा की एक बहन रेखा टीबी की मरीज थी, जिसका 2019 में निधन हो गया। उसकी 5 वर्ष की बेटी दुर्गा के पास है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में नारी शक्ति को सराहा जाता है। इस विजन के आधार पर भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह, अपना ध्यान महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर केंद्रित किया। महिला-पुरुष समानता के पक्षधर दशकों से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में सबसे आगे लाने का प्रयास करते आए हैं। उनकी यह यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है और उन्हें इस रास्ते में अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ा है।

जी-20 में महिलाओं को सशक्त बनाने पर सर्वसम्मति

इंदीवर पांडे

वैश्विक राजनीतिक एवं कूटनीतिक परिदृश्य में कुछ क्षण ऐसे भी आते हैं, जो आशा और उन्नति की किरण साबित होते हैं। जी-20 नेताओं का वर्ष 2023 का नई दिल्ली घोषणापत्र भी ऐसी ही एक युगांतकारी घटना है, जो दुनिया भर में महिला-पुरुष समानता तथा लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के नेताओं ने जी-20 महिला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का समर्थन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित एक कार्य समूह के गठन पर सहमति प्रकट की। यह उपलब्धि महिला-पुरुष समानता के महत्व को स्वीकार करने और वैश्विक स्तर पर महिला-पुरुष असमानताओं को दूर करने की तत्काल ध्यान देने योग्य आवश्यकता को गहन रूप से प्रतिध्वनित करती है।

भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में नारी शक्ति को सराहा जाता है। इस विजन के आधार पर भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह, अपना ध्यान महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर केंद्रित किया। महिला-पुरुष समानता के पक्षधर दशकों से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में सबसे आगे लाने का प्रयास करते आए हैं। उनकी यह यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है और उन्हें इस रास्ते में अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ा है। अपने 2023 के घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्रीय विषय के रूप में शामिल करने का जी-20 का सर्वसम्मत निर्णय दुनिया भर के नेताओं, सरकारों, सिविल सोसाइटी और हितधारकों के अथक प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दुनिया भर में महिलाओं के समक्ष आने वाले सबसे प्रासंगिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए जी-20 और अतिथि देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं के अलावा महिला पथप्रदर्शकों, उद्यमियों, नवोन्मेषियों, वैज्ञानिकों, जमीनी स्तर की महिला नेताओं तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को एक मंच पर लाया। मंत्रालय द्वारा निर्धारित चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें शिक्षा, महिला सशक्तिकरण के प्रति आमूल-चूल बदलाव लाने वाला मार्ग, महिला उद्यमिता, इक्विटी और अर्थव्यवस्था के लिए लाभपूर्ण स्थिति, जमीनी स्तर सहित सभी स्तरों पर महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारियां करना तथा जलवायु अनुकूलन कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में महिलाएं और लड़कियां-शामिल हैं। इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए

डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। इन क्षेत्रों पर जी-20 एम्पॉवर पहल और डब्ल्यू-20 सहभागिता समूह द्वारा चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। इन बैठकों के मुख्य निष्कर्षों ने महिला-पुरुष समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धताओं को प्रतिबिंबित किया, जिन्हें महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अध्यक्ष के वक्तव्य में अंगीकार किया गया और अंततः उसे जी-20 नेताओं के घोषणापत्र में पुख्ता स्थान दिया गया।

यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है! अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ सर्वसम्मति कायम करना और बातचीत करना कठिन कार्य रहा। विकासशील देशों की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुद्दे प्रायः विकसित देशों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित नहीं होते। प्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि जी-20 विमर्श में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और उद्यमिता के निष्कर्षों को जमीनी स्तर की महिला सामुदायिक नेताओं को शामिल किए बिना पूरा नहीं किया जा सकता। 'सर्वोत्तम कार्यप्रणाली प्लेबुक' (या बेस्ट प्रैक्टिसेज प्लेबुक) की विरासत में स्थानीय स्तर पर महिला उद्यमियों और नेताओं का समर्थन नामक एक नया फोकस क्षेत्र जोड़कर इसे समर्थन दिया गया।

इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा। डिजिटल जेंडर डिवाइड को पाटने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता ने 2 से 4 अगस्त, 2023 तक आयोजित एमसीडब्ल्यूई के दौरान महिलाओं के डिजिटल कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अभूतपूर्व टेक इक्विटी प्लेटफॉर्म के शुभारंभ में योगदान दिया। इसके अलावा, इसकी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल कौशल मंच की पहुंच का विस्तार करने के वास्ते एमसीडब्ल्यूई में जी-20 देशों के साथ साझेदारियां स्थापित की गई। यह प्लेटफॉर्म 120 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है और जी-20 देशों की लड़कियां और महिलाएं अपने करियर में उन्नति के क्रम में तेजी लाने के लिए डिजिटल स्किलिंग और अपस्किलिंग पाठ्यक्रमों में अब अपना पंजीकरण करा सकती हैं।

एक अन्य ठोस परिणाम मेंटरशिप प्लेटफ़ॉर्म रहा। इसे एक वैश्विक नखलिस्तान माना जा सकता है, जहां जी-20 देशों की महिला परामर्शदाता अपने अनुभवों और विशेषज्ञता को प्रशिक्षुओं के साथ साझा करती हैं, ताकि समस्त महिलाओं के सशक्तिकरण के सामूहिक विजन को साकार किया जा सके। प्रेरक कहानियां वास्तविक जीवन के उदाहरणों के जरिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हुए शक्तिशाली रोल मॉडल का काम करती हैं। पहली बार, भारत की अध्यक्षता में जी-20 एम्पॉवर वेबसाइट 9 देशों की 73 प्रेरक कहानियों के लिए एक ऐसा मंच बन गई, जिसने जी-20 देशों में कामयाबी का परचम लहराने वाली महिलाओं की शानदार यात्राओं को वृत्तचित्रित किया।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने स्वीकार किया कि नीतियों और रणनीतियों को सही मायने में प्रभावपूर्ण बनाने के लिए उनसे जुड़ी चर्चाओं में नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है, जिसके चलते जी-20 विमर्श में जनभागीदारी की भावना को सम्मिश्रित किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पहल और सहभागिता समूहों के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को रेखांकित करने वाले वॉकथॉन से लेकर फ्लैश मॉब तक के आयोजनों के माध्यम से 300,000 से अधिक नागरिकों को सफलतापूर्वक साथ जोड़ा। मंत्रालय ने स्थानीय महिला कारीगरों, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों को अपने उत्पाद और कौशल प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रदर्शनियों का आयोजन किया, जिससे भारत की जी-20 की अध्यक्षता वास्तव में जनता का कार्यक्रम बन गई। जी-20 नेताओं का 2023 का नई दिल्ली घोषणापत्र केवल आशा की किरण भर ही नहीं है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी है। यह देशों को बयानबाजी से आगे बढ़ने और महिला-पुरुष समानता की दिशा में सार्थक कदम उठाने की चुनौती देता है।

क्या सोशल मीडिया प्रयोग के लिए न्यूनतम उम्र होनी चाहिये?

सोशल मीडिया जहां एक तरफ व्यवसायिक रूप से अपनी मजबूत स्थिति विश्वभर में बनाया हुआ है वही कुछ ताकतें ऐसी है जो चाहती है की सभी लोग सोशल प्लेटफार्म पर बिजी रहें जिससे उन्हें लाभ हो सकें। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग बच्चों की मानसिक स्थिति पर अत्यधिक बुरा प्रभाव डालता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों की इसकी लत लग रही है। बच्चों का निजी डेटा लीक हो रहा है। सोशल मीडिया बच्चों में तनाव और अवसाद को तेजी से जन्म दे रही है। आपसी तुलना की भावना तेजी से बढ़ रही है। आपसी सम्बन्धो में भी इसकी वजह से अब दूरी बढ़ रही है। बच्चों में नींद न आने की समस्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है।

कर्नाटका हाईकोर्ट ने सरकार को सुझाव दिया है की सोशल मीडिया यूज़ करने के लिए सही उम्र का निर्धारण आवश्यक है। माननीय कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा की जैसे शराब पीने की कानूनी उम्र निर्धारित की गई है ठीक उसी तरह सोशल मीडिया को यूज़ करने के लिए भी उम्र सीमा निर्धारित की जाये। आज के स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो रहे हैं। माननीय न्यायाल की इस टिप्पणी के पश्चात् सोशल मीडिया को लेकर एक नई चर्चा ने जन्म ले लिया है, हालाँकि विगत कुछ वर्षों में सोशल मीडिया के विरोध में कई बातें भी लगातार कई संगठनों और बुद्धजीवियों द्वारा उठाई जा रही है। कुछ मुद्दों पर सरकार भी सोशल साइट्स से नाराज रही है। अभी तक के सोशल मीडिया के व्यवहार और इतिहास के अनुभव से यह जरुर कहाँ जा सकता है की जो चीजें फ्री है वही हमें गुलाम बनाती है। पर किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले कुछ सोशल मीडिया के बारें में भी जानना आवश्यक है।

डॉ. अजय मिश्रा

दुनियांभर में सोशल मीडिया के तकरीबन 100 छोटे-बड़े प्लेटफार्म मौजूद है जिन्हें यूज़ करने वालों की मौजूदा संख्या 490 करोड़ है जबकि विश्व की कुल आबादी 801 करोड़ के करीब है। वैश्विकस्तर की 60.49 फीसदी आबादी सोशल मीडिया यूज़ करती है। सोशल मीडिया यूज़ करने वालों की संख्या वैश्विक स्तर पर वर्ष 2027 तक 585 करोड़ होना अनुमानित है। तीन में से एक व्यक्ति अभी सोशल मीडिया यूज़ कर रहा है। दुनियां में सबसे अधिक सोशल मीडिया के रूप में प्रयोग फेसबुक का किया जाता है जिसके करीब 303 करोड़ यूजर है। सोशल मीडिया को यूज़ करने में प्रथम स्थान पर चीन (102 करोड़ यूजर), दुसरें स्थान पर भारत (75.50 करोड़) और तीसरे स्थान पर यूनाइटेड स्टैट्स ऑफ़ अमेरिका (30.20 करोड़) है। एक व्यक्ति औसतन 2.35 घंटे सोशल मीडिया प्रतिदिन यूज़ करता है। यदि हम टॉप 5 सोशल मीडिया प्लेटफार्म की बात करें तो फेसबुक, व्हाट्सएप्प, यूटुब, इन्स्टाग्राम और वीचैट है। भारत में औसतन एक व्यक्ति 11 सोशल मीडिया प्लेटफार्म यूज़ करता है। वर्ष 2027 तक भारत में सोशल मीडिया यूज़ करने वालों की अनुमानित संख्या 117.75 करोड़ होगी। वर्तमान में भारत में सोशल मीडिया पहुँच दर 33.4 फीसदी है। दुनियांभर में सोशल मीडिया पर वर्तमान वर्ष में विज्ञापन बाजार 226 बिलियन संभावित है और यह वर्ष 2027 तक 384.90 बिलियन होगा। यदि हम सोशल प्लेटफार्म की बात करें तो फेसबुक, व्हाट्सएप्प, इन्स्टाग्राम और यूटुब के दुनियाभर में सबसे अधिक यूजर भारत के है। सोशल मीडिया को संचालित करने वाली शक्तियां अत्यधिक मजबूत है जो किसी बड़े बदलाव को आसानी से स्वीकार नहीं करती।

सोशल मीडिया जहां एक तरफ व्यवसायिक रूप से अपनी मजबूत स्थिति विश्वभर में बनाया हुआ है वही कुछ ताकतें ऐसी है जो चाहती है की सभी लोग सोशल प्लेटफार्म पर बिजी रहें जिससे उन्हें लाभ हो सकें। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग बच्चों की मानसिक स्थिति पर अत्यधिक बुरा प्रभाव डालता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों की इसकी लत लग रही है। बच्चों का निजी डेटा लीक हो रहा है। सोशल मीडिया बच्चों में तनाव और अवसाद को तेजी से जन्म दे रही है। आपसी तुलना की भावना तेजी से बढ़ रही है। आपसी सम्बन्धो में भी इसकी वजह से अब दूरी बढ़ रही है। बच्चों में नींद न आने की समस्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। बच्चों में मानसिक दबाव भी देखने को मिल रहा है। साइबरबुलिंग हो रही है। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग करने की वजह से सहानुभूति की कमी भी दिख रही है। अब पारिवारिक समय लगभग न के बराबर रह गया है। फोटो या वीडियो की एडिटिंग करके भ्रम फैलाना अब रोजाना देखने को मिल रहा है। उम्र के हिसाब से प्रतिबंधित सामग्री भी अब आसानी से उपलब्ध हो पा रही है जिसका दुष्परिणाम सामने आ रहा है। बच्चों की पढ़ाई पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों में अकेलेपन को भी सोशल मीडिया जन्म दे रहा है।

भारत ही नहीं बल्कि दुनियांभर में कुल सोशल मीडिया यूज़ करने वालों की संख्या में 21 वर्ष से कम उम्र की वास्तविक संख्या कितनी है इसका कोई अधिकारिक डेटा अभी उपलब्ध नहीं है। जबकि भारत में कोरोनाकाल से ही स्टडी के नाम पर मासूम बच्चें सोशल मीडिया साईट पर तेजी से आकर्षित हुए है और अब यह आम बात दिखाई पड़ती है की किसी नाबालिग का सोशल मीडिया अकाउंट हो और जिनका नहीं भी है वह पेरेंट्स के अकाउंट से मौजूद है। कुछ स्टडी के नाम पर तो कुछ जानकारी के नाम पर इससे जुड़े हुए है जबकि यह जमीनी सच्चाई है की सोशल मीडिया आपके लिए तभी सहायक हो सकता है जबकि आप में किसी जानकारी को स्वयं में जज करने की क्षमता हो अन्यथा की स्थिति में अनेकों ऐसे कंटेंट उपलब्ध है जो सीधे तौर पर बच्चों के जीवन पर अमिट नकारात्मक प्रभाव डालतें है। ऐसे में यह आसानी से कहा जा सकता है की सोशल मीडिया साइट्स का उपयोग करने की उम्र सीमा सरकार द्वारा न्यूनतम 21 वर्ष किया जाना वर्तमान परिवेश में अनिवार्य दिखाई पड़ता है। माननीय कर्नाटका हाईकोर्ट की टिप्पणी सीधेतौर पर देश के प्रत्येक आदमी के भविष्य से जुड़ा हुआ है ऐसे में सरकार को अविलम्ब इस पर निर्णय लेकर बच्चों के भविष्य की रक्षा करनी चाहिए। सोशल साइट्स भी विभिन्न तकनीकी चेक्स लगाकर 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का सोशल मीडिया प्रयोग वर्जित कर सकती है। किसी भी देश की तरक्की तभी संभव है जबकि वहां के युवा मजबूत हो ऐसे में युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए नियम बनाने के साथ-साथ अनिवार्य पालन कराया जाना भी एक बड़ा बदलाव ला सकता है।

युद्ध नहीं, शांति है जीवन का सौन्दर्य

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है और अनेक देशों की महत्वाकांक्षाएं ऐसे ही युद्ध को अंजाम देने की हैं, इन युद्ध की तमाम आशंकाओं और संभावनाओं के बीच शांति वार्ता की कोशिशें लगातार निस्तेज होती जा रही है। रूस और यूक्रेन युद्ध की दूसरी बड़ी समस्या है की वास्तव में युद्ध यूक्रेन और रूस के बीच का युद्ध तो है ही नहीं। वास्तविक युद्ध तो पश्चिमी गठबंधन और रूस के बीच चल रहा है, और यह पक्ष तो शांति वार्ता से नदारद ही हैं।

विश्व शांति दिवस अथवा अंतरराष्ट्रीय शांति और अहिंसा दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, शांति, अहिंसा और खुशी का एक आदर्श माना जाता है। यह दिवस मुख्य रूप से पूरी पृथ्वी पर शांति और अहिंसा स्थापित करने के लिए मनाया जाता है। पहला शांति दिवस कई देशों द्वारा राजनीतिक दलों, सैन्य समूहों और लोगों की मदद से 1982 में मनाया गया था। इस साल 41वां अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस 21 सितंबर 2023 को बृहस्पतबार के दिन मनाया जा रहा है, इस वर्ष की थीम शांति के लिए कार्रवाई-वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी महत्वाकांक्षा है। इस कार्रवाई का आह्वान हमें शांति को बढ़ावा देने के लिए हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक कर रहा है। शांति को बढ़ावा देना सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति में योगदान देता है और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने से सभी के लिए शांति की संस्कृति का निर्माण होगा। शांति सभी को प्यारी होती है। अहिंसा एवं शांति जीवन का सौन्दर्य है। इसकी खोज में मनुष्य अपना अधिकांश जीवन न्यौछावर कर देता है। किंतु यह काफी निराशाजनक है कि आज इंसान दिन-प्रतिदिन इस शांति एवं अहिंसा से दूर होता जा रहा है। आज डेढ़ वर्ष से लगातार चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध एवं चारों तरफ फैले बाजारवाद ने शांति एवं अहिंसा को व्यक्ति से और भी दूर कर दिया है। इसलिये संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'आज शांति की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। युद्ध और संघर्ष तबाही, गरीबी और भूख को बढ़ावा दे रहे हैं और लाखों लोगों को अपने घरों से बेघर कर रहे हैं। चारों ओर जलवायु अराजकता है और दुनिया के अधिकांश देश भारी असमानताओं और राजनीतिक ध्रूवीकरण की चपेट में हैं।' यह वर्ष-2023 मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा और नरसंहार की रोकथाम और सजा पर कन्वेंशन की 75वीं वर्षगांठ भी है।

ललित गर्ग

मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, इसी में से अहिंसा एवं शांति का तत्त्व निकला है। अहिंसा है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार अशांति से शांति को नहीं देखा जा सकता। शांति को देखने के लिए आंखों में अहिंसा का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो 'विश्व शांति' का संदेश हर युग और हर दौर

में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है।

विगत अनेक माह से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है और अनेक देशों की महत्वाकांक्षाएं ऐसे ही युद्ध को अंजाम देने की हैं, इन युद्ध की तमाम आशंकाओं और संभावनाओं के बीच शांति वार्ता की कोशिशें लगातार निस्तेज होती जा रही है। रूस और यूक्रेन युद्ध की दूसरी बड़ी समस्या है की वास्तव में युद्ध यूक्रेन और रूस के बीच का युद्ध तो है ही नहीं। वास्तविक युद्ध तो पश्चिमी गठबंधन और रूस के बीच चल रहा है, और यह पक्ष तो शांति वार्ता से नदारद ही हैं। आज जब हम शीत युद्ध के बीच अपने को पाते हैं तो उस शीत युद्ध में रूस के साथ-साथ चीन अब खड़ा है। और इस अंतराल में चीन सेर का सवा सेर नहीं बल्कि सवा सौ सेर बन चुका है। वास्तव में विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही दुनिया को अयुद्ध, शांति एवं अहिंसा के पुनर्निर्माण की ज़रूरत है। और अगर ये पुनर्निर्माण नहीं किया गया तो यूक्रेन में धधकता उबाल सिर्फ़ यूक्रेन को ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों को अपनी चपेट में लेगा। अकेले यूक्रेन में शांति से समस्या का समाधान नहीं होगा। यह आग आगे भी यूं ही सुलगती रहेगी। सम्पूर्ण विश्व में शांति कायम करना आज संयुक्त राष्ट्र का मुख्य लक्ष्य है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष को रोकने और शांति की संस्कृति विकसित करने के लिए ही यूएन का जन्म हुआ है। संघर्ष, आतंक और अशांति के इस दौर में अमन की अहमियत का प्रचार-प्रसार करना बेहद जरूरी और प्रासंगिक हो गया है। इसलिए संयुक्त राष्ट्रसंघ, उसकी तमाम संस्थाएँ, गैर-सरकारी संगठन, सिविल सोसायटी और राष्ट्रीय सरकारें प्रतिवर्ष इस दिवस का आयोजन करती हैं। शांति का संदेश दुनिया के कोने-कोने में पहुँचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने कला, साहित्य, सिनेमा, संगीत और खेल जगत की विश्वविख्यात हस्तियों को शांतिदूत भी नियुक्त कर रखा है।

भारत अहिंसा एवं शांति को सर्वाधिक बल देने वाला देश है, यहां की रत्नगर्भा माटी ने अनेक संतपुरुषों, ऋषि-मनीषियों को जन्म दिया है, जिन्होंने अपने त्याग एवं साधनामय जीवन से दुनिया को अहिंसा एवं शांति का सन्देश दिया। महात्मा गांधी ने अहिंसा एवं शांति पर सर्वाधिक बल दिया। पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने विश्व में शांति और अमन स्थापित करने के लिए पाँच मूल मंत्र दिए थे, इन्हें 'पंचशील के सिद्धांत' भी कहा जाता है। मानव कल्याण तथा विश्व शांति के आदर्शों की स्थापना के लिए विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था वाले देशों में पारस्परिक सहयोग के ये पंचशील के पाँच आधारभूत सिद्धांत हैं-एक दूसरे की प्रादेशिक अखंडता और प्रभुसत्ता का सम्मान करना, एक दूसरे के विरुद्ध आक्रामक कार्यवाही न करना, एक दूसरे के आंतरिक विषयों में हस्तक्षेप न करना, समानता और परस्पर लाभ की नीति का पालन करना एवं शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति में विश्वास रखना। माना जाता है अगर विश्व उपरोक्त पाँच बिंदुओं पर अमल करे तो हर तरफ चैन और अमन, अहिंसा एवं शांति का ही वास होगा। 'विश्व शांति दिवस' के उपलक्ष्य में हर देश में जगह-जगह सफेद रंग के कबूतरों को उड़ाया जाता है, जो कहीं ना कहीं 'पंचशील' के ही सिद्धांतों को दुनिया तक फैलाते हैं। एक शायर का निम्न शेर बहुत ही विचारणीय है-लेकर चलें हम पैगाम भाईचारे का, ताकि व्यर्थ खून न बहे किसी वतन के रखवाले का। आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक कुचेष्टाओं से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। हिंसा एवं अशांति विश्व की एक ज्वलन्त समस्या है। अहिंसा एवं शांति ही इस समस्या का समाधान है। भारतीय संस्कृति के घटक तत्वों में अहिंसा भी एक है। यहां सभी धर्मों के साधु-संन्यासी अहिंसा का उपदेश देते रहे हैं।

पांच महीने में तैयार हुईं 11 लाख से अधिक घरौनियां

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पीएम स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनियों के निर्माण और वितरण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। अब तक 66 लाख से ज्यादा घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। प्रदेश के 90 हजार से अधिक गांवों के लिए घरौनियां तैयार कराई जा रही हैं, जिनमें से 47 हजार से अधिक गांवों की घरौनियों का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसमें भी प्रदेश के ललितपुर का परफॉर्मेंस सबसे अच्छा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसंबर तक हर हाल में घरौनी बनाने के कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य दिया है।

सीएम योगी के द्वारा सीधी मॉनीटरिंग की वजह से प्रदेश में घरौनी बनाने के कार्य में तेजी देखने को मिली है। प्रतिमाह दो लाख घरौनी बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष बीते 45 दिनों में 4,31,794 से अधिक घरौनियां बनाई गई हैं, जो

144 प्रतिशत तेज गति से लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। बता दें कि प्रदेश में ड्रोन सर्वे के आधार पर 90,908 गांवों के लिए घरौनी बनाने का कार्य चल रहा है। अब तक 47,893 गांवों के लिए घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। 24 अप्रैल से 15 सितंबर तक 11,44,936 घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं। वहीं 24 अप्रैल 2020 को योजना की शुरुआत होने से लेकर 15 सितंबर 2023 तक प्रदेश में 66,59,905 घरौनियां बनाने का कार्य पूरा हो चुका है।

स्वामित्व योजना में ललितपुर अव्वल

बता दें कि पीएम स्वामित्व योजना के तहत गांव के उन लोगों को अपने घर की जमीन का मालिकाना हक दिया जाता है, जो किसी भी सरकारी आंकड़े में दर्ज नहीं है। दरअसल, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी ऐसे लोग हैं, जिनके घर की जमीन किसी भी सरकारी आंकड़ों में दर्ज नहीं है जिससे उनकी जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा कब्जा होने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके अलावा, इस जमीन पर लोन भी नहीं मिल पाता। इसी समस्या को देखते हुए 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया था। इससे संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने और बैंक ऋणों को आसान बनाने, संपत्ति विवादों को कम करने सहित व्यापक ग्राम स्तरीय योजना शामिल हैं।

खराब प्रदर्शन वाले जिलों को सीएम की सख्त हिदायत

स्वामित्व योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों में ललितपुर सर्वश्रेष्ठ रहा है। इसके बाद कासगंज, मुरादाबाद, जालौन और संभल टॉप 5 जिलों में शामिल है। इन सभी जिलों में लक्ष्य के सापेक्ष 99 फीसदी से ज्यादा कार्य संपन्न हुआ है। वहीं प्रदेश के सबसे खराब जनपदों में हरदोई बॉटम 5 में सबसे ऊपर है। इसके बाद प्रयागराज, लखनऊ, कुशीनगर और गोंडा जनपद भी सबसे खराब परफॉर्मेंस वाले हैं। मुख्यमंत्री ने इन सभी जिलों के जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

विधानसभा व विधान परिषद सचिवालय में भर्ती की होगी सीबीआई जांच

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद सचिवालय में हाल ही में हुई विभिन्न पदों पर भर्तियों की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। शुरुआती जांच की रिपोर्ट छह हफ्ते में पेश करने को भी कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने सुशील कुमार व दो अन्य की विशेष अपील के साथ विपिन कुमार सिंह की याचिका पर दिया। कोर्ट ने इस धांधली मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में दर्ज करने का भी आदेश दिया है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 से 2023 के बीच उप्र विधानसभा व विधान परिषद सचिवालय में बड़े पैमाने पर स्टाफ की भर्ती हुई थी। इसमें व्यापक धांधली का मुद्दा हाईकोर्ट के एकल पीठ के समक्ष उठाया गया था। इसमें आरोप है कि चयन प्रक्रिया में कई नियमों को दरकिनार कर बाहरी भर्ती एजेंसियों को तरजीह दी गई।

युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने का कार्य करें

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के व्यावासायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को कौशल विकास मिशन कार्यालय लखनऊ में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रोजगार से जोड़ने का कार्य पूरी ईमानदारी से करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि दिये गये लक्ष्यों को निर्धारित समय से पूरा करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने में लापरवाही करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय।

कौशल विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व

में युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि सेवायोजित होने वाले युवाओं की नियमित रूप से ट्रेकिंग की जाय, जिससे यह पता चल सके कि सेवायोजित युवा सम्बन्धित कम्पनी में कार्य कर रहे या नही। उन्होंने निर्देश दिया कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन कर रोजगार के अवसर प्रदान किये जाय। उन्होंने कहा कि दिये गये दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, लापरवाही किसी भी

नियमित रोजगार मेलो का आयोजन कर युवाओं को दिये जाये रोजगार के अवसर

दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दिलाना है इसलिए प्रशिक्षण देने वाली एजेन्सीज को अपने दायित्व को निर्वहन करें।

कौशल विकास मंत्री ने कहा कि टैक्नोलॉजी के विस्तार ने नये-नये क्षेत्रों में रोजगार के अवसर व आवश्यकताओं को जन्म दिया है। इसलिए भविष्य में रोजगार की संभावना के क्षेत्रों को चिन्हित कर उनमें प्रशिक्षण दिलाने की विशेष कार्ययोजना तैयार करे। उन्होंने रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कम्प्यूटरिंग, ग्रीन इनर्जी जैसे क्षेत्रों मे युवाओं को प्रशिक्षण देने पर जोर दिया।

भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा उजागर : आराधना

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उत्तर प्रदेश ने मोदी सरकार द्वारा लाये गये नारी शक्ति बंदन अधिनियम को केन्द्र सरकार का एक और जुमला बताते हुये कहा है कि यदि मोदी सरकार की नीति और नीयति साफ थी तो इस अधिनियम को वर्ष 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में ही लागू होना चाहिए जबकि विधेयक में यह कहा गया है कि कानून अधिसूचित होने तथा परिसीमन के बाद ही आरक्षण लागू किया जायेगा।

अभी तक वर्ष 2021 की जनगणना पूरी नहीं हुई है इसके वर्ष 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है, जनगणना पूरी होने के बाद परिसीमन होगा और तब महिलाओं के लिये एक तिहाई अर्थात 33 फीसदी आबादी सीट आरक्षित होगी, यानी यह आरक्षण विधेयक वर्ष 2029 के लोक सभा चुनाव में लागू हो पायेगा। नेता, कांग्रेस

विधान मण्डल दल ने कहा है कि भारतीय जनतापार्टी का लोक सभा में पूर्ण बहुमत है और राज्य सभा में भी उसका एवं उसके सहयोगियों का बहुमत है फिर क्या कारण है कि कांग्रेस पार्टी के समर्थन के बावजूद भी इस विधेयक को भविष्य के अंधकार में ढकेल दिया गया है? यह देश की 50 फीसदी आबादी के साथ धोखा और छलावा नहीं है तो फिर और क्या है? यह भाजपा के दोहरे चरित्र और उसकी महिला विरोधी संकीर्ण विचारधारा का प्रतीक है, इससे भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की कक्षा-10 की मेधावी छात्रा इशिका सिंह ने अन्तर-विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय विद्यालय द्वारा किया गया, जिसमें लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अपने विचार रखते हुए इशिका ने अपने वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी दृष्टिकोण को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, साथ ही साथ विज्ञान की नवीनतम जानकारियों, सामयिक ज्ञान, रचनात्मक सोच व धाराप्रवाह अभिव्यक्ति क्षमता का शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

यूपी में डेंगू को लेकर अलर्ट

लखनऊ। डेंगू के लगातार बढ़ रहे मामलों के बीच अभी पैनिक होने जैसे हालात नही हैं। प्रदेश के अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं और इसका इलाज निशुल्क है। सभी सीएचसी यानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और पीएचसी यानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी डेंगू से निपटने के इंतजाम हैं।

तेज बुखार या अन्य लक्षण दिखते ही तुरंत जांच कराएं। सभी अस्पतालों को डेंगू की रोकथाम के निर्देश दे दिए गए हैं। यह कहना है कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। उन्होंने एक तरफ अफसरों को डेंगू से निपटने के पर्याप्त इंतजाम रखने के निर्देश दिए तो दूसरी तरफ लोगों से अपील की कि इस बीमारी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के अस्पतालों में प्लेटलेट्स, रक्त और बेड की कोई कमी नहीं है। जरूरत पड़ने पर डेंगू के हर मरीज को भर्ती करने का इंतजाम है। मौसम बदलने की वजह से लोगों को वायरल बुखार

भी आ रहा है। अगर लक्षण दिखाई देते हैं तो डेंगू की जांच जरूर कराएं।

उपमुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे डेंगू का प्रसार रोकने के लिए अपने स्तर पर भी प्रयास करें। कहीं पर भी पानी जमा न होने दें। इसी पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं नगर विकास विभाग लगातार मिलकर कार्य कर रहे हैं। साफ-सफाई के साथ एंटीलार्बल स्प्रे, फॉगिंग, डेंगू बचाव के प्रति जागरुकता अभियान आदि चलाए जा रहे हैं।

ब्रजेश पाठक बोले- अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था, सभी को मिलेगा इलाज

हर बुखार डेंगू नहीं

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उनकी चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ लगातार बैठकों हो रही हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव की वजह से भी बुखार होता है। हर बुखार डेंगू की वजह से नहीं होता है। रक्त में प्लेटलेट की कमी होना डेंगू बुखार की पुष्टि नहीं करता है। वायरल बुखार में भी प्लेटलेट में कमी आती है। बुखार होने पर आसपास के सरकारी अस्पताल में इलाज कराएं। वहां चिकित्सक जांच के बाद यह सुनिश्चित करेंगे कि डेंगू है या नहीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चों एवं वृद्धों का विशेष ध्यान रखें। कूलर, पानी की टंकी, पुराने टायर को साफ रखें।

टेनिस टूर्नामेन्ट में कार्तिकेय ने जीता प्रथम पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के कक्षा-8 के प्रतिभाशाली छात्र कार्तिकेय श्रीवास्तव ने चौथी रॉयल ट्रायन्ट टेनिस टूर्नामेन्ट में प्रथम पुरस्कार जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कार्तिकेय ने यह पुरस्कार अण्डर-14 सिंगल्स कैटेगरी में अर्जित किया है। इसके अलावा, इसी वर्ग की युगल प्रतिस्पर्धा में रनर-अप का खिताब भी अपने नाम किया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस उदीयमान टेनिस खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कार्तिकेय ने अपने दमखम व अभूतपूर्व खेल प्रतिभा की बदौलत सिंगल्स व टीम

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि सी.एम.एस. का यह छात्र आने वाले समय में देश का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर रोशन करने को संकल्पित है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

जनमानस के शैक्षणिक उत्थान के लिए की जा रही नवीनतम गतिविधियां : इग्नू

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जनमानस के शैक्षणिक उत्थान हेतु की जा रही नवीनतम गतिविधियों विषय पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन पी.आई.बी. कार्यालय के कॉन्फरेन्स हॉल में दिन बुधवार, दिनांक 20 सितम्बर 2023 को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज कुमार वर्मा, निदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो, डॉ. एम. एस. यादव उपनिदेशक पी.आई.बी, डॉ. मनोरमा सिंह, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू, क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ रहे।

वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया की इग्नू उच्च शिक्षा में समानता, समावेशिता, गुणवत्ता, पहुंच और सामर्थ्य के अपने

मिशन को पूरा करने के लिए पिछले 38 वर्षों से अपने क्षेत्रीय केन्द्रों की सहायता से कड़ी मेहनत कर रहा है, जो कि एनईपी-2020 का भी जनादेश है। इसी प्रक्रिया में इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इग्नू को आजीविका संवर्धन (संकल्प) के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता पहल के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक सहायक संस्थान के रूप में चुना गया है। विश्वविद्यालय का एक्सटेंशन सेंटर जन शिक्षण संस्थाओं एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्रो में खोला गया है, जिससे स्किल आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर भी मिल सकें। विश्वविद्यालय अग्निपथ योजना के लाभार्थियों के तहत अग्निवीर नामक एक विशेष कौशल आधारित स्नातक कार्यक्रम करेगा। यह कार्यक्रम रक्षा बलों (सेना, नौसेना और वायु सेवा) की सेवा के लिए कौशल और संबंधित ज्ञान को बढ़ाने के लिए स्नातक पाठ्यक्रम होंगे। इग्नू ने भारतीय परंपरा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ज्योतिष, लोकगीत और सांस्कृतिक अध्ययन, वैदिक अध्ययन, संस्कृत, हिंदी और उर्दू के साथ-साथ चित्रकला और चित्रकारी में एम.ए. सहित कई शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किए हैं।

आठ कलशों से भगवान शांतिनाथ एवं महावीर स्वामी का अभिषेक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। दशलक्षण पर्व के दूसरे दिन बुधवार को इंदिरानगर जैन मंदिर मे चल रहे व्याख्यान मे ब्रह्मचारी श्रीपाल ने बताया कि मान कषाय हलाहल जहर के समान है एवं अहंकार करना नरक मे जाने का कारण हो सकता है। उत्तम मार्दव धर्म हमें कोमलता सिखाता है एवं इसको धारण करने वाल व्यक्ति सदेव सुख पाता है।

इससे पूर्व जैन मंदिर मे 1008 भगवान शांतिनाथ एवं महावीर स्वामी का 108 कलशों से अभिषेक किया

अहंकार का त्याग ही उत्तम मार्दव धर्म

गया एवं विश्व शांति की कामना से से शांतिधारा की गई। भगवान का प्रथम अभिषेक सुरेन्द्र जैन द्वारा किया गया। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया दशलक्षण पर्व के अंतर्गत 1008 दीपकों से भगवान की आरती की गई जिसमे महिलाओं एवं बच्चों ने भक्ति नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरविन्द जैन सुदीप जैन शिप्रा जैन अतिशय जैन भरत जैन उपस्थित रहे।

भक्तों ने बप्पा को पहनाया गजरा, पंडाल में गूंजे जयकारे

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। कोलकाता के भजन गायक संजय शर्मा ने जब रंग बिरंगा गजरा तैयार है हे गणेश गजानन तुम्हारा इंतजार है..., सुनाया तो पंडाल में गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। मौका था श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में चल रहे 18वें श्री गणेश महोत्सव का।

कार्यक्रम की शुआत प्रातः 9 बजे ''मनौतियों के राजा'' के पूजन से हुई। उसके बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन में भगवान गणेश की नृत्य आरती से हुई। इस नृत्य आरती में चार लंबे दीपकों से गजानन की आरती संपन्न हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अगले चरण में द्रोपदी चीर हरण नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। उसके बाद पंचमुखी हनुमान जी के अवतार पर एक नृत्य नाटक का

'मनौतियों के राजा' के दर्शन के लिए लम्बी कतारें

मंचन हुआ। जिसमें त्रेता युग में हनुमान जी की कथा को दिखाया गया। आज मुख्य आकर्षण गजरे का कार्यक्रम था। कमेटी के लोगों ने भगवान गणेश को 8 फुट लंबी आकर्षक रंग-बिरंगे खुशबू के फूलों से तैयार माला को गजानन को भेंट किया। यह माला भी कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार की गई थी। कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, घनश्याम दास अग्रवाल, योगेश बंसल, संजय सिंह गांधी, रंजीत सिंह महिलाओं में संध्या बंसल, रुक्मिणी देवी, नीमी बंसल, नीरजा सिंह, अंशु बंसल, अंजू गुप्ता, आंचल गोयल आदि लोगों जब गजरा को पंडाल में लेकर आए तो संजय शर्मा ने एक भजन सुनाया रंग बिरंगा गजरा तैयार है हे गणेश गजानन तुम्हारा इंतजार है..., उसके बाद दूसरा भजन फूल का गजरा

अलीगंज के राजा के पंडाल में खेली गई फूलों की होली

लखनऊ। गणेश पूजा कल्याण समिति की ओर से अलीगंज के राजा के पंडाल में बुधवार को लोगों ने फूलों की होली और डांडिया नृत्य का आनंद लिया। भजन गायक विष्णु तिवारी ने देवा देवा गणपति देवा..., भजन सुनाया तो पंडाल में गजानन के जयकारे गूंज उठे। उसके बाद गजानन महाराज पधारों सुनाने के बाद रामजी की निकली सवारी सुनाया लोग डांडिया नृत्य करने लगे। बाद फूलों की होली खेली गई।

ऐसा लगता जैसे हीरो का हार हो...., सुनाया तो कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ पांडाल में मौजूद हर श्रद्धालु भक्त झूमने लगा और बप्पा के जयकारों से पंडाल गूंज उठा।

प्रदेश भर में पेंशनरों ने जनपद मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन के आवाह्न पूरे प्रदेश में पेंशनरों द्वारा धरना एवं आमसभा का आयोजित किया गया, जिसमें भारी असंतोष देखने को मिला। लखनऊ स्थित राजधानी में यह कार्यक्रम स्व बीएन सिंह की प्रतिमास्थल पर आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्री अंगद सिंह एवं संचालन जिला मंत्री आरसी उपाध्याय द्वारा किया गया है और कार्यक्रम में भारी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

आम सभा को सम्बोधित करते हुए संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा और महामंत्री ओपी त्रिपाठी ने बताया कि सरकार की उदासीनता के कारण दि 01-01-16 से सभी पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षित हो पाने की जानकारी विभाग अथवा कोषागार में उपलब्ध नहीं है, जबकि इसके प्रतिमाह अनुश्रवण के

19 सूत्रीय मांग मुख्यमंत्री को और 4 सूत्रीय मांग प्रधानमंत्री को भेजा

लिए शासनादेश जारी किया जा चुका है। राज्य सरकार ने भारत सरकार का पैटर्न तो लागू कर दिया, परन्तु भारत सरकार के शासनादेश दि0 17-02-20 और 03-03-23 के अनुसार 01-04-05 के पूर्व विज्ञप्ति पदों के सापेक्ष कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दी है। इसके विपरीत राज्य में अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों को पुरानी पेंशन दे भी दी गयी। दूसरी ओर कर्मचारियों के मामले में भरे सदन में वित्तमंत्री जी ने पुरानी पेंशन न दिये जाने की बात कही है। इसी तरह पूर्व से कार्यरत और एनपीएस लागू होने के बाद नियमित हुये कर्मचारियों को न तो कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु कार्ड बनाये जा रहे हैं और न ही चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति की दशा भी अत्यन्त खराब है।

एनकाउंटर कभी भी सरकार की पॉलिसी नहीं रही

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि एनकाउंटर कभी भी सरकार की पॉलिसी नहीं रही। जब भी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो जाते हैं और गिरफ्तारी के दौरान या बाद में पुलिस पर हमला करके भागने की कोशिश करते हैं, तब आवश्यक बल इस्तेमाल करके उन्हें नियंत्रित किया जाता है।

बीते कुछ दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं हुई, जिनमें अपराधियों ने बेटियों, महिलाओं के साथ छेड़खानी की और जब पुलिस ने गिरफ्तारी की तब भागने की और पुलिस का हथियार छीनने की भी कोशिश की। शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में महिलाओं की सुरक्षा है, इनसे किसी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से ही प्रदेश में अपराध व अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

जनवरी में गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगें रामलला

होगा भव्य समारोह, चार हजार संत होंगे शामिल

लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिये विश्व हिंदू परिषद ने अपनी संगठनात्मक शक्ति लगानी शुरू कर दी है। देश भर के संतों का प्रतिनिधित्व समारोह में शामिल होगा। आमंत्रण देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो इसको लेकर विहिप की अखिल भारतीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की तीर्थ क्षेत्र भवन रामकोट में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 16 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य गर्भगृह में श्रीरामलला विराजमान हो जाएंगे। प्राणप्रतिष्ठा समारोह में देश भर के करीब चार हजार संतों को आमंत्रित करने की योजना है।

विहिप उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने देश के विभिन्न प्रांतो से आए धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के इस महाअभियान में संतों का अतुलनीय योगदान रहा जिसे विस्मृत नही किया जा सकता है। उन्होंने

संपर्क प्रमुखों को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि का निर्माण कार्य अपनी गति से चल रहा है, जो समय से पूर्ण हो जाएगा।

प्राणप्रतिष्ठा में अयोध्या धाम आने वाले चार हजार संतों के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भोजन आवास की व्यवस्था जा रही है। बैठक में केंद्रीय संयुक्त मंत्री रासविहारी सहित उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, आसाम, दिल्ली, पंजाब आदि के प्रमुख उपस्थित रहे।

बैठक को अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री महामंडलेश्वर जितेंद्रानंद सरस्वती ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा श्रीराम सामाजिक

घर की चौखट पर जलाएं पांच दीपक

बैठक में चंपत राय ने सभी से आह्वान किया कि प्राणप्रतिष्ठा के दिन दीपोत्सव मनाया जाना चाहिए। इससे प्राणप्रतिष्ठा समारोह अपने व्यापक स्वरुप को प्राप्त करेगा। उन्होंने अपील किया है कि संपूर्ण राष्ट्र का हर घर राममय हो, इसके लिए घर-घर संपर्क होगा। प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर रामभक्त पांच दीपक घर की चौखट पर अवश्य जलाएं और दीपोत्सव मनाएं।

समन्वय के अधिष्ठाता हैं,लोककल्याण के लिये उनकी समस्त यात्रा हुई। एक लंबे संघर्ष के उपरांत भगवान अपने सिंहासन पर आसीन होने जा रहे हैं। देश इस महाउत्सव का साक्षी बनने जा रहा है और रामभक्तों के स्वप्न की सिद्धि भी होने जा रही है। इस उत्सव में हर स्तर पर हम सभी सहयोगी बनें। जो कार्य प्राप्त हों उसे मंत्र माने और उसे क्रियान्वित करें।

महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू करने का प्रावधान हो : माले

लखनऊ। भाकपा (माले) ने कहा है कि महिला आरक्षण बिल में संसद से पास होने के बाद तुरंत लागू होने का प्रावधान किया जाना चाहिए। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि आखिर इसे तत्काल लागू करने से रोक कौन रहा है। सरकार की नियत साफ नहीं है। सरकार ने इसे लागू करने के लिए दो शर्तें लगा दी हैं। पहला, यह आगामी जनगणना के बाद और दूसरा, जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन (डिलिमिटेशन) के बाद लागू होगा। इन दोनों की तिथि अभी तय नहीं है। 2021 वाली जनगणना हुई नहीं। ऐसे में यह बिल पास होने के बाद भी लागू होने की बाट जोहता रहेगा। बिल भले ही आम चुनाव से ठीक पहले लाया गया हो, मगर 2024 के लोकसभा चुनाव में लागू नहीं होगा। माले नेता ने कहा कि जिस आरक्षण के लिए महिला आंदोलन दशकों से संघर्ष कर रहा है और जिसे व्यापक राजनीतिक दायरे का समर्थन प्राप्त है।

किसान अपने खेत की पराली को बिल्कुल भी नहीं जलायेंगे: डीएम

वहाज अली निहाल

विकास भवन के प्रेरणा सभागार में जनपद स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के प्रेरणा सभागार में जनपद स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अनुरोध किया कि अपने खेत की पराली को बिल्कुल भी नहीं जलायेगे। उन्होने कहा कि हम लोग धान की पराली को अपने खेत में डी-कम्पोजर अथवा इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेजिड्यूल मशीनरी से खेत में दवाकर सड़ा दें जिससे मृदा की उर्वरा शक्ति में बढोत्तरी के पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वातावरण में प्रदूषण बढ़ता है जिससे कई प्रकार की गम्भीर बीमारियॉ पैदा होती है इसके उपरान्त टी0एस0गौतम उप कृषि निदेशक(शोध)द्वारा समस्त किसान भाइयों को बताया गया कि पौधों के बढ़वार के लिए 16 पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन, आक्सीजन प्रकृति से प्राप्त होता है ये तत्व पौधों के लगभग 95 प्रतिशत भाग के निर्माण में सहायक हैं। उक्त के अतिरिक्त नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैगनीशियम, सल्फर तथा सूक्ष्म पोषक तत्व के रूप में लोहा, जिंक, आयरन, बोरान, मॉलिब्डेनम, कॉपर, क्लोरीन तत्व पौधों के बढ़वार एवं उत्पादन में सहायक होते है। उक्त से स्पष्ट है कि पौधों के विभिन्न भागों(जड़, तना, फूल, दाना आदि)के बनने/बढ़ने के लिए उक्त पोषक तत्व पौधे जडों द्वारा, पत्तियों द्वारा तनों द्वारा मृदा से अथवा वातावरण से ग्रहण करते हैं। जब किसान भाई खरीफ, रबी जायद की फसलों की कटाई, मढ़ाई करते है तो जड़ तना पत्तियों के रूपों मे पादप अवशेष भूमि के अन्दर एवं भूमि के ऊपर उपलब्ध होते हैं। इनको यदि लगभग 20 किग्रा0यूरिया प्रति एकड़ की दर से मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई/पलेवा के समय मिला देने से पादप अवशेष लगभग बीस से तीस दिन के भीतर जमीन में सड़ जाते हैं जिससे मृदा में कार्बनिक पदार्थों एवं अन्य तत्वों की बढ़ोत्तरी होती है। उन्होंने कहा कि फसलों के उत्पादन पर अनुकूल प्रभाव पड़ता हैं। डा0 वी0बी0जयसवाल, कृशि वैज्ञानिक, के0वी0के0ने पराली के प्रवन्धन के विषय पर विषेश चर्चा और बायो-डिकम्पोजर के प्रयोग की विधि की जानकारी दी। धीरज कुमार उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर इटावा द्वारा बताया गया कि धान के पुआल का कैसे खेत में मिलाये और कैसे खेत में विभिन्न यन्त्रों द्वारा नश्ट किया जाए एवं पराली प्रबन्धन करने वाले सभी यन्त्रों की विषेशता एवं उनका उपयोग एवं लक्ष्य तथा अनुदान के बारे में विस्तार से चर्चा की। कुलदीप सिंह राणा जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खाद, बीज और कृशि रक्षा रसायन मुख्यरुप से जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में है और यूरिया का रेट रु0 266 प्रति 45 किग्रा प्रति बोरी, डी0ए0पी0 रु0 1350, एन0पी0के0 रु0 1495 प्रति बोरी है। आर0एन0सिंह उप कृशि निदेषक द्वारा बताया गया कि एक टन धान के फसल अवषेश जलाने से 3.0 कि0ग्रा0 कणिका तत्व, 60 कि0ग्रा0 कार्बन मोनो ऑक्साइड, 1460 कि0ग्रा0 कार्बन डाई आक्साईड, 199 कि0ग्रा0 राख एवं 2 कि0ग्रा0 सल्फर डाई आक्साइड अवमुक्त होता है। इन गैसों के कारण सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आती है, जिससे आँखों में जलन एवं त्वचा रोग तथा सूक्ष्म कणों के कारण जीर्ण ह्रदय एवं फेफड़े की बीमारी के रुप में मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है। एक टन धान की पराली जलाने से लगभग 5.5 कि0ग्रा0 पोटेषियम आक्साइड, 1.2 कि0ग्रा0 सल्फर, धान के द्वारा षोशित 50-70 प्रतिषत सूक्ष्म पोशक तत्व एवं 400 कि0ग्रा0 कार्बन की क्षति होती है। पोशक तत्वों के नश्ट होने के अतिरिक्त मिट्टी के कुछ गुण जैसे भूमि तापमान, पी0एच0 नमी उपलब्ध फास्फोरस एवं जैविक पदार्थ भी अत्यधिक प्रभावित होते है। साथ ही मृदा में उपलब्ध लाभदायक जीवाणु नश्ट हो जाते है तथा जीवांष कार्बन की भारी क्षति हो जाती है जिससे भूमि अनुपजाऊ हो जाती है। पराली से कम्पोस्ट खाद बनाने हेतु राजकीय बीज भण्डार पर निःशुल्क वेस्ट डिकम्पोजर प्राप्त कर सकते है या अपनी पराली को निकटतम गौशाला में भी भेज सकते है जिसकी ढुलाई का खर्च मनरेगा या वित्त आयोग से वहन होगा। व्यक्तिगत तौर पर दो ट्राली पराली गौशाला ले जाने पर एक ट्राली खाद गौशाला से प्राप्त कर सकते है। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक आर.एन.सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

निबन्ध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 और स्वच्छता ही सेवा पखवाडा में निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शीतल प्रसाद शोरावाल बालिका इण्टर कालेज इटावा में आयोजित की गई। केन्द्र एवं राज्य सरकार के निर्देशन मे नगर पालिका परिषद एवं स्वच्छ भारत मिशन, इंडियन स्वच्छता लीग और स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अन्तर्गत वृहद रूप से अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद, इटावा की चेयरमैन ज्योति सन्टू गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी के सयुक्त निर्देशन मे स्वच्छ भारत मिशन के ब्राण्ड एम्बेसडर/प्रमुख समाज सेवी डा0हरीशंकर पटेल, डीपीएम सुनील कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नथ्थी लाल कुशवाहा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रोजेक्ट एनालिस्ट जयबीर सिंह के अथक प्रयासो से अभियान चलाया गया। निबंध प्रतियोगिता मे हाईस्कूल से लेकर इण्टर की 46 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

साथ ही स्वच्छता पर प्रश्नोंत्तर में सही जबाब देने वाली छात्राएं कु0असरा, कु0रोशनी, कु0गौरी, कु0मोहिनी, कु0पूनम रही । स्वच्छता अभियान के बाद ब्राण्ड एम्बेसडर डा0हरीशंकर पटेल ने स्वच्छता व पर्यावरण पर जन-जागरुकता का प्रचार प्रसार करने के बाद शपथ दिलायी। अभियान को सफल बनाने में सुमन यादव प्रधानाचार्या शीतल प्रसाद शोरावाल बालिका इण्टर कालेज सहायक अध्यापिका बबिता सिंह रीता कुमारी, कु0प्रियंका तथा नगर पालिका परिषद के सफाई नायक चन्द्र शेखर एवं उनके स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

नगर पालिका परिषद में नवीला को सम्मान देकर दी गई विदाई

- मेरठ से आये दुष्यंत कुमार ने जलकल सहायक अभियंता का लिया चार्ज

अवधनामा संवाददाता

इटावा। नगर पालिका परिषद में कार्यरत जलकल अभियंता नवीला खान का कानपुर नगर निगम कानपुर में स्थानांतरण होने पर नगर विकास कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश इटावा, पालिका कर्मचारियों व सभासदों ने बुके व शाल उड़ाकर सम्मान कर दी विदाई। नगर पालिका परिषद का बुधवार को चार्ज देने बाद नवीला खान ने कहा कि मैंने यहाँ 6 वर्ष तक कार्य किया सभी का सहयोग बराबर मिला हमारे विभाग से संबंधित जो भी समस्या रही उसे समय पर किया गया। नवीला खान के स्थान पर जनपद मेरठ नगर निगम से दुष्यंत कुमार ने चार्ज लिया चार्ज लेने के बाद नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों व सभासदों ने श्री दुष्यन्त का स्वागत व सम्मान किया उन्होंने चार्ज लेने के बाद वार्ता में कहा कि जलकल से संबंधित जो भी कार्य है उन्हें प्राथमिकता पर करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहम्मद अमजद, कलीम इलाही, बेचेलाल, सभासद शरद बाजपेयी, सभासद प्रतिनिधि मुनेश यादव, हाशिम कुरैशी, सभासद प्रतिनिधि विकास तोमर, सभासद इकबाल, जावेद हुसैन, सभासद प्रतिनिधि केशव, सिया राम, वीरेंद्र कुमार, आफताब, कृपाल, राजेश, बंटू, कासिम फारूकी आदि लोग मौजूद रहे।

हर फ़िल्म को बड़ी फिल्म मानकर काम करता हूँ

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। कॉमेडी धारावाहिक ऑफिस-ऑफिस में शुक्ला जी फेम संजय मिश्रा का कहना है कि मैं जो भी काम करता हूँ उसे बड़ा मनाकर ही काम करता हूँ, इसलिए जिस फ़िल्म में भी काम करता हूँ उसे बड़ी फिल्म मानकर अपने काम को ईमानदारी से करता हूँ।

यह बात मथुरा में फ़िल्म द सीक्रेट ऑफ देवकाली की शूटिंग के दौरान चर्चा करते हुए कही । संजय मिश्रा फ़िल्म में एक मूर्तिकार का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी ब्रज की ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़ी है। फ़िल्म की कहानी एक शापित गांव की कहानी है। फ़िल्म में थ्रिल और सस्पेंस है। अपने अभिनय यात्रा को लेकर उनका कहना है कि एक कलाकार अपने काम को लेकर संतुष्ट नहीं होता है, हर बार अपने काम को पिछले काम से ज्यादा बेहतरीन तरीक़े से करने में विश्वास रखता है। संजय मिश्रा ने अपनी अभिनय यात्रा टेलीविजन धारावाहिकों में बतौर है हास्य अभिनेता शुरू किया जो फिल्मों तक जा पहुंची।

संजय मिश्रा की चर्चित फिल्मों में सत्या, दिल से, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, साथिया, बंटी बबली, गोलमाल गॉड तुसी ग्रेट हो, भूतनाथ रिटर्न्स, किक आदि शामिल हैं जिनमें शानदार अभिनय किया है। संजय मिश्रा ने बताया कि वह कोरोना से पहले भी ब्रज में फ़िल्म 21 तारीख को शूट कर चुके हैं। ब्रज को लेकर उनका कहना है कि ब्रज प्रेम की भूमि है जो मन पर छाई हुई है। वार्ता के दौरान इस फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर श्रद्धा सोहन और वेद भारद्वाज मिंटू भी मौजूद रहे।

प्रखर समाज के चिंतक थे नेता स्व. ईशदत्त यादव: बलराम यादव

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। समाजवादी आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता, पूर्व सांसद समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शुमार स्वर्गीय ईशदत्त यादव की चौबिसवीं पुण्य तिथि के अवसर पर कलेक्ट्री कचहरी स्थित नेहरू हाल में आयोजित श्रद्धांजलि, सभा के अवसर पर समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नेताओं सहित स्वर्गीय सांसद जी के विचारों से प्रभावित अधिवक्ता, समाज सेवी एवं अन्य वर्गों के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावमीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। जनपद के मेंहनगर क्षेत्र के ऐरा खुर्द में एक समान्य शिक्षक शिवफेर यादव के पुत्र के रूप में पैदा होकर स्व0 ईशदत्त जी ने अधिवक्ता के रूप में समाजसेवा का व्रत लिया। उन्होंने समाज में व्याप्त समाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, विसंगतियों को बड़े करीब से देखा था। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के विचारों से प्रभावित होकर उन्होने बी0के0डी0 और कालांतर में लोकदल के नेता के रूप में किसानों, पिछड़े वर्गो, दलितों, शोधितों व वंचित के हितों की लड़ाई शुरू की। स्वर्गीय सांसद जी ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 मुलायम सिंह यादव के अभिन्न सहयोगी के रूप में उन्हें पूरी ताकत दी और पूर्वांचल में समाजवादी पार्टी के अग्रणी ध्वज वाहक रहे।

स्वर्गीय सांसद जी के चित्र पर प्रदेश सचिव देवनाथ साहू, प्रदीप यादव गुड्डू, राजेश यादव, लालू यादव, आशीर्वाद यादव चेयरमैन सर्फराज अहमद रामप्रताप यादव, बबिता चौहान, सपना निषाद, सुनीता सिंह, भानूमति सरोज, गुड्डी देवी, अनिता सरोज करूणाकांत मौर्य, कैलास यादव, बाबूराम यादव, रामकेश यादव प्रमुख थे। पहली बार लालगंज से जनता पार्टी के विधायक के रूप में उन्होंने जनता का प्रतिनिधित्व किया। दो बार देश का सर्वोच्च पंयायत राज्य सभा के सांसद रहे स्वीर्गीय ईशदत्त यादव ने सांसद में एक प्रखर, मुखर और जनसमस्याओं को मजबूत से उठाने वाले सांसद के रूप में अपनी छाप छोड़ी। कार्यक्रम के संयोजक स्व0 सांसद जी के सुपुत्र पूर्व सांसद नन्द किशोर यादव एवं अरविन्द यादव ने श्रद्धांजलि सभा में आप लोगों के प्रति ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में स्वर्गीय सांसद जी की स्मृतियों का नंमन करते हुए प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव ने कहा कि स्वर्गीय ईशदत्त यादव जी राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव समाज के हासिये पर पड़े गरीब, उपेक्षित और वंचित तबके को प्राथमिकता पर रखा।

खाद्य सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण किया प्रदान

प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के फूड वेंडर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ÷फुटपाथ व्यापारी एकता समिति प्रयागराज एवं राष्ट्रीय संस्था नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर ऑफ इंडिया (नासवी) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ असिस्टेंट फूड कमिश्नर ममता चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ में नगर निगम प्रयागराज के वरिष्ठ पार्षद अमित सिंह, वरिष्ठ पार्षद सोनिका अग्रवाल, पार्षद पंकज जायसवाल, पंकज गुप्ता, लीलावती पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक शहर उत्तरी विधायक प्रभारी विमल गुप्ता, अध्यक्ष विकास अग्रहरि, गणेश गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ0 श्यामदेव कश्यप, वरिष्ठ साहित्यकार नंदिता एकाकी, महिलाओं के सम्मान के लिए संघर्षरत जूही श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सम्मानित फूड वेंडरों को सुरक्षा किट एप्रेन, कैप, ग्लब्स, सेनेटाइजर, मास्क सहित केंद्र सरकार द्वारा जारी एफएस एसआई प्रमाण पत्र सहित प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। भारी संख्या में स्ट्रीट फूड वेंडरों के सम्मान व सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन राजीव कुमार ने किया।

केंद्र की मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण का केंद्र बिंदु रहा है: राजेंद्र मिश्रा

प्रयागराज। आज भाजपा प्रयागराज महानगर कार्यालय सिविल लांइस में नवनियुक्त भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा का भाजपा महिला मोर्चा प्रयागराज महानगर द्वारा भव्यता से स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं का देश की आजादी और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र की सरकार में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं का उत्थान सरकार के केंद्र बिंदु में रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री श्रीमती कविता यादव ने अपने उद्बोधन में कहा 33त्न महिला आरक्षण के लिए प्रस्तुत किये गए ÷नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 पर केंद्र की मोदी सरकार का धन्यवाद किया। यह अधिनियम भारत को विश्वगुरू और विकसित राष्ट्र बनाने में नीव का काम करेगी एवं महिला सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी। इस कार्यक्रम में शिखा रस्तोगी, महामंत्री रीता सिंह, उपाध्यक्ष दुर्गेश नन्दनी, मंत्री रेखा यादव, मीडिया प्रभारी चन्द्रा अहलूवालिया, सोशल मीडिया प्रभारी कल्पना शर्मा, मण्डल अध्यक्ष स्वारिका भरद्वाज, आंचल ओझा, प्रिया कैथवास, विनिता गुप्ता, शिखा खन्ना, काजल पटेल, दीपमाला श्रीवास्तव, स्वाति गुप्ता व समस्त महिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

वर्मी कल्चर एवं वर्मी कंपोस्टिंग का बायो वेस्ट शॉर्ट टर्म कोर्स- 2023 का शुभारंभ

प्रयागराज। सी.एम.पी. कॉलेज प्रयागराज की जंतु विज्ञान विभाग में आज वर्मी कल्चर एवं वर्मी-कंपोस्टिंग ऑफ़ बायोवेस्ट नामक तीन माह के शॉर्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डॉक्टर विनीता जयसवाल संयोजिका जंतु विज्ञान विभाग ने किया।

शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विजय किशोर सिंह, ट्रेनिंग ऑफिसर, हॉर्टिकल्चर ट्रेनिंग एंड एक्सपेरिमेंट सेंटर, खुसरोबाग प्रयागराज थे। डॉ सिंह ने अपने वक्तव्य में केंचुआ खाद की उपयोगिता को बताते हुए कहा कि यह जैविक खाद पोषक तत्वों के साथ-साथ, विटामिन एवं वृद्धि हार्मोन से भरपूर होती है।

सपा मजदूर सभा जिला अध्यक्ष ने नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

मथुरा। समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के प्रतिनिधि मंडल ने मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त को ज्ञापन देते हुए वार्ड नंबर 42 में विकास कार्य करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष मुनव्वर हुसैन के नेतृत्व में मनोरपुरा वार्ड न0 42 डीग गेट मैबाती मुहल्ला से बाग बाली गली तक रोड बनबाने हेतु ज्ञापन नगर आयुक्त मथुरा-वृंदावन को दिया गया । मुनव्वर हुसैन ने बताया कि मेवाती मुहल्ला से बाग वाली गली की काफी खस्ता हालत है जिससे वहां से गुजरने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से जिशान कुरैशी, बन्टी कुरैशी,अन्नू कुरैशी, मुन्ना कुरैशी, अन्नुभाई,आशीफ फारूकी, कलुआ मेव राशिद भाई आदी लोग मौजूद रहे।

डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

अवधनामा संवाददाता

- सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को जागरूकता अभियान चलाएं - शैलेंद्र कुमार सिंह

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा बैठक में अधिकाधिक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि रोड़ सेफटी क्लब बनाते हुए लोगों को पेन्टिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि के माध्यमों से सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाये। उन्होंने स्कूल एवं कॉलेजों में बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी वीडियो दिखाने तथा मेडिकल, प्राईवेट आदि कॉलेजों में कैम्प लगाकर जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, आर.ई.डी आदि के द्वारा बनाई गई रोड़ों पर ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए तथा नियमित रूप से निगरानी करे। सभी ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक कार्यवाही करे तथा सुरक्षित बनाने का कार्य करे। स्कूल, कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी आदि में संचालित वाहनों की फिटनेस, प्रदूषण तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स, चरित्र प्रमाण पत्र आदि के सत्यापन करने के निर्देश दिए। स्कूलों में स्कूल यान समिति का गठन करे। उन्होंने कहा कि जब हम सावधान रहेंगे तो हमारा परिवार भी सुरक्षित और खुशहाल रहेगा। जिलाधिकारी ने सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने, जगह जगह पर साइन बोर्ड लगवाने, एक्सीडेंट का सर्वे आदि के निर्देश दिए। श्री सिंह ने लगातार सघन वाहन चेकिग अभियान चलाकर हेलमेट व सीटबेल्ट आदि की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन तथा पुलिस विभाग को सड़क हादसे पर रोक लगाने के लिए हेलमेट चेकिग व सीटबेल्ट को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने महुवन टोल प्लाजा व मांट टोल प्लाजा के उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टोल पर आने वाले भारी वाहनों का डाटा प्रशासन को नियमित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। टोल प्लाजा के प्रत्येक काउण्टर पर कर्मचारी उपस्थित रहना चाहिए और जाम की समस्या उत्पन्न न हो। हाईवे पर यदि कोई गाडी खराब होती है तो तत्काल क्रेन लगाकर उसे हटवाया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के दौरान परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि टेंपो, बसों, ट्रकों में सुरक्षा के मानक का पालन सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, अवैध टैक्सी स्टैंड, अनाधिकृत ई-रिक्शा, डग्गेमार वाहन, ओवरलोडिंग आदि पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों में गुड़ सेमेरिटन के बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। एक्सीडेंट हुए व्यक्तियों का तत्काल उपचार किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा, एसपी ट्रैफिक देवेश कुमार, डॉ भूदेव सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नाटक पर्दा उठाओ पर्दा गिराओ का हुआ भावपूर्ण मंचन

प्रयागराज। हिंदी विभाग एवं भाषा केंद्र के तत्वावधान में ईश्वर शरण पी जी कॉलेज के मदन मोहन मालवीय सभागार में उपेन्द्रनाथ अश्क द्वारा लिखित हिंदी नाटक पर्दा उठाओ पर्दा गिराओ का मंचन बुधवार को नाट्य संस्था बुनियाद फाउंडेशन द्वारा किया गया। जिसका निर्देशन युवा रंगनिर्देशक असगर अली ने तथा सहयोगी निर्देशक रुचि गुप्ता रही। नाटक में नाट्य संस्थाओं के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं को अपनी अपूर्व हास्य व्यंग्य भरी शैली में चित्रित किया गया। जिसमें दिखाया गया कि शाम को कन्सर्ट होने के कुछ ही घंटे पहले क्लब के व्यवस्थापक के पास नाटक में अहम भूमिका निभाने वाले किरदार की चिट्ठी आती है, जिसमें वह बीमार होने की बात लिखकर नाटक करने में खुद को असमर्थ बताता है। चिट्ठी पढ़ते ही सभी परेशान हो जाते हैं।

अज़ादारी का अन्तिम दौर

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। माहे मोहर्रम के चांद नमुदार होने के साथ शुरु हुआ अज़ादारी का सिलसिला दो माह और आठ दिनों के बाद रविवार 24 सितम्बर को रानीमंडी चकय्यानीम स्थित इमामबाड़ा मिर्ज़ा नक़ी बेग से अन्जुमन हैदरिया की नौहाख्वानी के साथ निकलने वाले चुप ताज़िया व दरियाबाद में ऐतिहासिक हवेली से निकलने वाले अमारी जुलूस के साथ खत्म हो जाएगा।

अभी अज़ादारी में मात्र चार दिन और शेष हैं ऐसे में हर तरफ मजलिस मातम नौहों शब्बेदारी व जुलूस निकाल कर हुसैन ए मज़लूम को अलवेदा कहने को अज़ादार देर रात तक जाग कर ग़मे मज़लूमे करबला पर आंसू बहा रहे हैं। इसी क्रम में रानीमंडी में अन्जुमन मज़लूमिया शामें ग़म कमेटी की ओर से शब्बेदारी में पूरी रात नौहों और मातम की सदाएं बुलन्द होती रहीं। मौलाना नावेद अली झांसी ने मजलिस को खिताब किया तो फ़ैज़ जाफरी ने मर्सिया पढ़ा। खतीब दांदूपूरी व फ़ैज़ मंझनपूरी ने पेशख्वानी की। नजीब इलाहाबादी व अम्बर वसीम के संयुक्त रूप से संचालन में सबसे पहले अन्जुमन मज़लूमिया खुर्द के नौहाख्वानो मोजिज़ अब्बास, अनिश अब्बास, वली व अली ने पुरदर्द नौहे से शबे ग़म का आग़ाज़ किया। अन्जुमन ज़ुलफेक़ारिया जौनपुर , अन्जुमन हुसैनी ब्रदर्स ग्वालटोली कानपुर, अन्जुमन ज़ीनते ज़हरा अमहट सुल्तानपुर, अन्जुमन गुन्चा ए नासिरुल अज़ा बड़ागांव शाहगंज, अन्जुमन जाफरिया दांदूपूर, अन्जुमन असग़रिया क़दीम मंझनपुर, अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा दरियाबाद, अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी व अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानो ने सिलसिलेवार पुरदर्द नौहा पढ़ा।

ज़ाकिर ए अहलेबैत हसन अली ने आखरी तक़रीर की। शबीहे ताबूत व जुलजनाह की ज़ियारत भी कराई गई। वहीं करैली मस्जिद बीबी खदीजा में आशिक़ अली की ओर से हुई मजलिस में हैदर अब्बास बिट्टू ने मर्सिया पढ़ा तो सलमान अब्बास मानिकपुरी व मौलाना अली अब्बास दरियाबादी ने पेशख्वानी की। झारखंड के मौलाना सैय्यद सलमान हैदर साहब क़िब्ला ने खिताब किया। अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानो ने पुरदर्द नौहा पढ़ा शबीहे जुलजनाह व ग़ाज़ी अब्बास का अलम ज़ियारत को निकाला गया। मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, असग़र अली, हसन आमिर, हैदर अली, मक़सूद रिज़वी, मोहम्मद अब्बास, महमूद अब्बास तैयबापूरी, राशिद रिज़वी, आसिफ रिज़वी, ज़ामिन हसन, शजीह अब्बास, सलमान मुस्तफा, मिर्ज़ा दानिश, मिर्ज़ा शीराज़ आदि शामिल रहे।

शिक्षकों का मंडलीय सम्मेलन 3 अक्टूबर को

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। अनुसूचित जाति / जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा उत्तर प्रदेश, के आगरा मंडल का मंडलीय सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी मथुरा जनपद में 03 अक्टूबर 2023 को होने जा रहा है। जिसकी स्वीकृति एवं सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को एक दिन का विशेष अवकाश स्वीकृत कराने हेतु शिक्षक महासभा का एक प्रतिनिधि मंडल संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मंडल,आगरा आर पी शर्मा से मिला और सम्मेलन की स्वीकृति एवं 1 दिन का विशेष अवकाश स्वीकृत करने हेतु आग्रह किया और प्रार्थना पत्र दिया। इसके उपरांत चित्रगुप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तहसील रोड शाहगंज आगरा पर एक बैठक की गई जिसमें उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें तथा सब ने एक सुर में कहा कि मथुरा में होने जा रहे मंडलीय अधिवेशन एवं शैक्षिक संगोष्ठी को ऐतिहासिक बनाना है। और सब अपने अपने स्तर से पूरी कोशिश करके इस सम्मेलन को सफल व भव्य बनाने का काम करेंगे। मीटिंग के अंत में रामवीर सिंह प्रांतीय संरक्षक जी के पिताजी के परिनिर्वाण, सुनील कुमार प्रसाद प्रांतीय संगठन मंत्री के छोटे भाई के परिनिर्वाण, लाल बहादुर प्रवक्ता दामोदर इंटर कॉलेज होलुपुरा बाह की माताजी के परिनिर्वाण, दिनेश कुमार प्रवक्ता सेठ भगत प्रेम सुख दास इंटर कॉलेज फरह के चचेरे भाई के परिनिर्वाण पर 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संतृप्त परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर रामवीर सिंह प्रांतीय संरक्षक, श्रीमती रूमा देवी प्रांतीय संयोजिका, केशव प्रसाद कर्दम प्रांतीय संगठन मंत्री, डॉ धर्मेंद्र सिंह जाटव मंडल अध्यक्ष, श्री सोमबीर सिंह मंडल उपाध्यक्ष, राम समुझ मंडल मंत्री, राजकुमार निमेष पूर्व जिला अध्यक्ष आगरा, राकेश कुमार जिला संरक्षक, वीरेंद्र कुमार जिला अध्यक्षआगरा , अतुलकांत गौतम जिला उपाध्यक्ष आगरा, जितेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष मथुरा एवं संगठन के विशेष सहयोगी सच्चिदानंद उपस्थित रहे।

घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर एक्सप्लोर करें मिर्जा गालिब की हवेली

दिल्ली में रहने वाले एक मशहूर शायर, जिन्होंने अंग्रेजों और मुगलों के जमाने में अपना नाम इस कदर रोशन किया कि लोग आज भी उन्हें याद करते हैं। यह शायर अपनी बेबाक शेर-ओ-शायरी के लिए जाने जाते हैं। बता दें कि हम मिर्जा गालिब की बात कर रहे हैं। बताया जाता है कि गालिब की शायरी एक नशे की तरह है। जिसे जितना ही पढ़ा जाए, उतना कम हैं। गालिब की शायरी को लेकर इश्क, प्यार और मोहब्बत की दास्तां लिखी जा सकती है।

बता दें कि कहीं ना कहीं गालिब की शायरी का दर्द उनके जीवन की कहानी था। आपको उनका यह दर्द गालिब की हवेली में देखने को मिलेगा। अगर आप भी शहंशाह मिर्ज़ा गालिब को समझना और जानना चाहते हैं। तो आपको एक बार गालिब की हवेली को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह हवेली अब म्यूजियम में तब्दील हो चुकी है। बताया जाता है कि बल्लीमारान की इसी हवेली में गालिब ने अपनी जिंदगी की आखिरी रात काटी थी।

गालिब की हवेली का इतिहास

वैसे तो शायर गालिब आगरा के रहने वाले थे। उनका जन्म साल 1797 में काला महल नामक एक जगह पर हुआ था। लेकिन वह महज 11 साल की उम्र में ही दिल्ली आ गए थे। इसके बाद साल 1812 में गालिब ने उमराव बेगम से शादी कर ली। दिल्ली वही जगह है, जहां पर असदुल्ला बेग खां ने गालिब के नाम से शायरी लिखना शुरू किया था। इसलिए कहा जाता है कि गालिब का जन्म दिल्ली में हुआ था। लेकिन यह हवेली 19वीं सदी में गालिब की रहने की जगह थी। उन्होंने यह हवेली खरीदी नहीं थी। बल्कि उनको यह हवेली उपहार में मिली थी। कहा जाता है कि इसी घर में गालिब ने आखिरी साल बिताए थे।

हवेली की खासियत

आपको गालिब की हवेली में सिर्फ उनकी शायरी ही नहीं बल्कि गालिब की जिंदगी से जुड़ी चीजों को देखने का भी मौका मिलेगा। हवेली के अंदर जाते ही संगमरमरी बुत पर गालिब की कई किताबें रखी हुई मिलेंगी। इसके अलावा गालिब और उनके परिवार द्वारा इस्तेमाल किए गए बर्तन, सामान और कपड़ों को शीशे के फ्रेम में दिखाया गया है। इसके अलावा हवेली के गलियारे में गालिब की पेंटिं हैं। इस पेंटिंग में वह हुक्का पीते हुए दिखाए गए हैं।

हवेली की दीवारों मिलेंगी शायरियां

गालिब की हवेली की दीवारों पर उर्दू और हिंदी में शायरियां लिखी हुई हैं। इसके अलावा दूसरे फेमस शायरों के चित्र भी यहां मौजूद हैं। इस हवेली में आपको उस्ताद जौक, हकीम मोमिन खां मोमिन और अबू जफर आदि के चित्र देखने को मिलेंगे। इसी कारण हर साल 27 दिसंबर को गालिब के जन्मदिन के मौके पर इस हवेली में मुशायरे का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा इस हवेली में रखी हुई गालिब की मूर्ति का साल 2018 में उद्घाटन किया गया था। गालिब की इस मूर्ति को मशहूर मूर्तिकार रामपूरे ने बनाया है।

गालिब की हवेली है राष्ट्रीय धरोहर

भारतीय पुरातत्व विभाग ने गालिब की हवेली को धरोहर घोषित कर दिया है। इस हवेली में मौजूद हर चीज और किस्से को सुरक्षित रखा गया है। आप यहां पर गालिब के बारे में दिलचस्प बातों के बारे में भी जान सकते हैं। जैसे उनको शायरी के अलावा क्या शौक था और गालिब को खाने में क्या पसंद था आदि।

कहां हैं मिर्जा गालिब की हवेली

दिल्ली के चांदनी चौक से सटा इलाका बल्लीमारां की भूलभुलैया जैसी गलियों में एक कासिम जान नामक गली है। उस गली में मस्जिद के पास मिर्जा गालिब की हवेली है। इस हवेली को देखना आपके लिए एक अनोखा अनुभव साबित हो सकता है। सोमवार और सरकारी छुट्टी वाले दिन यह हवेली बंद रहती है। बाकी के समय आप सुबह 11 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक इस हवेली के दीदार के लिए आ सकते हैं। इस हवेली में घूमने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है।

कपल्स की फेवरेट है लोटस वैली

जब भी भारत में स्थित सबसे खूबसूरत और फेमस वैली की बात होती है, तो उस लिस्ट में जुकोऊ वैली, पार्वती वैली, वैली ऑफ फ्लावर या नुब्रा वैली का नाम जरूर शामिल होता है। लेकिन अगर आपसे कहा जाए कि मध्य प्रदेश के सबसे बेहतरीन शहर में एक खूबसूरत वैली है, जिसे देखने के बाद आप अन्य वैली को भूल जाएंगे। तो क्या आपको यकीन होगा। बता दें कि राज्य में स्थित लोटस वैली किसी जन्नत से कम नहीं है। आज हम आपको लोटस वैली के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही यह भी जानेंगे कि आप यहां पर कब और कैसे पहुंच सकते हैं। मध्यप्रदेश की लोटस वैली की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि यहां पर घूमने के लिए सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि देश के हर कोने से पर्यटक पहुंचते हैं। 300 एकड़ में फैली इस वैली में करोड़ों कमल के फूल खिलते हैं। इस दृश्य को आप निहारते ही रह जाएंगे। हर साल कई किसान इस झील में कमल के फूलों की खेती भी करते हैं। जिसके बाद देश के हर कोने में कमल के फूल बेचे जाते हैं।

हिमाचल व कश्मीर में होने का होगा एहसास

उत्तराखंड, हिमाचल और कश्मीर जैसी जगहों की तरह मध्यप्रदेश की यह वैली किसी जन्नत से कम नहीं है। लोटस वैली की खूबसूरती की तुलना वैली ऑफ फ्लावर से भी करते हैं। इस खूबसूरत वैली के पास एक बेहद खूबसूरत बांस का बगीचा भी मौजूद है। यहां पर झील के किनारे कई पर्यटक और किसान घूमते नजर आएंगे। मानसून के दौरान इस वैली की खूबसूरती अपने चरम पर होती है। वैली के पास सनराइज और सनसेट का नजारा आप कभी नहीं भूलेंगे।

प्री वेडिंग फोटोशूट के लिए बेस्ट है ये जगह

इंदौर में प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए लोटस घाटी को बेस्ट प्लेस माना जाता है। स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि दूर-दूर से कपल्स यहां पर प्री-वेडिंग फोटोशूट करवाने के लिए पहुंचते हैं। इस वैली के किनारे झूले बनाए गए हैं। जहां पर कपल्स फोटोशूट करवा सकते हैं। इसके अलावा झील के पास एख ब्रिज का भी निर्माण किया गया है। इस ब्रिज से लोटस वैली की खूबसूरती देखते ही बनती है।

ऐसे पहुंचे लोटस घाटी

अगर आप भी लोटस वैली जाना चाहते हैं, तो यहां पहुंचना काफी आसान है। आप देश के किसी भी हिस्से से इंदौर पहुंच सकते हैं। फिर इंदौर से आप आसानी से लोटस वैली पहुंच सकते हैं। इंदौर रेलवे स्टेशन से कैब, बस या फिर बस आदि से गुलावट गांव पहुंच सकते हैं। यशवंत सागर तालाब के बैक वॉटर में लोटस घाटी है।

दिल को बनाना चाहते हैं सेहतमंद, तो करें इन फूड आइटम्स को डाइट में शामिल

हार्ट अटैक की बढ़ती समस्या को देखते हुए अपने दिल का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। खाना और खाने की आदतें आपके दिल की हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है, इसलिए इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि आप अपनी डाइट में क्या शामिल कर रहे हैं। आपका खाना कोलेस्ट्रोल, बीपी जैसी बीमारियों के पीछे का कारण हो सकता है, इसलिए डाइट में हेल्दी फूड आइटम्स को शामिल करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं कुछ फूड आइटम्स जो आपके हार्ट के लिए वरदान साबित हो सकते हैं।

होल ग्रेन

होल ग्रेन जैसे ब्राउन राइस, जौ, होल व्हीट आदि कोलेस्ट्रॉल मैनेज करने में लाभदायक होता है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि प्रोसेस्ड ग्रेन न खाएं। ये आपके हेल्थ के लिए नुकसानदायक होता है।

फिश ऑइल

ओमेगा-3 फैटी एसिड दिल को स्वस्थ रखने में काफी मददगार होता है। ये कोलेस्ट्रॉल और ट्राइगलिसराइड को कम करता है, जो दिल के लिए फायदेमंद होता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड सैल्मन फिश, मैक्रल और ट्यूना में पाया जाता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक, केल जैसी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन के होता है, जो हार्ट के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा इसमें एंटी ऑक्सीडेंट और विटामिन भी होते हैं। ये सब्जियां ब्लड वेसल के लिए फायदेमंद होती हैं।

डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट ब्लड प्रेशर मेंटेन करने में मदद कर सकता है। इसमें फ्लैवेनॉइड भी होते हैं, जो डाइबिटीज जैसी बीमारियों को भी दूर रखता है। डार्क चॉकलेट खाते समय इस बात का ध्यान रखें कि ये कम मात्रा में खाएं, क्योंकि इसमें शुगर भी होता है।

अखरोट

अखरोट कोलेस्ट्रोल को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर भी होता है, जो दिल के लिए लाभदायक होता है।

बेरी

बेरीज में एंटी ऑक्सीडेंट होते है। ये आपकी आर्टरी के

लिए फायदेमंद होते हैं। ये ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी लाभदायक होते हैं। स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, क्रैनबेरी आदि को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

सेहत के लिए गुणकारी है पोषक तत्वों से भरपूर तुरई, जानें इसके 5 हैरान करने वाले फायदे

सेहतमंद रहने के लिए लोग अक्सर स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधियों पर ज्यादा जोर देते हैं। पोषण से भरपूर डाइट हमें सेहतमंद बनाने में अहम भूमिका निभाती है। यही वजह है कि खुद विशेषज्ञ भी लोगों को संतुलित और पोषण से भरपूर आहार खाने की सलाह देते हैं। ऐसी कई सारी सब्जियां हैं, जो हमारी सेहत को काफी फायदा पहुंचाती हैं। तुरई इन्हीं में से एक है। यह लो कैलोरी वाली फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम और सेलेनियम से भरपूर सब्जी है, जिसे डाइट का हिस्सा बनाने से कई फायदे मिलते हैं।

आंखों की रोशनी बढ़ाए

विटामिन ए भरपूर तोरई आंखों की रोशनी के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसे डाइट में शामिल करने से आंखों की रोशनी तेज होती है। साथ ही यह आंखों से जुड़ी अन्य समस्याओं को रोकने में भी मददगार है। विटामिन ए के अलावा तुरई में फाइबर की भी अच्छी-खासी मात्रा पाई जाती है। इसके साथ ही इसमें पानी की भी भारी मात्रा पाई जाती है, जो आपकी गट हेल्थ में सुधार कर पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है।

वजन घटाने में कारगर

तुरई एक कम कैलोरी वाली सब्जी है, जिसमें पानी की मात्रा काफी अधिक होती है। साथ ही इसमें फाइबर भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जिसकी वजह से इसे खाने से लंबे समय तक पेट भरा रहता है, जिससे आप ओवरईटिंग से बचते हैं और वजन कम करने में मदद मिलती है।

ब्लड शुगर कंट्रोल करे

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो तुरई आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। दरअसल, यह कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली सब्जी है, जो अपने हाई फाइबर कंटेंट की वजह से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करती है।

दिल को बनाए सेहतमंद

तुरई में हाई फाइबर कंटेंट होता है, जो पाचन तंत्र में कोलेस्ट्रॉल से जुड़कर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है।

बेहद डरावनी हैं दिल्ली की यह 5 जगहें, जाने से पहले जरूर जान लें नाम

कभी आपके किसी दोस्त ने आपको कोई पैरानॉर्मल कहानी सुनाई हो और आप सब फालतू की बातें सुनकर उन पर हंस दिए हों, तो ऐसा करने वाले आप अकेले नहीं हैं। हम अक्सर उन बातों को नहीं मानना चाहते जिसे हमने खुद देखा या महसूस न किया हो। वहीं, कुछ लोगों के लिए यह बहुत थ्रिलिंग हो सकता है। लेकिन अगर हम कहें कि दिल्ली में ऐसी कई जगह हैं, जहां लोगों ने ऐसी पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया है, तो क्या आप इस पर यकीन करेंगे। अगर आपको भी पैरानॉर्मल एक्टिविटीज और भूतिया जगहों के बारे में जानने का शौक है, तो जानिए दिल्ली की कुछ ऐसी जगहों के बारे में जिनके साथ कई पैरानॉर्मल कहानियां जुड़ी हुई हैं।

अग्रसेन की बावली

खूबसूरत आर्किटेक्चर की मिसाल इस बावली से कई भूतिया कहानियां भी जुड़ी हुई हैं। तीन मालों में बंटे इस स्टेप वेल के सबसे निचले हिस्से में काले रंग का पानी भरा है, जिसके ऊपर लोहे के रॉड लगे हुए हैं।

इसका कारण यह माना जाता है कि कई लोगों ने इस पानी में कूद कर अपनी जान दे दी थी। ऐसा कहा जाता है कि भूतिया शक्तियों के प्रभाव से लोग इस पानी को देखकर हिप्नोटाइज होकर इस पानी में सुसाइड कर लेते थे। इसी कारण से सूरज डूबने के बाद यहां एंट्री मना है। अगर आप भी यहां जाना चाहते हैं तो सुबह 7 से शाम 6 बजे तक यहां घूम सकते हैं। इसका सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन बाराखम्बा और जनपथ है।

मलचा महल

जंगलों के बीच मौजूद इस इमारत के बारे में कहानी मशहूर है कि यहां बेगम विलायत और उनके बच्चे रहते थे, लेकिन 1993 में बेगम विलायत ने खुदकुशी कर ली थी और 2017 में बेगम के बेटे प्रिंस रजा मृत मिले थे। जिसके बाद से यह जगह हॉन्टेड जगहों में से एक मानी जाने लगी। ऐसा कहा जाता है कि यहां बेगम विलायत की रूह आज भी भटकती है। धौला कुंआ यहां का सबसे पास मैट्रो स्टेशन है, जहां से ऑटो लेकर आप आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

भूली भटियारी का महल

सेन्ट्रल रिजर्व फॉरेस्ट में बनी यह इमारत दिल्ली के सबसे भूतिया जगहों में से एक है। मचला महल की तरह ही फिरोज शाह तुगलक ने यह शिकारगाह बनाया था। इस जगह से जुड़ी कई कहानियां सुनने को मिलती हैं, जिनमें से एक है कि भटियारी जाति की एक महिला रास्ता भटक कर यहां आ गई थी, जिसके बाद उसने यहां रहना शुरू कर दिया था और यहीं उसकी मृत्यु हुई थी, जिसके बाद से यहां उसकी आत्मा भटकती है। यहां शाम के बाद जाना मना है। लेकिन दिन के समय आप इस जगह की खूबसूरती का मजा ले सकते हैं। करोल बाग यहां का सबसे सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन है।



जमाली कमाली का मकबरा

मेहरौली आर्किओलॉजिकल पार्क में स्थित यह मकबरा मुगल काल के समय की आर्किटेक्चर की बहुत सुंदर मिसाल है। यहां सूफी संत जमालि और उनके शागिर्द कमाली को दफनाया गया था। इस जगह के साथ कहानी मशहूर है कि यहां जिन्न रहते हैं। लोगों ने यहां फुसफुसाने की आवाज और जैसे बगल में कोई खड़ा है ऐसी चीजें महसूस की हैं। इसके सबसे पास ग्रीन पार्क मेट्रो स्टेशन है।

फिरोज शाह कोटला किला

फिरोज शाह तुगलक द्वारा बनवाया गया यह किला आज दिल्ली के सबसे हॉन्टेड जगहों में से एक है। इस जगह के साथ कहानी जुड़ी है कि यहां जिन्नों का बसेरा है और जो लोग इन बातों पर विश्वास करते हैं, वे यहां आकर जिन्न से अपनी प्रॉब्लम का समाधान मांगने के लिए चिट्ठी छोड़कर जाते हैं। यहां का सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन दिल्ली गेट है।

सूर्य के रथ का पहिया

भारत में कई ऐसे भव्य मंदिर हैं, जो अलग-अलग देवी-देवताओं को समर्पित है। ऐसा ही एक खास मंदिर ओडिशा में है, जो सूर्य देव को समर्पित है। यह पहिया ओडिशा के कोणार्क सन मंदिर के कोणार्क व्हील का प्रतिरूप है। कोणार्क सन टेंपल के नाम से मशहूर यह मंदिर पद्म खेत्रा के नाम से भी जाना जाता है। यह यूनेसको वर्ल्ड हेरिटेज साइट में भी शामिल है। जानिए इस मंदिर से जुड़ी खास बातें और कैसे जा सकते हैं यहां घूमने।

सूर्य देव को समर्पित मंदिर

कोणार्क ओडिशा के गोल्डन त्रिकोण का हिस्सा है, जिसमें भुवनेश्वर और पुरी भी शामिल हैं। इसका निर्माण 1250,ष्ठ में राजा नरसिम्हदेव द्वारा करवाया गया था।

इस मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है। यह मंदिर देखने में सूर्य देव के रथ की तरह दिखता है जिसमें 12 जोड़े पहिए हैं और सात घोड़े इसे खींच रहे हैं। कोणार्क व्हील यहां का सबसे मुख्य आकर्षण है। यह सन डायल की तरह काम करता और ऐसा माना जाता है कि यह बिल्कुल सही समय दिखाता है। बारह पहिए साल के बारह महीने दर्शाता है और पहिए के भीतर के आठ डायल दिन के आठ पहर को दर्शाता है। सुंदर कला कृतियों से सजा यह मंदिर आर्किटेक्चर और नक्काशी का अद्भुत उदाहरण है।

ये है मंदिर की खासियत

मंदिर का प्रांगण नृत्य मंडप और जगमोहन में बंटा हुआ है। सुरक्षा कारणों से मंदिर के मुख्य भाग के भीतर प्रवेश करना मना है, लेकिन इसके अलावा भी आप यहां अन्य कई चीजों को देख सकते हैं, जो इस मंदिर को आकर्षक बनाते हैं। मंदिर के बगल के हिस्सों में बारह जोड़े पहिए बने हुए हैं, जिन पर अलग-अलग आकृतियां बनी हुई है। हर पहिए पर बनी आकृति का अपना अलग महत्व है।

इसलिए भी खास है मंदिर

इसके अलावा मंदिर की दिवारों पर कई इरॉटिक नक्काशियां भी हैं। इसके साथ यहां पांच गैलेरी भी है, जहां आप ऐतिहासिक कलाकृतियां देख सकते हैं। ऑडिटोरियम में एक खास मंदिर के बारे में फिल्म भी दिखाई जाती है। इसके अलावा यहां से पास में ही चंद्रभग बीच और अष्टरंग बीच भी है, जहां आप बहुत ही सुंदर सन राइस और सन सेट का मजा लेकर अपनी ट्रिप को और यादगार बना सकते हैं। इसके पास ही बालूखंड कोणार्क वाइल्ड लाइफ सेंचुरी भी है।

कैसे पहुंचे इस मंदिर तक

कोणार्क सन टेंपल ओडिशा के पुरी जिले में स्थित है। यह ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लगभग 60 किमी दूर है। बेहद मशहूर टूरिस्ट स्पॉट होने के कारण यहां आवागमन की सुविधाएं आराम से मिल जाती। पुरी तक पहुंचने के लिए ट्रेन या फ्लाइट बुक कर आ सकते हैं। फिर पुरी से बस या टैक्सी लेकर आप आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

क्या है आने का बेस्ट समय

अक्टूबर से फरवरी के बीच का समय यहां आने के लिए सबसे बेस्ट है। समुद्र के पास होने के कारण इस समय यहां का मौसम काफी सुहाना होता है। हालांकि विसिटिंग टाइम सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक का है।

वजन घटाने से लेकर कैविटी दूर रखने तक, चीज खाने से मिलते हैं 5 फायदे

हम में से कई लोगों को चीज काफी पसंद होता है। पिज्जा हो या सैंडविच लोग बड़े चाव से इसे खाते हैं। यह व्यंजनों के स्वाद को बढ़ाकर उन्हें और भी लजीज बना देता है, लेकिन क्या आप जानते है कि स्वादिष्ट होने के साथ ही यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो अक्सर वह सोचते हैं कि इसे खाने से सिर्फ नुकसान होगा, तो आप गलत है। हाल ही में सामने आई स्टडी में चीज के फायदों के बारे में नया खुलासा हुआ है। दरअसल,मल्टीडिसिप्लिनरी डिजिटल पब्लिशिंग इंस्टीट्यूट (एमडीपीआई) के न्यूट्रिएंट्स जर्नलमें प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक रोजाना चीज खाने से बढ़ती उम्र में कॉग्नेटिव हेल्थ बेहतर करने में मदद मिलती है। इसी क्रम में आज जानते हैं चीज के कुछ अन्य फायदों के बारे में-

ब्लड प्रेशर कम करे

मेडिकल न्यूज टूडे के मुताबिक जो लोग नियमित रूप से चीज खाते हैं, उनका रक्तचाप कम होता है। इसमें कैल्शियम की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है, जो ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए चीज बेहद फायदेमंद है।

हड्डियों को मजबूत बनाए

चीज में मौजूद कैल्शियम, प्रोटीन, मैग्नीशियम, जिंक और विटामिन ए, डी और के हड्डियों के बेहतर विकास में मदद करते हैं। यह बच्चों और युवा वयस्कों में स्वस्थ हड्डियों के विकास और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम में भी कारगर साबित होगा।

वजन कम करे

कई अध्ययनों से पता चला है कि हाई बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) वाले व्यक्ति में कैल्शियम का स्तर कम होने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में कैल्शियम का एक अच्छा स्रोत होने की वजह से चीज वजन घटाने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

दांतो को हेल्दी बनाए

चीज आपके दांतों की सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। दरअसल, दांतों को मजबूत और हेल्दी बनाने में कैल्शियम महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और चीज कैल्शियम का एक अच्छा स्रोत है। साथ ही एक स्टडी में यह भी सामने आया है कि चीज खाने से दांतों में कैविटी से सुरक्षा मिलती है। चीज हेल्दी गट बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। साल 2015 में प्रकाशित हुए एक छोटे अध्ययन के अनुसार, इसका ब्लड कोलेस्ट्रॉल के लेवल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वजन बढ़ने की समस्या से हैं परेशान, तो करें इन फूड आइटम्स को डाइट में शामिल

वजन घटाना एक लंबा सफर होता है, जिसमें आपको बहुत धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। वेट कम करने लिए हम कई तिगड़म लगाते हैं। जिम, योग, डाइटिंग, रनिंग और न जाने क्या-क्य, लेकिन अक्सर ही वजन कम करने के लिए लोग खाना छोड़ देते हैं, जो सेहत के लिए बेहद हानिकारक होता है।अधिक वजन होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे जंक फूड, स्ट्रेस, जेनेटिकल या कोई मेडिकल कंडीशन आदि। खाना छोड़ने के कारण वजन कम होने के बदले बढ़ भी सकता है और आपकी सेहत पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाना आपके वेट लॉस करने के सफर में मदद कर सकता है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे फूड आइटम्स के बारे में, जो वजन कम करने में बेहद कारगर है। अंडों में प्रोटीन और फैट अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। इस कारण से कई देर तक आपका पेट भरा रहता है और आपको जल्दी दोबारा भूख नहीं लगती। इसके अलावा इसमें कैल्शियम और फॉस्फोरस भी होता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक, केल, पत्ता गोभी जैसी सब्जियों में मिनरल्स और फाइबर होते हैं, जो आपके शरीर में इन पोषक तत्वों की कमी नहीं होने देते। इसके साथ ही ये आपकी भूख को भी कंट्रोल करते हैं, जिस कारण आप ओवर ईटिंग से बच सकते हैं और आपका वजन नहीं बढ़ता।

नट्स और सीड्स

नट्स और सीड्स में कई फैट, फाइबर और प्रोटीन होते हैं। ये आपके मेटाबॉलिज्म को भी हेल्दी रखता है और आपका वेट कम करने में मदद कर सकता है।

फिश

सी फूड होने के कारण इसमें आयोडीन की मात्रा अधिक होती है, जो थायरॉइड ग्लैंड के लिए लाभदायक होता है, जो मेटाबॉलिज्म ठीक रखता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन और ओमेगा-3 भी होता है, जो आपकी हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

लीन प्रोटीन

चिकन, टर्की, दाल, बीन्स लीन प्रोटीन का स्त्रोत होते हैं। ये काफी देर तक आपके पेट को भरा रखता है और आपकी भूख को भी कंट्रोल करता है।

एवोकाडो

इसमें फैट, फाइबर और काफी मात्रा में पानी मौजूद होता है, जो आपकी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है और आप इसे खाने के बाद पेट फुल भी महसूस करते हैं। इसकी वजह से आप बार-बार खाने से बचते हैं और आपका वजन नहीं बढ़ता।

जल विवाद को लेकर हुई बैठक, कर्नाटक को तमिलनाडु के लिए 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश

नई दिल्ली। कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी के जल को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। कावेरी नदी जल बंटवारा विवाद के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री

बैठक

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कावेरी नदी जल बंटवारे के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बैठक की।

सिद्धारमैया मंगलवार देर रात दिल्ली पहुंचे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कावेरी नदी जल बंटवारे के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्य सरकार को तमिलनाडु के लिए 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया है। सिद्धारमैया का राष्ट्रीय राजधानी में आगमन आज होने वाली बैठक से पहले हुआ है। इस बैठक में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, उनके राज्य के सांसद और मंत्री शामिल होंगे। इस बीच, कर्नाटक सरकार के दिल्ली विशेष प्रतिनिधि टीबी जयचंद्र पहले ही नई दिल्ली पहुंच चुके

हैं और कल होने वाली महत्वपूर्ण बैठक के लिए कर्नाटक भवन में प्रारंभिक चर्चा कर रहे हैं। बैठक में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री, राज्य के लोकसभा सदस्य और राज्यसभा सदस्य शामिल होंगे। इससे पहले पिछले हफ्ते कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा था कि राज्य सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अपने पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है। पिछले 100 वर्षों की तुलना में हमें अगस्त में बारिश की भारी कमी का सामना करना पड़ा है। सिद्धारमैया ने कावेरी जल विवाद पर सर्वदलीय बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, हमारे पास पानी नहीं है, इसलिए हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखने और दिल्ली में कर्नाटक के सभी सांसदों और मंत्रियों से मिलने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा, हमने भारत के प्रधानमंत्री और जल संसाधन मंत्री को भी पत्र लिखने का फैसला किया है कि हम एक प्रतिनिधिमंडल में आ रहे हैं, कृपया हमें एक तारीख बताएं। हम दिल्ली जाकर वहां के सभी सांसदों और मंत्रियों से मिलने की सोच रहे हैं जो कर्नाटक से हैं।

समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष पर अधीर रंजन ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली। लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार (20 सितंबर) को दावा किया कि नए संसद भवन में जाने से पहले सांसदों को संविधान की जो नई प्रतियां सौंपी गईं, उनकी प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं था। अधीर रंजन चौधरी ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, ÷संविधान की जो नई प्रतियां 19 सितंबर को हमें दी गईं, उसकी प्रस्तावना में 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष' शब्द नहीं है। यह प्रतियां

हम अपने हाथों में लेकर नए संसद भवन में दाखिल हुए। हम जानते हैं कि यह शब्द साल 1976 में एक संशोधन के बाद जोड़े गए थे, लेकिन अगर आज कोई हमें संविधान देता है और उसमें ये शब्द नहीं हैं, तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, सरकार की मंशा संदिग्ध है। यह बड़ी चतुराई से किया गया है। यह मेरे लिए चिंता का विषय है। मैंने इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की लेकिन मुझे इस मुद्दे को उठाने का मौका नहीं मिला।÷ बता दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान 1976 में संविधान के 42वें संशोधन के हिस्से के रूप में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द प्रस्तावना में जोड़े गए थे। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अधीर रंजन चौधरी के बयान पर कहा, जब संविधान का मसौदा तैयार किया गया था, तो यह ऐसा था। बाद में एक संशोधन किया गया था। यह (जो सांसदों को दी गई है) मूल प्रति है। हमारे प्रवक्ता ने इसका जवाब दिया है। पुराने संसद भवन में विशेष सत्र का दूसरा दिन बुलाया गया, जो इस भवन में चर्चा का आखिरी दिन था।

अगला चुनाव सिक्किम को कुशासन से बचाने का आखिरी मौका..., असेंबली इलेक्शन पर पूर्व सीएम चामलिंग बोले

गंगटोक। सिक्किम में अगले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। विपक्ष और राज्य सरकार रैलियों और समारोह में भाग लेकर जनता को आगाह करने का काम कर रहे हैं। राज्य की बेहतरी किस सराकर के होने से होगी इसके बारे में जनता को बताया जा रहा है। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव सिक्किम को तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी एसकेएम के कुशासन से बचाने का आखिरी मौका होगा। चामलिंग ने एसडीएफ कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने और हर निर्वाचन क्षेत्र में लोगों तक पहुंचने का आह्वान किया है। चामलिंग ने राज्य के एक समारोह में कहा, ÷हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) जीते ताकि हमारा राज्य बच जाए। सिक्किम में विधानसभा चुनाव 2023 के अंत में या अगले साल की शुरुआत में होने हैं। पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव शायद सिक्किम को प्रेम सिंह तमांग सरकार के कुशासन से बचाने का आखिरी मौका होगा... सत्तारूढ़

सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) से मुकाबला करने के लिए एक बड़े पैमाने पर टीम प्रयास की आवश्यकता होगी। चामलिंग ने कहा, ÷तैयारी के लिए बहुत कम समय उपलब्ध है और पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के बीच जाना चाहिए और उनसे राज्य के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में बात करनी चाहिए।

दिल्ली-एनसीआर में आज बारिश का अनुमान, ओडिशा व बंगाल के अलावा इन राज्यों के लिए अलर्ट

नई दिल्ली। देश में बीते कई दिनों से बारिश हो रही है। कई राज्यों में स्थिति ऐसी है कि भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए है। इस बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली-हृष्ठक्र में आज बादल छाए रहेंगे। साथ ही कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी होने के आसार है। देशभर में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी वर्षा दर्ज की गई। सौराष्ट्र और कच्छ में 30 सेमी और गुजरात के राधनपुर में 19 सेमी वर्षा हुई है। ढ्ढस्छ ने बारिश से होने वाले जल भराव के कारण कच्चे रास्ते वाले क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है।मौसम विभाग के मुताबिक, केरल में कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। पठानमथिट्टा जिला के वेंकुरिंजी और तिरुवनंतपुरम जिला के वर्कला में 9 से 8 सेमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, कोंकण में भी विभिन्न स्थानों पर भारी

नागालैंड के त्सेमिन्यु जिले में मालवाहक वाहन की चपेट में आने से खाई में गिरी एसयूवी कार, 8 की दर्दनाक मौत

कोहिमा। नागालैंड के त्सेमिन्यु जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। बुधवार को एक मालवाहक वाहन की

चपेट में आने से एक एसयूवी कार खाई में गिर गई, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना राजधानी कोहिमा से लगभग 65 किलोमीटर दूर के स्टेशन के पास बुधवार सुबह हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक भी सड़क में फिसल गया और एसयूवी के ऊपर खाई में गिर गया।एसयूवी कोहिमा से मोकोकचुंग की ओर जा रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया की इस हादसे में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में नागालैंड कर्मचारी चयन बोर्ड (एनएसएसबी) की परीक्षा पास की थी। तीनों महिलाओं को ग्रेड-3 कर्मियों के रूप में सरकारी सेवा में शामिल होने के लिए नियुक्ति पत्र भी मिला था। गौरतलब है कि 4 जुलाई को नगालैंड के दीमापुर जिले के चुमुकेदिमा में भूस्खलन की चपेट में एक कार आ गई थी। दरअसल, बारिश के दौरान पहाड़ से एक पत्थर खिसककर नीचे सड़क पर खड़ी एक कार के ऊपर गिर गया था। पत्थर ने कार को पूरी तरह से कुचल दिया था।

भारत पर ट्रूडो के आरोपों के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार का समर्थन किया

नई दिल्ली। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप लगाए।

विपक्ष

कनाडा की राजनीति में पिछले कुछ सालों में एक विचित्र मोड़ आया है। यह प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार का बयान है।

इस बड़े विवाद के बीच कांग्रेस नेता और सांसद गौरव गोगोई ने बुधवार (20 सितंबर) को कहा कि कनाडा की राजनीति में पिछले कुछ सालों में एक विचित्र मोड़ आया है। उन्होंने इस मुद्दे पर कनाडा को कमजोर करार दिया। सांसद गौरव गोगोई ने कनाडा की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह के एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे कनाडा

के लिया नुकसान बताया। उन्होंने कहा कि कनाडा को अपने स्थानीय वोटरों को रिझाने के इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय मंच पर कूटनीतिक हितों को नुकसान हो सकता है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने एक्स पर कहा, आज हमें इन आरोपों के बारे में पता चला कि भारत सरकार के एजेंटों ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी, जो कि कनाडा की धरती पर मारा गया एक कनाडाई नागरिक था। सभी कनाडाई लोगों के लिए, यह मेरी प्रतिज्ञा है। मैं नरेंद्र मोदी को जवाबदेह ठहराने सहित न्याय की खोज में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। गौरव गोगोई ने एक्स पर जगमीत सिंह की पोस्ट पर जवाब देते हुए कहा, कनाडा की राजनीति में पिछले कुछ सालों में एक विचित्र मोड़ आया है। यह प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार का बयान है। यह दिखाता है कि कैसे स्थानीय वोटरों को बढ़ावा देना अंतरराष्ट्रीय मंच पर किसी देश के रणनीतिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। कनाडा को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए। वहीं, खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या में शामिल होने के लिए भारत पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए, कनाडा के विपक्षी नेता पियरे पोइलिवरे ने कहा है कि ट्रूडो सभी तथ्यों के साथ सफाई देनी चाहिए। मंगलवार को एक मीडिया संबोधन में, पोइलिवरे ने कहा, ÷मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री ट्रूडो को सभी तथ्यों के साथ स्पष्ट रूप से सामने आने की जरूरत है। हमें सभी संभावित सबूतों को जानने की जरूरत है ताकि कनाडाई उस पर निर्णय ले सकें। पोइलिवरे ने इस मामले में टिप्पणी तब की जब मीडिया ने उनसे सवाल में पूछा कि एक भारतीय राजनयिक को कनाडा द्वारा निष्कासित किए जाने के बाद और क्या किया जाना चाहिए। पोइलिवरे ने कहा, प्रधानमंत्री ने कोई तथ्य नहीं दिया है। उन्होंने एक बयान दिया है। मैं सिर्फ इस बात पर जोर दूंगा कि उन्होंने मुझे निजी तौर पर उतना कुछ नहीं बताया जितना उन्होंने सार्वजनिक रूप से कनाडाई लोगों को बताया था। इसलिए हम और अधिक जानकारी जानना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई तो आरोप असत्य या अविश्वसनीय पाए जा सकते हैं। उन्होंने मीडिया संबोधन में यह कहा कि हमारे पास ऐसे सबूत होने चाहिए जो प्रधानमंत्री को उन निष्कर्षों पर पहुंचने में मदद करें जो उन्होंने कल दिए थे। आपको बता दें कि एक दिन पहले ट्रूडो ने भारत सरकार पर हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया कि उनके देश के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के पास यह मानने के कई कारण हैं कि भारत सरकार के एजेंटों÷ ने कनाडाई नागरिक की हत्या को अंजाम दिया। हरदीप सिंह निज्जर सरे के गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के अध्यक्ष भी थे।

हमारे समय की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगी... महिला आरक्षण बिल के समर्थन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

नई दिल्ली। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली में एशिया प्रशांत फोरम की 28वीं वार्षिक आम बैठक और द्विवार्षिक सम्मेलन को संबोधित किया। नए संसद भवन में महिला आरक्षण विधेयक पर राष्ट्रपति मुर्मु ने भी बयान दिया। उन्होंने इसका पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि लैंगिक न्याय के लिए यह हमारे समय की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगी। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हमने स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं के लिए न्यूनतम 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया है। राज्य

विधानसभाओं और राष्ट्रीय संसद में महिलाओं के लिए समान आरक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव अब आकार ले रहा है, जो कि हमारे समय की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगी। बता दें कि महिला आरक्षण बिल मंगलवार को नए संसद भवन में पेश किया जाने वाला पहला बिल था। आज इस बिल को लेकर सदन में बहसा-बहसी चल रही है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस बैठक में शामिल हुई है, वह 20 से 21 सितंबर तक चलेगा। इसे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा एशिया प्रशांत फोरम के सहयोग से 20-21 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्लोबल अलायंस ऑफ नेशनल ह्यूमन राइट्स इंस्टीट्यूशंस की सचिव अमीना बौयाच और एपीएफ के अध्यक्ष डू-ह्वान सॉन्ग और एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

सदस्य देशों के साझा हित के मुद्दों पर चर्चा के लिए एपीएफ बुधवार को अपनी 28वीं वार्षिक आम बैठक भी आयोजित करेगा। एनएचआरसी ने पहले कहा था कि सम्मेलन में भारत और विदेश से 1,300 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है।

भारत पर आरोप लगाकर अपने घर में ही घिरे जस्टिन ट्रूडो, विपक्षी नेता बोले- तथ्यों के साथ सफाई दें पीएम

ओटावा। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर

विवाद

भारत पर लगाए गए ट्रूडो के इन आरोपों पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

की कथित हत्या में भारत की संलिप्तता की बात कही थी। भारत पर लगाए गए ट्रूडो के इन आरोपों पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए कनाडा के विपक्षी नेता पियरे पोइलिवरे ने कहा है कि उन्हें सभी तथ्यों के साथ सफाई देनी चाहिए। मंगलवार को एक मीडिया संबोधन में पोइलिवरे ने कहा, ÷मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री को सभी तथ्यों के साथ स्पष्ट रूप से सामने आने की जरूरत है। हमें सभी संभावित सबूतों को जानने की जरूरत है

ताकि कनाडाई उस पर निर्णय ले सकें। पोइलिवरे ने इस मामले में टिप्पणी तब की जब मीडिया ने उनसे सवाल में पूछा कि एक भारतीय राजनयिक को कनाडा द्वारा निष्कासित किए जाने के बाद और क्या किया जाना चाहिए। पोइलिवरे ने कहा, प्रधानमंत्री ने कोई तथ्य नहीं दिया है। उन्होंने एक बयान दिया है। मैं सिर्फ इस बात पर जोर दूंगा कि उन्होंने मुझे निजी तौर पर उतना कुछ नहीं बताया जितना उन्होंने सार्वजनिक

पूर्वी चीन में आया बवंडर, हादसे में 5 लोगों की मौत; 137 घर हुए नष्ट

बीजिंग (चीन)। पूर्वी चीन में आए बवंडर से पांच लोगों की मौत हो गई। इस दौरान चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इस घटना की जानकारी बुधवार को सरकारी मीडिया ने दी। शाम करीब 5ः20 बजे जियांग्सू प्रांत के सुकियान शहर के कुछ हिस्सों में बवंडर आया। राज्य प्रसारक सीसीटीवी ने मंगलवार को कहा।

इस बवंडर के कारण 137 घर नष्ट हो चुके हैं। इसके साथ ही बवंडर के दौरान फसल भूमि और सुअर फार्मों को भारी नुकसान पहुँचा है। पूर्वी चीन में आए बवंडर की एक वीडियो ऑनलाइन पोस्ट की गई है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कई कारें इधर-उधर फेंकी हुई दिखाई दे रही हैं। वहीं, इस दौरान कई कारें पलटी हुई भी दिख रही हैं। चीन में बवंडर दुर्लभ हैं लेकिन हाल के वर्षों में जियांग्सू में इससे मौतें हुई हैं। पिछले साल बवंडर में प्रांत में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 2021 में चार लोगों की मौत हो गई।

भूकंप के झटकों से हिला न्यूजीलैंड, घरों से बाहर निकले लोग; 6.0 रही तीव्रता

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 रही है। समाचार एजेंसी रायटर ने न्यूजीलैंड की भूकंप एजेंसी जियोनेट के हवाले से बताया कि गुरुवार को न्यूजीलैंड के दक्षिण द्वीप



पर भूकंप के झटके लगे हैं। हालांकि, इस दौरान जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। ये इस साल का सबसे बड़ा भूकंप बताया जा रहा है। जो स्थानीय समयानुसार सुबह 9ः14 बजे आया। इसकी गहराई 11 किमी नीचे थी। भूकंप एजेंसी जियोनेट ने बताया कि करीब 14,000 से अधिक लोगों ने भूकंप के तेज झटके महसूस होने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके ऑकलैंड तक महसूस किए गए हैं। एक किसान सारा हसी ने बताया कि उन्होंने भूकंप के तेज झटकों को महसूस किए। ये भूकंप पहले आए भूकंपों की तुलना में अधिक शक्तिशाली था। उन्होंने बताया कि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, डिप्टी मेयर स्कॉट शैनन ने बताया कि तत्काल कोई नुकसान की रिपोर्ट नहीं मिली है। बता दें कि साल 2011 में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। जिसमें 185 लोगों की मौत हो गई थी। सबसे ज्यादा नुकसान क्राइस्टचर्च में हुआ था।

अमेरिका में दो भारतीय नागरिकों को 41 महीने की सजा, रोबोकॉल घोटाले में थे शामिल

वॉशिंगटन। अमेरिका में रोबोकॉल घोटाले में दो भारतीय नागरिकों को 41 महीने की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के एक अटॉर्नी ने बताया कि दो भारतीय नागरिकों को पीड़ितों से 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर को अवैध रूप से लेने के मामले सजा सुनाई गई है। अटॉर्नी फिलिप सेलिंगर ने बताया कि अरुशोबाइक मित्रा और गरबिटा मित्रा को अमेरिकी जिला न्यायाधीश ने धोखाधड़ी की साजिश के एक मामले में दोषी ठहराया था। दोषियों ने लोगों को शिकार बनाया और उनसे पैसे ऐंठे थे। उन्होंने कॉल सेंटर की मदद से अमेरिकी नागरिकों और बुजुर्गों को निशाना बनाया था। जानकारी के अनुसार, रोबोकॉल कर पीड़ितों के साथ संपर्क बनाया जाता था और इसके बाद उनसे पैसे ऐंठे जाते थे। आरोपियों ने पीड़ितों से ठगी के लिए कई योजनाओं का भी सहारा लिया था। जिसमें सामाजिक सुरक्षा या फिर एजेंसियों का अधिकारी बताकर उनके साथ ठगी की जाती थी। यही नहीं उनके द्वारा पीड़ितों को उनकी बात नहीं मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जाती थी।

लास वेगास में 2 किशोरों पर घातक हिट-एंड-रन के लिए हत्या का आरोप,

लास वेगास। लास वेगास में एक साइकिल चालक को निशाना बनाने और सड़क के किनारे पैडल मारते हुए उस व्यक्ति पर हमला करने के क्षण का वीडियो बनाने के लिए दो किशोरों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। इसकी जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। पुलिस के अनुसार, किशोर 14 अगस्त को कम से कम तीन हिट-एंड-रन में शामिल थे। बेल, कैलिफोर्निया के पूर्व पुलिस प्रमुख 64 वर्षीय एंड्रियास रेने प्रोबस्ट को आखिरी विक्टम माना गया।

सामने की यात्री सीट से शूट किए गए वीडियो में वाहन को पीछे से प्रोबस्ट की ओर आते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही कार में बैठे लोग हंसते हैं, वाहन प्रोबस्ट की ओर बढ़ता है और फिर साइकिल को टक्कर मारता है, जिससे प्रोबस्ट हुड पर और विंडशील्ड में जा टकरा जाता है।

लीबिया में आई बाढ़ में लोगों ने अपनों को खोया, अब भी कई हजार लोग हैं लापता

डेरना (लीबिया)। बीते दिनों लीबिया में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी

तबाही

अल-हसादी ने अपने शहर में आई भीषण बाढ़ का जिक्र करते हुए एक फोन साक्षात्कार में कहा, हमने तबाही की भयावहता देखी।

है। इस बाढ़ के कारण हजारों लोगों ने अपनों को खो दिया है। वहीं, अब्देल-हामिद अल-हसादी पूर्वी लीबिया में आई विनाशकारी बाढ़ से बच गए है, लेकिन उन्होंने अपने परिवार के करीब 90 लोगों को खो दिया है। 10 सितंबर की शाम को डेरना शहर में भारी बारिश होने पर 23 वर्षीय लॉ ग्रेजुएट अपनी मां और अपने बड़े भाई के साथ ऊपर की ओर भागा। जल्द ही, पानी की तेज धार उनके बगल की इमारतों को

बहा ले गई। अल-हसादी ने अपने शहर में आई भीषण बाढ़ का जिक्र करते हुए एक फोन साक्षात्कार में कहा, हमने तबाही की भयावहता देखी। हमने अपने पड़ोसियों के शवों को बाढ़ में बहते देखा है। भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल से हुई भारी बारिश के कारण शहर को विभाजित करने वाली संकरी घाटी में फैले दो बांध ढह गए। आपदा के 10 दिन बाद, अल-हसादी और हजारों अन्य लोग डेरना में ही हैं, उनमें से अधिकांश रिश्तेदारों और प्रियजनों के बारे में किसी भी तरह की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। हसादी के 290 रिश्तेदार अभी भी लापता हैं। अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ से शहर का एक चौथाई हिस्सा जलमग्न हो गया है। खोज टीमों के अनुसार, हजारों लोग मारे गए हैं और कई शव अभी भी मलबे के नीचे या समुद्र में दबे हैं। सरकारी अधिकारियों और सहायता एजेंसियों ने मृतकों की अलग-अलग संख्या बताई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अस्पतालों में कुल 3,958 मौतें दर्ज की गई हैं, लेकिन लीबिया के रेड क्रिसेंट के प्रमुख द्वारा दी गई पिछली मौत के आंकड़े में कहा गया था कि कम से कम 11,300 लोग मारे गए थे। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय का कहना है कि कम से कम 9,000 लोग अभी भी लापता हैं। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के प्रवक्ता बशीर उमर ने कहा कि मरने वालों की संख्या हजारों में है, लेकिन उन्होंने निकाले गए शवों की संख्या के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी, क्योंकि पुनर्प्राप्ति प्रयास में कई समूह शामिल हैं।

चिंताजनक है कनाडा से आ रही रिपोर्ट, भारत और कनाडा विवाद पर बोले ब्रिटिश सांसद

लंदन। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत और कनाडा के बीच बढ़ते तनाव पर अब ब्रिटिश लेबर पार्टी के सांसद ने प्रतिक्रिया दी है। ब्रिटिश लेबर पार्टी के सांसद तनमनजीत सिंह ने कहा कि कनाडा से जो रिपोर्ट सामने आ रही है वो चिंताजनक है।

ब्रिटिश लेबर पार्टी के सांसद तनमनजीत सिंह ढेसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कनाडा से चिंताजनक रिपोर्ट सामने आ रही हैं। कई सिखों ने उनसे संपर्क किया है जो परेशान और भयभीत हैं। उन्होंने आगे बताया कि कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कहा कि वे अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटेन सरकार के संपर्क में हैं। बता दें कि खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले को लेकर कनाडा के पीएम जस्टिन

ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाए। उन्होंने कनाडा की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में भारत का हाथ हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा सरकार इस मामले में किसी अन्य देशों की संलिप्तता को बर्दाश्त नहीं करेगी। हालांकि, भारत ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले को लेकर भारत के राजनयिक को बर्खास्त कर दिया था, जिसके बाद भारत ने भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए कनाडा के राजनयिक को तलब किया और उन्हें बर्खास्त करते हुए पांच दिनों के भीतर देश छोड़ने को कहा है। वहीं, इस मामले में दुनियाभर के कई नेताओं ने चिंता व्यक्त की है।

महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा सिर्फ समाजवादी पार्टी ही कर सकती है: रीबू

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। समाजवादी महिला सभा की जिला कार्यकारिणी कमेटी घोषित किया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव रही।

नवनियुक्त पदाधिकारी को संम्बोधित करते हुए कहा है कि महिलाओं का सम्मान स्वाभिमान की रक्षा सिर्फ समाजवादी पार्टी ही कर सकतीं है भाजपा सरकार महिलाओं को अपमान किया महिला सुरक्षित नहीं है, आये दिन महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बलात्कार , हत्या जैसी घटना आम हो गया है भाजपा सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाता बल्कि दोषियों की मदद किया जाता हैं। भाजपा ने विकास के दावे तो बहुत किए पर जमीन पर उसकी कहीं छाया तक नहीं दिखाई देती है। भाजपा का एजेण्डा जनता के हितों और समस्याओं से संम्बन्धित नहीं होता है। नतीजतन महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ने से हर ओर अराजक स्थिति पैदा हो रही है। हर कोई परेशान है। जनहित में कोई कदम उठाने के बजाय भाजपा अपने पुराने वादों और अपनी अकर्मण्यता को छुपाने के लिए नए तमाशे और इवेंट करती रहती है ताकि जनता उनकी चकाचौंध में बहकी रहे।

भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहित में कोई काम नहीं कर रही है। वह सत्ता में बने रहने के लिए पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं को ही लागू कर रही है। भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के कामों को विज्ञापन जारी कर अपना बताने में लगी है।

अध्यक्षता करते निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने कहा महिलाएं अब जाग गई है भाजपाई खेल तमाशों से बहकने और भटकने वाली नहीं है। वह सन् 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को उसके झूठे वादों की याद न केवल दिलाएगी बल्कि झूठे वादे करने वाली भाजपा सरकार को भी हटायेगी। वहीं महिला सभा की जिलाअध्यक्ष शर्मिला यादव ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया।

बोंदू अहीर नाटक के मंचन ने हटाई इतिहास के पन्नों की धूल

आजमगढ़। आजमगढ़ में 18 से 24 सितंबर तक चलने वाल आजमगढ़ महोत्सव की दूसरी निशा का बोंदू अहीर नाटक के नाम रही। जिसमें सूत्रधार संस्थान के कलाकारों ने अभिषेक पंडित के निर्देशन में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों को नमन किया। भारत की आज़ादी की लड़ाई में बहुत से नायक हुए हैं। जिनके अमूल्य साहस और अमिट बलिदान के बूते ही हम आज आज़ाद हैं, लेकिन इन महान विभूतियों के साथ देश के लगभग हर जिले-शहर में बहुत से ऐसे वीर भी शहीद हुए हैं जिनकी चर्चा इतिहास के पन्नों में धूल-धूसरित पड़ी है। ऐसा ही एक नाम आजमगढ़ के 17वीं वाहिनी के सूबेदार रामदीन के बेटे 'बोंदू अहीर' का है।

विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जनपद में विद्युत चोरी रोकने कनेक्शन की प्रगति को बढ़ाने ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करने , तथा सौभाग्य योजना पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त विद्युत वितरण खंड के एक्सईएन से पोल इरेक्शन की कार्यवाही, विद्युत विभाग के तहत चल रही परियोजनाओं की डेडलाइन तिथि, 33केवी लाइनों का निर्माण, विद्युत वितरण, ट्रांफोर्मर एवं तार बदलने, 11केवी परिवर्तको की क्षमता वृद्धि करने सहित विद्युत संबंधी अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की। इसके पश्चात उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत की अधिकतम मांग के अनुसार खुद को लैस करे। वर्कशॉप की पेंडेंसी की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से ले। विद्युत चोरी को लेकर एक अभियान चलाए तथा आरसी वसूली की प्रगति को भी तेज करे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित विद्युत विभाग से जुडे एक्सईएन, एई जेई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

फैशन शो में विजेताओं को डीएम ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में फेटो एसोसिएशन द्वारा गलायी गयी फेटो गैलरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा फोटो गैलरी का अवलोकन किया गया। फेटो गैलरी में जनपद के प्रमुख व ऐतिहासिक स्थलों तथा पिछले कुछ वर्षों में निर्मित किये गये मंदूरी एयरपोर्ट, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़, गोरखपुर लिंग एक्सप्रेस वे, राजकीय मेडिकल कालेज आजमगढ़ आदि से संबंधित जानकारियों को फेटोग्राफ्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। यह फेटो गैलरी दिनांक 24 सितम्बर तक आज जनमानस के खुली रहेगी। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया कि हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में लगायी गयी फेटो गैलरी में आकर इसका लाभ उठायें। इसी के साथ ही हरिऔध कला केन्द्र के ऑडिटोरियम में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 से 12 साल तक के बच्चों के मध्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके उपरान्त विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में आकांक्षा समिति आजमगढ़ द्वारा फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत सी महिलाओं द्वारा अपने द्वारा रचित फैशन का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरान्त आकांक्षा समिति द्वारा नूतन जी का हिन्दी स्टोरी टेलिंग का आयोजन किया गया।

कपड़ा व्यवसाई पिता व पुत्र की गोली मार कर हत्या

आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के सरदहा बाजार में बुधवार की सुबह करीब 7.30 बजे कपड़ा व्यवसाई पिता व पुत्र को उनकी दुकान में ही अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद आला अधिकारी सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी। गोपालपुर गांव निवासी रसीद अहमद उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र मुस्तफा सरदहा बाजार स्थित अपने मकान में रेडीमेड कपड़े का व्यवसाय करता था। उसका परिवार भी इसी मकान में रहता है। बुधवार की सुबह वह अपने छोटे बेटे शोएब उम्र 20 वर्ष के साथ दुकान खोल कर साफ-सफाई कर रहा था तभी बाइक सवार तीन लोग मौके पर पहुंचे और दुकान में घुसकर रसीद पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। शोएब जान बचाने के लिए दुकान के दूसरे हिस्से में निर्माणाधीन मकान की तरफ भागा तो अपराधियों ने उसे भी दौड़ा कर गोली मार दी।

कंपोजिट विद्यालय अहन में निरीक्षण के दौरान एमडीएम में मिली अनियमितता

एसडीएम ने जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा ने मुफ्तीगंज विकासखण्ड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय अहन का बुधवार को अचानक पहुचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्र- छात्राओं से जानकारी लेने पर एमडीएम परोसने में अनियमितता पाई गई जिस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा बुधवार को मुफ्तीगंज विकासखण्ड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय अहन का निरीक्षण करने पहुच गयी। निरीक्षण के दौरान वह कक्षा 3 की छात्रा प्रीती तथा दो और छात्रो से जब एमडीएम भोजन मिलने के बारे में पूछी तो उन लोगो ने बताया कि उसे आज भोजन नही दिया गया है। जिस पर एसडीएम नेहा मिश्रा ने प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद से कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि यह बच्चे आज अपना बर्तन साथ लेकर नही आएं है। जिस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। तथा हिदायत दिया कि पुनः कभी फिर ऐसी स्थिति मिली तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बच्चो से सवांद करने के साथ उनसे कई प्रश्न भी किये तथा ब्लैक बोर्ड पर गणित के सवाल हल करवाई। सही उत्तर देने वाले छात्र- छात्राओं को शाबाशी भी दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्याक ने उन्हें विद्यालय के हैंडपम्प की रिबोर करवाने के संदर्भ में जानकारी दी। जिस पर एसडीएम ने बीडीओ मुफ्तीगंज को कॉल कर के विद्यालय के हैंडपम्प का जल्द से जल्द रिबोर करवाने के लिए निर्देश दिया।

संक्षिप्त समाचार

पीयू एमएड प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रवेश परीक्षा 2023 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह के अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम अपलोड है। परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक और जन्मतिथि की प्रविष्टि कर परिणाम देख सकते हैं। एम एड प्रवेश परीक्षा 5 सितंबर 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में हुई थी । उत्तर कुंजी के संबंध में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई।

विधायक द्वारा बिजली की समस्या को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया

जौनपुर (खुटहन) लम्बे समय से बिजली की समस्या से क्षेत्र के लोग जुझ रहे हैं आलम यह है तपती उमस भरी गरमी से बच्चे बुढे जहाँ परेशान रहते हैं वही उचाई वाले इलाकों में धान की सिंचाई करने में किसानों की कमर ही टुट गई किसानों की समस्या को अवधनामा में खबर प्रमुखता के साथ छपी थी चलों देर से ही सही पर सरकार व जिम्मेदार लोगों के कानों तक बात पहुची तो सही जिसको लेकर क्षेत्र के विधायक रमेश सिंह द्वारा बुधवार को अपने आवास पर बिजली विभाग के मुख्य अभियंता वाराणसी अधिशाषी अभियंता शाहगंज के साथ बैठक कर क्षेत्र में हो रही बिजली की समस्याओं से अवगत कराया गया व निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

मुकेश बने युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष

प्रयागराज। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक चौक कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लाल मित्तल ने युवा व्यापारी मुकेश अग्रवाल को प्रभारी विपिन गुप्ता की सहमति पर युवा मंडल का जिला अध्यक्ष घोषित किया। मुकेश एक प्रतिष्ठित व्यापारी हैं जिनका चश्मा का व्यापार है और सामाजिक रूप से भी बहुत सक्रिय है। वह अग्रवाल समाज के पूर्व मंत्री रह चुके हैं और व्यापारियों के बीच में लोकप्रिय है। लालू मित्तल ने कहा कि मुकेश के व्यापार मंडल से जुड़ने पर व्यापार मंडल को एक नई ऊर्जा मिलेगी। संगठन का विस्तार होगा और व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण होगा। नगर के सबसे बड़े व्यापारिक क्षेत्र चौक के व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जाएगा?। प्रभारी विपिन गुप्ता ने मुकेश को माला पहनकर कहा कि संगठन को उनसे बहुत सी अपेक्षाएं हैं। इस अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष रतना जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनूप केशरवानी, राजेंद्र केसरवानी अध्यक्ष गंगा पार, राम जी जैन, अभिषेक मित्तल, कमलेश यादव, आशुतोष जैन, प्रफुल्ल मित्तल, अभिषेक मित्तल, ऋषि मल्होत्रा, राम जी केसरवानी, शक्ति जैन, शक्ति गर्ग, सिद्धार्थ जिंदल, रमन गुप्ता जय हिंद आदि लोग प्रमुख रहे।

नाटक में दिखी बैकस्टेज की दुश्वारियां

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। हिंदी विभाग एवं भाषा केंद्र के तत्वावधान में ईश्वर शरण पी जी कॉलेज के मदन मोहन मालवीय सभागार में उपेन्द्रनाथ अश्क द्वारा लिखित हिंदी नाटक पर्दा उठाओ पर्दा गिराओ का मंचन बुधवार को नाट्य संस्था बुनियाद फाउंडेशन द्वारा किया गया।जिसका निर्देशन युवा रंगनिर्देशक असगर अली ने तथा सहयोगी निर्देशक रही रुचि गुप्ता। नाटक में नाट्य संस्थाओं के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं को अपनी अपूर्व हास्य व्यंग्य भरी शैली में चित्रित किया गया।जिसमें दिखाया गया कि शाम को कन्सर्ट होने के कुछ ही घंटे पहले क्लब के व्यवस्थापक के पास नाटक में अहम भूमिका निभाने वाले किरदार की चिट्ठी आती है, जिसमें वह बीमार होने की बात लिखकर नाटक करने में खुद को असमर्थ बताता है। चिट्ठी पढ़ते ही सभी परेशान हो जाते हैं, लेकिन कंसर्ट का अपने समय पर ही शुरू होना अनिवार्य है।तब व्यवस्थापक और निर्देशक द्वारा किसी तरह से भूमिका में फेर-बदल किया जाता है और ऐसे भी लोग शामिल किए जाते हैं जिन्होंने पहले कभी इतनी अहम भूमिका नहीं निभाई थी।अंततः नाटक तो होता है लेकिन ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है कि वह नाटक सभी दर्शकों के लिए हँसी की वजह बन जाता है। मंच पर प्रियांशु अमन, वैभव त्रिपाठी, अमरनाथ, कोमल, ममता, अनामिका, संतराम, अमरजीत, विजय शुक्ला, संदीप कुमार, अनिल, राज सशक्त अभिनय किया। कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य प्रो आनंदशंकर सिंह ने नाट्य कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रंगकर्मियों को टेक्नोलॉजी युग में रंगकर्म को बचाए रखने की जद्दोजहद के लिए साधुवाद दिया। हिंदी विभाग के डा. महेश प्रसाद राय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया और कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभाग की डा. गायत्री सिंह द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

वामपंथी दलों ने तहसील लालगंज में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया

लालगंज, आजमगढ़। वामपंथी दलों ने देश में बढ़ती हुई महंगाई,बेरोजगारी व संविधान की सुरक्षा को लेकर तहसील लालगंज में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया। वक्ताओं ने कहा कि देश मे डबल इंजन की सरकार को कोसते हुए कहा कि यह सरकार विपक्ष को हर हाल में कमजोर करना चाहती है। महंगाई पर इसका कोई नियंत्रण नहीं है, जो इनके खिलाफ आवाज उठाता है वह सरकारी मशनरी का दुरुपयोग करते हैं ऐसी सरकार को जनता 2024 में उखाड़ फेंकना चाहती है। तहसील और जिला में भ्रष्टाचार बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल है। प्रदेश में अपराध महंगाई चरण सीमा को बढ़ा है। सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।अंत में वक्ताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित 13 सूत्री मांग पत्र उप जिलाधिकारी के माध्यम से नायब तहसीलदार लालगंज हरिशंकर दुबे को सौपा संबोधित किया।

हाईकोर्ट ने कहा: प्यार में बना संबंध रेप नहीं

अवधनामा संवाददाता

शादी से मना करने पर प्रेमिका ने दर्ज कराया था केस, हाईकोर्ट ने रद्द की चार्जशीट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेम प्रसंग के दौरान शारीरिक संबंध बनाने को लेकर अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा है कि यह दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आ सकता। हाईकोर्ट ने एक संतकबीर नगर की युवती की शिकायत पर यह फैसला सुनाया।

युवती का आरोप था कि उसके प्रेमी ने शादी का झांसा देकर पहले रेप किया और बाद में शादी से इंकार कर दिया। साथ ही कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है। साथ ही संतकबीर नगर के जियाउल्ला की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

बुधवार को जस्टिस अनीश कुमार गुप्ता की सिंगल बेंच ने इस केस की सुनवाई करते कहा कि लंबे समय तक चले प्रेम प्रसंग के दौरान बने शारीरिक संबंध को दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने कहा- भले ही किसी भी कारण व शादी से इनकार किया गया है।

संत कबीर नगर के महिला थाने में एक युवती ने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रेमिका ने बयान दर्ज कराते समय कहा था कि 2008 में बहन की शादी के दौरान गोरखपुर में प्रेमी से मुलाकात हुई थी। परिजनों की सहमति से प्रेमी गोरखपुर मिलने उसके घर आने लगा। इस दौरान साल 2013 में शारीरिक संबंध बनना शुरू हो गया।

प्रेमिका का आरोप है कि उसके परिजनों ने प्रेमी को व्यापार करने के लिए सऊदी अरब भी भेजा। जहां से वापस लौटने के बाद उसने शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया। जबकि याची के वकील का कहना था कि शारीरिक संबंध बनाते समय पीड़िता बालिग थी और उसने मर्जी से संबंध बनाए। इसलिए शादी से इंकार करने के कारण झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। कोर्ट ने याची की दलीलों और पीड़िता के बयानों के आधार पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद याची जियाउल्लाह के खिलाफ दाखिल पुलिस की चार्जशीट को रद्द कर दिया।

गो-तस्कर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर (खुटहन)। पुलिस ने कुख्यात गो-तस्कर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर एक बाइक भी बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह व एसआइ राजित राम यादव पुलिस टीम के साथ मंगलवार की शाम गश्त पर निकले थे। मरहट पुलिया पर सामने से बाइक से आ रहे खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकला गांव निवासी शहाबुद्दीन को रुकने का इशारा किया। वह पुलिस टीम देख पीछे की तरफ भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित का चालान कर दिया।

दशलक्षण पर्व के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने की मार्दव धर्म की पूजा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। नगर के ज़ीरो रोड स्थित जैन मंदिर मे दशलक्षण पर्व का दूसरा दिन को मार्दव धर्म के रूप में मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुनि पावन सागर महाराज एवं मुनि श्री सुभद्र सागर के सानिध्य मे एवं पंडित सुनील जैन के निर्देशन में धर्म आराधना व मंत्रोच्चार के साथ केसरिया वस्त्रों में संगीतमय धुनो पर भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया।

पर्व के दूसरे दिन बेनीगंज जैन मंदिर में भगवान की शांतिधारा संतोष जैन ने की। सामूहिक अभिषेक अभिलाष, महेश, नरेश, राजीव, ब्रजेश, अनूप जैन, राजेश जैन एवं ओम जैन ने किया। भगवान के पूजन अर्चन में अरुणा जैन, अर्चना जैन, कमला जैन, नीलम जैन, अन्जू जैन सम्मिलित रही।

उत्तम मार्दव धर्म पर प्रकाश डालते हुए मुनि पावन सागर महाराज ने बताया कि अकसर धन, दौलत, शान और शौकत ईनसान को अहंकारी और अभिमानी बना देता है ऐसा व्यक्ति दूसरो को छोटा और अपने आप को सर्वोच्च मानता है॥

यह सब चीजें नाशवंत है यह सब चीजें एक दिन आप को छोड देंगी या फिर आपको एक दिन जबरन इन चीजों को छोडना ही पडेगा ॥ नाशवंत चीजों के पिछे भागने से बेहतर है कि अभिमान और परिग्रह सब बूरे कामों में बढोतरी करते है जिनको छोडा जाये और सब से विनम्र भाव से पेश आए सब जिवो को जीवन जीने का अधिकार है।

इस अवसर पर सायंकालीन भगवान की आरती एवं बच्चों की फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजयी प्रतियोगियो को पुरस्कृत किया गया। गुरुवार को उत्तम आर्जव धर्म की पूजा की जायेगी।

वर्मी कल्चर एवं वर्मी कंपोस्टिंग का बायो वेस्ट शॉर्ट टर्म कोर्स की शुरुवात

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सी.एम.पी. कॉलेज प्रयागराज की जंतु विज्ञान विभाग में दिनांक 20 सितंबर 2023 को वर्मी कल्चर एवं वर्मी-कंपोस्टिंग ऑफ़ बायोवेस्ट नामक तीन माह के शॉर्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डॉक्टर विनीता जयसवाल संयोजिका जंतु विज्ञान विभाग ने किया। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विजय किशोर सिंह, ट्रेनिंग ऑफिसर, हॉर्टिकल्चर ट्रेनिंग एंड एक्सपेरिमेंट सेंटर, खुसरोबाग प्रयागराज थे। डॉ सिंह ने अपने वक्तव्य में केंचुआ खाद की उपयोगिता को बताते हुए कहा कि यह जैविक खाद पोषक तत्वों के साथ-साथ, विटामिन एवं वृद्धि हार्मोन से भरपूर होती है। इसका प्रयोग बागवानी फसलों के साथ-साथ सब में किया जा सकता है। केंचुआ खाद के साथ-साथ केंचुए एवं वर्मीवॉश को भी बाजार में आसानी से विक्रय किया जा सकता है। डॉक्टर सिंह ने इसके साथ-साथ हॉर्टिकल्चर ट्रेनिंग एवं एक्सपेरिमेंट सेंटर, खुसरोबाग प्रयागराज में होने वाले प्रशिक्षण एवं योजनाओं की भी पूरी जानकारी दी। इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर हेमलता पंत तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर ज्योति वर्मा क्रमशः कोर्स कोकार्डिनेटर एवं कार्डिनेटर ने किया। इस कार्यक्रम में जंतु विभाग विज्ञान विभाग के सभी प्राध्यापकगण एवं 40 प्रतिभागी शामिल थे।

निकाली गई जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर,आजमगढ़। नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, में स्वच्छ भारत मिशन व शासन के निर्देशानुसार मेरी माटी मेरा देश व स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा एवं इण्डियन स्वच्छता लीग 2.0 अभियान के तहत वार्ड नं0-14 से अवर अभियन्ता महावीर भारती व श्री राजन चौधरी सफाई लिपिक की देख-रेख में रैली निकाली गयी और मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत एक मुठ्ठी मिट्टी और एक चुटकी चावल वार्ड के प्रत्येक मकान से एकत्रित किया गया एवं विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें नगर पालिका कर्मियों व जनसहभागिता की भागीदारी में रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया और जनसम्पर्क कर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया व इस अभियान में जुड़ने के लिए आम जनमानस से अपील की गयी। इसी कड़ी में जूनियर हाई स्कूल अमिलो में नगर पालिका परिषद के जेई महावीर भारती तथा लिपिक राजन चौधरी ने अध्यापकों के साथ बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जय महावीर भारती ने बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि सफाई मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है और रोजाना स्नान के साथ साथ बच्चों को सफाई के बारे में बताया।

एनबीएफजीआर और सीएमपी कॉलेज के बीच शैक्षिक और अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्राणीशास्त्र, मछली आनुवंशिकी और जलीय जीवविज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति में, चौधरी महादेव प्रसाद डिग्री कॉलेज, प्रयागराज में प्राणीशास्त्र विभाग और राष्ट्रीय मछली आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ ने एक समझौता किया है। समझौता ज्ञापन (एमओयू)।

15 सितंबर, 2023 को हस्ताक्षरित इस ऐतिहासिक समझौते को प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने देखा- एनबीएफजीआर, लखनऊ के निदेशक डॉ. यूके सरकार और डॉ. हेमलता पंत और डॉ. ज्योति वर्मा प्राणीशास्त्र विभाग, सीएमपी डिग्री कॉलेज प्रयागराज। समझौता ज्ञापन, इन दो प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच अकादमिक आदान-प्रदान, अनुसंधान तालमेल, ज्ञान प्रसार, संसाधन साझाकरण, छात्र विकास, संयुक्त प्रकाशन के लिए एक सहकारी ढांचा स्थापित करता है, जो इन महत्वपूर्ण विषयों में प्रगति और नवाचार को चलाने के लिए उनकी सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग करता है। यह उन्नत अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण, छात्र सशक्तिकरण और नेटवर्किंग, मछली आनुवंशिकी, जलीय जीव विज्ञान और संबंधित विषयों के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता ज्ञापन शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान नवाचार और जलीय जीव विज्ञान के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ज्ञान की उन्नति को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों के समर्पण का प्रतीक है।

FY24 में देश की अर्थव्यवस्था 6.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान, खुदरा महंगाई में भी कमी की उम्मीद

नई दिल्ली। भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़ी एक अच्छी खबर सामने आ रही है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने आज वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने वास्तविक जीडीपी वृद्धि अनुमान में कुछ बदलाव किया है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा कि जीडीपी वृद्धि को पहले के अनुमानित 5.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया गया है। रेटिंग एजेंसी ने सरकार के पूंजीगत व्यय, भारतीय उद्योग जगत और बैंकों की बैलेंस शीट में कमी, वैश्विक कमोडिटी की कम कीमतों और निजी पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए जीडीपी वृद्धि के आंकड़ो में बदलाव किया है। रेटिंग एजेंसी ने लोक सभा चुनावों से पहले चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर कुछ परेशानियों के बारे में बताया है। इसमें वैश्विक विकास में गिरावट शामिल है, जिसने भारत के निर्यात को प्रभावित किया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 फीसदी रहेगी। वहीं वित्त वर्ष 2023 में अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी।

जीडीपी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 फीसदी रहेगी।

निम्न आय वर्ग से संबंधित परिवारों की वास्तविक वेतन वृद्धि वित्त वर्ष 2011 की चौथी तिमाही से कम रही और सिर्फ वित्त वर्ष 2013 की दिसंबर तिमाही में मामूली सकारात्मक हुई है। रेटिंग एजेंसी की मानें तो इसी अवधि में उच्च आय वर्ग से संबंधित परिवारों की वास्तविक वेतन वृद्धि में 9.5 प्रतिशत से 12.7 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक इस वित्त वर्ष खुदरा महंगाई कम रहेगी, और हेडलाइन सीपीआई वित्त वर्ष 24 में 5.5 प्रतिशत पर रहेगा। हालांकि इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने यह भी कहा कि वित्तीय स्थितियां कठीन रह सकती है।

इसके अलावा रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि 5.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करना सरकार के लिए एक चुनौती होगा।

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक FY24 के पहले चार महीनों में सकल कर संग्रह वृद्धि केवल 2.8 प्रतिशत होगी, जबकि बजट में अनुमान 10.4 प्रतिशत है।

अदाणी ग्रुप को मिला नया निवेश, टोटल एनर्जी संयुक्त उद्यम में साथ मिलकर करेगी 300 मिलियन डॉलर का इन्वेस्टमेंट

नई दिल्ली। फ्रांस की टोटल एनर्जी एसई, भारत के अदाणी ग्रुप के साथ मिलकर किए गए ज्वाइंट वेंचर के तहत एक रिन्यूएबल प्रोजेक्ट में 300 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी की ओर से स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बुधवार को ये जानकारी दी गई। अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी ग्रीन की ओर से कहा गया कि एजीईएल के साथ टोटल एक नई 50:50 संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने के लिए 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त निवेश (सीधे या अपने सहयोगियों के माध्यम से) करेगी। अदानी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी थ्री लिमिटेड में 1,050 मेगावॉट का पोर्टपोलियो होगा, जिसमें सौर और पवन के मिश्रण के साथ पहले से ही चालू (300 मेगावॉट), निर्माणाधीन (500 मेगावॉट) और विकासाधीन संपत्ति (250 मेगावॉट) का मिश्रण शामिल होगा।

ट्रूकॉलर ने ब्रांड की नई पहचान और धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए पहले से बेहतर एआई आईडेंटिटी फीचर्स को लॉन्च किया

लखनऊ। ट्रूकॉलर ने आज कॉर्पोरेट रीब्रांडिंग और एक नए ऐप आइकन के लॉन्च की घोषणा की, जिसे गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर पर तुरंत पहचाना जा सकेगा। ब्रांड की नई पहचान को एकदम सही समय पर पेश किया जा रहा है, जो डिजिटल क्षेत्र में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों के अनुरूप है। ट्रूकॉलर के उद्देश्य, ऊर्जा और उत्साह की नई भावना ही इस रीब्रांडिंग की बुनियाद है। इस घोषणा के बारे में बताते हुए एलन ममेदी, सह-संस्थापक एवं सीईओ, ट्रूकॉलर, ने कहा, हमें अपने ब्रांड की नई पहचान और लोगो को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह दर्शाता है कि हम अपने यूजर्स से किए गए वादे को पूरी तरह निभा रहे हैं, साथ ही हर दिन लगातार विकसित और बेहतर होने पर ध्यान दे रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, सभी के लिए संचार को सुरक्षित बनाना ही हमारा मिशन है, जो हमें लोगों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए सर्च कॉन्टेक्स्ट जैसे नए-नए सॉल्यूशंस विकसित करने और यूजर्स की गोपनीयता को बेहतर बनाने के लिए इंजीनियरिंग में सुधार करने की प्रेरणा देता है। ट्रूकॉलर के यूजर्स को ब्रांड की नई पहचान के साथ-साथ एकदम नया व दमदार

एंटी-फ्रॉड फीचर भी मिलता है, जिसे सर्च कॉन्टेक्स्ट का नाम दिया गया है और यह ट्रूकॉलर एआई आइडेंटिटी इंजन का एक हिस्सा है। किसी भी नंबर के सर्च रिजल्ट्स को देखते समय, ट्रूकॉलर के यूजर्स को तुरंत सूचित किया जाएगा कि नंबर का नाम हाल ही में बदला गया है या बार-बार बदला जा रहा है। यह ऐप इस उपयोगी संदेश को तीन अलग-अलग रंगों में भी बाँटता है- नीला रंग न्यूट्रल चेंज, यानी सामान्य बदलाव को दर्शाता है; पीला, जो संभावित रूप से संदिग्ध हो सकता है यदि नाम पिछले 7 दिनों में 3 से अधिक बार बदला गया हो; और अंत में लाल रंग कई बार और लगातार नाम में बदलाव को दर्शाता है, जो काफी हद तक धोखाधड़ी और स्कैम से जुड़ी गतिविधियों का संकेत देता है। ट्रूकॉलर के सभी यूजर्स को एंड्रॉइड, आईफोन और ट्रूकॉलर वेब पर सभी सर्च रिजल्ट में यह संदेश दिखाया जाएगा। ब्रांड की नई पहचान को दुनिया की सबसे बड़ी ब्रांड कंसल्टेंसी, इंटरब्रांड द्वारा तैयार किया गया है और इसे आने वाले हफ़्तों में दुनिया भर में लॉन्च किया जाएगा। नए ऐप आइकन और इसमें किए गए बदलावों को देखने के लिए, यूजर्स को एंड्रॉइड पर ऐप वर्जन 13.34 या नए वर्जन को अपडेट करना होगा, जबकि iOS पर वर्जन 12.58 या नए वर्जन को अपडेट करना होगा। यहाँ हमारे ब्लॉग पर और जानकारी प्राप्त करें और यहाँ से प्रेस ऐसेट्स डाउनलोड करें।

बीएल एग्रो की इकाई बीएल कामधेनु ने उत्तर प्रदेश में अगली श्वेत क्रांति के लिए प्रदेश सरकार के साथ किया करार

बरेली। देश की दिग्गज एफएमसीजी कंपनियों में एक बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी बीएल कामधेनु फार्म्स लिमिटेड की टीम ने आज बरेली में जिला

प्रशासनिक कार्यालय को एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। श्रीमती सौम्या अग्रवाल (बरेली कमिश्नर) की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव के अंतर्गत क्षेत्र के भीतर दुधारू पशुओं, भ्रूण स्थानांतरण तकनीक और मवेशी आईवीएफ तकनीक के लिए एक अत्याधुनिक नस्ल सुधार केंद्र स्थापित करने की योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी।बीएल कामधेनु फार्म्स की प्रस्तुति ने डेयरी उत्पादों और पशुधन की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक समाधानों के साथ डेयरी किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।बी एल कामधेनु भारत में पशु प्रजनन और डेयरी फार्मिंग में क्रांति लाने के एक दूरदर्शी मिशन पर है। इस परियोजना के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उच्च आनुवंशिक योग्यता (एचजीएम) वाली गिर नस्ल की गायों के प्रबंधन की क्षमता के साथ एक प्रजनन केंद्र की स्थापना तक फैली हुई है। कंपनी का दृष्टिकोण सामुदायिक भागीदारी पर जोर देता है, जिसका लक्ष्य किसानों की आय और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह पहल भारत में अगली श्वेत क्रांति में योगदान देने के समर्पण को दर्शाती है।लीड्स कनेक्ट (बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज की एक सहयोगी कंपनी) आजीविका के अवसर प्रदान करके किसानों, ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने और ग्रामीण समाज के आर्थिक उत्थान में योगदान देने के लिए एक पप्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना कर रही है।कार्यक्रम के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि जिला प्रशासन, बरेली इस पहल को सफल बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग देगा। नंद बाबा मिल्क मिशन योजना के अनुरूप, यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रमुख योजनाओं के लाभार्थी इस परिवर्तनकारी कृषि प्रयास में सक्रिय रूप से भाग लें और लाभान्वित हों।

निसान ने आईसीसी ट्रॉफी टूर 2023 के साथ बढ़ाया विश्व कप का उत्साह

गुरुग्राम। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक भागीदार के रूप में, निसान भारत भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए टूर्नामेंट का उत्साह ला रहा है। आधिकारिक टूर्नामेंट ट्रॉफी टूर 27 जून 23 को शुरू हुआ, दुनिया भर की यात्रा के बाद, ट्रॉफी भारत में दिल्ली, मुंबई और चेन्नई के प्रमुख शॉपिंग मॉल में वापस आ गई है, जहां लोग ट्रॉफी देख सकते हैं और अद्भुत 360-डिग्री तस्वीरें ले सकते हैं,प्रतिष्ठित चांदी के बर्तन के साथ। यह आईसीसी के साथ निसान की दीर्घकालिक साझेदारी का जश्न मनाने और क्रिकेट के गौरव के सबसे बड़े प्रतीक, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के उपलक्ष्य में निसान ने

बिल्कुल नया निसान मैग्नाइट कुरो स्पेशल एडिशन भी पेश किया है। बड़े, बोल्ड, खूबसूरत निसान मैग्नाइट कुरो स्पेशल एडिशन में ऑल-ब्लैक एक्सटीरियर और इंटीरियर है, जो इसे प्रीमियम, प्रभावशाली और शानदार बनाता है। स्टाइलिश स्टेटमेंट, लालित्य और परिष्कार का मिश्रण।

टीटीके प्रेस्टीज ने पेश किया नक्षत्र वी2: रसोईघर में आपका सबसे बेहतरीन साथी

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी एवं सबसे भरोसेमंद रसोईघर उपकरण कंपनी टीटीके प्रेस्टीज ने मिक्सर ग्राइंडर्स की एक नई श्रृंखला नक्षत्र वी2 को लॉन्च किया है। भारत के हर रसोईघर में खाना पकाने के अनुभव को नयापन देने के लिये तैयार, यह मिक्सर ग्राइंडर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और स्टाइल का सबसे बढ़िया संयोजन है।

नक्षत्र वी2 में 550 वाट की मोटर दी गई है और यह स्टाइल और कार्यात्मकता दोनों पर फोकस करती है और सबसे कठोर सामग्रियों को भी आसानी से पीस सकती है। इसके स्टेनलेस स्टील जार्स में आकर्षक मिरर फिनिश है। सावधानी से लगाये गये फ्लो ब्रेकर्स के साथ, यह जार पिसाई के सक्षम और स्थायी परिणाम देते हैं। यह आपकी पाककला से सम्बंधित सभी प्रयोगों और चीजों के लिये सबसे बढ़िया हैं और खाना पकाने की तैयारी को आनंददायक बनाते हैं। नक्षत्र वी2 के जार हैण्डल्स स्टाइलिश हैं। ये पकड़ने में आरामदायक हैं तथा लंबे समय तक

इस्तेमाल करने पर भी थकान को कम करते हैं। इस उपकरण को भारतीय रसोईघरों के लिये ज्यादा भरोसेमंद बनाने के लिये इसमें ओवरलोड प्रोटेक्शन दिया गया है, जोकि मोटर को बिजली की आकस्मिक तीव्रता और उतार-चढ़ावों से सुरक्षित रखती है और कुकिंग का सुरक्षित अनुभव सुनिश्चित देती है। नक्षत्र वी2 खूबसूरत पर्पल कलर में भी उपलब्ध है, जिससे खूबसूरती बढ़ती है और यह आधुनिक रसोईघरों की शोभा बढ़ाता है। इसकी भव्य दिखावट न सिर्फ ध्यान खींचती है, बल्कि मॉड्यूलर किचन के कई डिजाइनों के साथ आसानी से मेल भी खाती है।

भारतीय भाषाओं और साहित्य में ज्ञान का जश्न मनाने के लिए न्यू इंडिया फाउंडेशन की पहल

नई दिल्ली। न्यू इंडिया फाउंडेशन(एनआईएफ)ने 2024 में प्रदान की जाने वाली एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप के दूसरे दौर के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में किए गए महत्वपूर्ण नॉन-फिक्शन कार्यों के अंग्रेजी अनुवाद को प्रोत्साहित करना है। यह फैलोशिप भारत की विभिन्न भाषाओं और साहित्यिक ज्ञान परंपराओं के माध्यम से देश के समृद्ध इतिहास को खूबसूरत तरीके से प्रदर्शित करेगी। इस फैलोशिप के पहलेराउंड (बांग्ला, कन्नड़ और मराठी को दिया गया) का प्रकाशन 2025 तक किया जाएगा। ये तीन महत्वपूर्ण अनुवाद फ्लैगशिप बुक फैलोशिप प्रोग्राम के माध्यम से न्यू इंडिया फाउंडेशन के तहत पहले प्रकाशित की गईं 32 पुस्तकों के अतिरिक्त होंगे। ट्रांसलेशन फैलोशिप के जरिये हमारा उद्देश्य स्वतंत्र भारत के सभी पहलुओं पर अनुसंधान और लेखन को प्रायोजित करने के हृढ्स्न के प्रयासों को आगे लेकर जाना है।

जिन दस भारतीय भाषाओं के लिए अनुवादकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं उसमें असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल और उर्दू शामिल हैं।फैलोशिप के प्रतिभागियों के चयन और उनके समर्थन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक भाषा में एक भाषा विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। इस समिति में एक प्रमुख भारतीय लेखक और विद्वान को विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया जाता है। पाठ की पसंद, अनुवाद की गुणवत्ता और संपूर्ण प्रोजेक्ट प्रपोजल के आधार पर यह फैलोशिप प्रदान की जाएगी। 10 भाषाओं में से किसी भी भाषा का नॉन-फिक्शन सोर्स टेक्स्ट यदि वर्ष 1850 के बाद से भारतीय इतिहास के किसी भी सामाजिक-आर्थिक/सांस्कृतिक पहलू पर प्रकाश डालता है, तो उसका चयन किया जा सकता है। यहां शैली की कोई बाध्यता नहीं है। एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप के लिए 1947 के बाद के भारत के अपने मिशन का विस्तार करते हुए व्यापक रूप से परिभाषित आधुनिक भारत को शामिल कर रहा है। फैलोशिप प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 6 लाख रुपये का स्टायपंड प्रदान किया जाएगा। उसे यह प्रोजेक्ट 6 महीने की अवधि में पूरा करना होगा। ऐतिहासिक भारतीय भाषा के ग्रंथों के अंग्रेजी अनुवाद पर काम करने वाले अनुवादकों/लेखकों को यह ट्रांसलेशन फैलोशिप प्रदान की जाएगी। वर्ष के अंत तक, फैलोशिप पाने वालों से अनुवादित कार्यों को प्रकाशित करने की अपेक्षा की जाती है, जो उनके चुने गए प्रस्तावों का एक विस्तार होगा। इस पहल के बारे में बात करते हुए, न्यू इंडिया फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी मनीष सभरवाल ने कहा- अनुवाद फैलोशिप भारतीय भाषाओं म ेंउपलब्ध भारतीय ज्ञान को अंग्रेजी में प्रकाशित करते हुए बड़े पाठक वर्ग तक इसे पहुंचाने का एक प्रयास है। हमारी भाषाओं में समृद्ध बौद्धिक परंपराएं हैं जिन्हें पाठकों तक सुलभ बनाया जाना चाहिए और हम इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं।

आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख- 31 दिसंबर 2023

इस वर्ष इन फैलोशिप की जूरी में एनआईएफ के ट्रस्टी पॉलिटिकल साइंटिस्ट नीरजा जयल गोपाल, इतिहासकार श्रीनाथ राघवन, और उद्यमी मनीष सभरवाल शामिल होंगे। इनके साथ ही सभी 10 भाषाओं में भाषा विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है, जिसमें सम्मानित द्विभाषी विद्वान, प्रोफेसर, शिक्षाविद और साहित्यिक अनुवादक शामिल हैं।

तत्वन ने कानपुर में किफायती और सुलभ हैल्थकेयर सुविधा प्रदान

कानपुर। भारत के अग्रणी टेलीमेडिसिन प्रदाताओं में से एक तत्वन ई-क्लीनिक्स ने कानपुर,उत्तर प्रदेश में अपना नया सेंटर लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कंपनी

द्वारा उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचाने की विस्तार योजना का हिस्सा है और इसके कारोबार के तहत् महत्वपूर्ण उपलब्धि है। तत्वन ई-क्लीनिक्स का नया सेंटर - शिव कृपा मेडिकल एंड सर्जिकल समुदाय के स्तर पर उन्नत, किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों को दूर करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर खोला गया है। इस सेंटर में, अत्याधुनिक टेलीमेडिसिन टैक्नोलॉजी की मदद से एक्सपर्ट डॉक्टरों के साथ कंसल्टेशन, डायग्नॉस्टिक सेवाओं और दवाओं आदि को उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर, आयुष मिश्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तत्वन ई-क्लीनिक्स ने कहा, हम कानपुर में अपना नया सेंटर पेश करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं,जो कि स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने के हमारे लक्ष्य को आगे बढ़ाएगा और बिना भौगोलिक दूरियों के स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएगा। टेलीमेडिसिन टैक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए,हम दूरदराज के इलाकों में रहने वाले मरीज़ों के लिए चिकित्सा सेवाएं सुलभ बनाएंगे और उन्हें अनुभवी मेडिकल प्रोफेशनल्स से कनेक्ट करेंगे ताकि उन्हें समय पर आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। शिव कृपा मेडिकल एंड सर्जिकल की ओनर सुश्री दीक्षा परवाल ने इस बारे में कहा, हम कानपुर में हैल्थकेयर सुविधाओं तक पहुंच में सुधार लाने के लिए काम करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं।

स्नैपचैट के ऑगमेंटेड रियलिटी लेंस गणेश चतुर्थी समारोह को बिल्कुल नए तरीके से जीवंत बना रहे हैं, जिसमें गेमिफाइड अनुभव भी शामिल हैं

नई दिल्ली। गणेश विसर्जन के बाद पर्यावरणीय जिम्मेदारी के महत्व को उजागर करने के लिए खुशियाँ फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया एक अनोखे गणेश चतुर्थी अनुभव के लिए तैयार हो जाइए! स्नैपचैट फेस्टिवल में शानदार तकनीकी मोड़ जोड़ने के लिए तीन मजेदार एआर लेंस पेश कर रहा है। मोदक रन लेंस, बप्पा आरती लेंस और विसर्जन बीच केयर लेंस सहित ये लेंस परंपरा और नवीनता का मिश्रण करते हैं, जिससे उपयोगकर्ता मज़ेदार और इंटरैक्टिव तरीकों से उत्सव में शामिल हो सकते हैं। स्नैपचैट के मोदक रन लेंस के साथ गणेश चतुर्थी का बिल्कुल नए तरीके से अनुभव करें। यह एआर गेम लेंस आपको एक आभासी दुनिया में कदम रखने देता है जहां आप भगवान गणेश के लिए मोदक इकट्ठा करने की खोज में मुशाखराज का मार्गदर्शन करते हैं। यह महज़ एक खेल से कहीं अधिक है; यह एक आनंदमय श्रद्धांजलि है जो भक्ति को मनोरंजन के साथ मिश्रित करती है। स्नैपचैट के बप्पा आरती लेंस के साथ, उपयोगकर्ता वर्चुअल आरती करके खुद को विसर्जित कर सकते हैं और एक गहरा आध्यात्मिक संबंध बना सकते हैं। यह लेंस ऑगमेंटेड रियलिटी के माध्यम से आरती जैसा जीवंत अनुभव देता है। इस साल, स्नैपचैट गणेश विसर्जन के बाद पर्यावरणीय जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करने के लिए खुशियां फाउंडेशन और उनके बीच वॉरियर्स प्रोजेक्ट के साथ सहयोग कर रहा है। इस सहयोग के हिस्से के रूप में, स्नैपचैट एक आकर्षक और गेमिफाइड विसर्जन बीच केयर लेंस पेश कर रहा है, जिसे विशेष रूप से लोगों को वास्तविक दुनिया के सफाई प्रयासों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के इरादे से आभासी सफाई अभियान में शामिल होने में सक्षम बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस लेंस का उपयोग करके समुद्र तट की सफाई की चुनौती को पूरा करने वाले स्नैपचैटर्स को बीच वॉरियर बैज से पुरस्कृत किया जाएगा। खुशियां फाउंडेशन की बीच वॉरियर्स पहल पिछले छह वर्षों से भारत के सबसे व्यापक समुद्र तट सफाई अभियान के आयोजन में सबसे आगे रही है, जिसमें 284 सप्ताह की आक्रामक सफाई का प्रभावशाली रिकॉर्ड है, जिसके परिणामस्वरूप 4000 टन से अधिक प्लास्टिक को समुद्र में प्रवेश

स्विगी और कोका कोला ने अल्टीमेट फूड एवं म्यूज़िक फिएस्टा लखनऊ इज़ कुकिंग की घोषणा की

लखनऊ। स्विगी और कोका-कोला ने साल के सबसे भव्य कुलिनरी और म्यूज़िकल जश्न, स्विगी एक्स कोका-कोला लखनऊ इज़ कुकिंग की घोषणा की है। 'कोलकाता इज़ कुकिंग' की अपार सफलता के बाद, कोका-कोला

नवाबों के शहर, लखनऊ में लोगों की कुलिनरी अपेक्षाओं को बढ़ा रहा है। यह दो-दिवसीय भव्य आयोजन लखनऊ का अल्टीमेट फूड एवं म्यूज़िक फिएस्टा होगा, जो 23 सितंबर और 24 सितंबर, 2023 को आयोजित होगा। इस साझेदारी के बारे में सिद्धार्थ भाकू, नेशनल बिज़नेस हेड, फूड मार्केटप्लेस, स्विगी ने कहा, ''स्विगी में हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, फिर चाहे वो घर पर डाईन-इन करना चाहें, या फिर बाहर जाकर कुलिनरी अनुभव लेना चाहें। स्विगी एक्स कोका-कोला - 'लखनऊ इज़ कुकिंग' के लिए कोका-कोला के साथ हमारा सहयोग इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम कोका-कोला के टाईमलेस रिफ्रेशमेंट के साथ फूड और म्यूज़िक का बेहतरीन मिश्रण पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो सभी को एक खुशनुमा अनुभव प्रदान करेगा।'' इस आकर्षक साझेदारी के बारे में कौशिक प्रसाद, डायरेक्टर, मार्केटिंग, कोका-कोला इंडिया और साउथ वेस्ट एशिया ने कहा, ''कोका-कोला अच्छे फूड की सराहना करता है, और जैसे-जैसे दुनिया में ग्लोबलाईज़ेशन हो रहा है, वैसे-वैसे क्षेत्रीय क्विज़ीन और परंपराओं के प्रति रुचि भी बढ़ रही है। स्विगी एक्स कोका-कोला-लखनऊ इज़ कुकिंग' ईवेंट में ताजगीभरे कोक और बेहतरीन कंपनी के साथ स्वादिष्ट डिशेज़ का साझा डाईनिंग अनुभव पेश किया जा रहा है। मैजिक और ज्वॉय के इस गैस्ट्रोनोमिक सफर में हमारे साथ साझेदारी करने के लिए हम स्विगी को धन्यवाद देते हैं।'' इस फेस्टिवल में स्विगी और कोका-कोला फूड की ओर इस शहर के प्रेम को पूरा करने के लिए स्वाद और मनोरंजन का यह दो दिवसीय जश्न लेकर आए हैं।



एलजी ने 4,000 से अधिक उत्साही प्रतिभागियों के साथ शानदार के-पॉप प्रतियोगिता प्रस्तुत की

लखनऊ। भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्राण्ड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने कोरियन कल्चर सेन्टर के सहयोग से ऑल इण्डिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2023 के ग्रैण्ड फिनाले की मेजबानी की। इस

शानदार कार्यक्रम ने 4,000 से अधिक उत्साही लोगों को एक साथ लाया गया जिन्होंने के-पॉप और कोरियाई संस्कृति के प्रति गहरा प्रेम एक साथ साझा किया। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स को के-पॉप प्रतियोगिता को प्रायोजित करने और कोरिया और भारत के बीच राजनयिक सम्बन्धों की 50वीं वर्षगांठ मनाने पर गर्व था। गौरतलब है कि अप्रैल में एक दीर्घकालिक परियोजना के रूप में शुरू हुई प्रतियोगिता में शुरुआती ऑनलाइन दौर में आश्चर्यजनक रूप से 11,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। दिल्ली की प्राची शर्मा ने गायन श्रेणी में पहली स्थान प्राप्त किया, जबकि नृत्य श्रेणी को इटानगर के समूह विद नाइन ने आल इंडिया के-पॉप कॉन्टेस्ट 2023 जीता। डांस कैटेगरी के फाइनलिस्टों में ईटानगर से विद नाइन दिल्ली से आउटकास्ट्स बेंगलुरु से सेरीन, चेन्नई से एलीट, मुंबई से एक्सिओम और हैदराबाद से टीएच 7 शामिल थे। वोकल कैटेगरी में, प्रतिभागियों में दिल्ली से प्राची शर्मा, हैदराबाद से साई माधव रेला, बेंगलुरु से जयश्री श्रुति जी, चेन्नई से श्रुति रामनारायण, कोलकाता से अभिप्रिया चक्रवर्ती और लखनऊ से मान्या सिंह शामिल थीं। ग्रैंड फिनाले को लोकप्रिय कोरियाई आइडल ग्रुप एमसीएनडी द्वारा बधाई प्रदर्शन और जजिंग द्वारा सम्मानित किया गया। एमसीएनडी, एक ग्लोबल ब्वाय ग्रुप जिसमें कैसल जे, बिक, मिन्जे, हुइजिन और विन शामिल हैं, ने 2020 में अपनी शुरुआत की और न केवल कोरिया में बल्कि दक्षिण अमेरिका, यूरोप, जापान और उससे आगे भी अपार लोकप्रियता हासिल की है। उन्होंने अपने हिट गानों आईसीई-एज और क्रश से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक सुखद आश्चर्य में, उन्होंने प्रसिद्ध भारतीय गीत तू मेरी पर नृत्य प्रदर्शन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया और प्रतिभागियों के साथ एक संयुक्त प्रदर्शन किया, जिसे पिछले साल रिलीज़ हुए एमसीएनडी के लोकप्रिय ट्रैक रुमूड पर कोरियोग्राफ किया गया

उद्यमियों ने फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज के माध्यम से बनाई विकास की नई राह

लखनऊ। फ्लिपकार्ट की वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के माध्यम से उद्यमियों ने विकास की नई राह बनाने में सफलता पाई है। इस सफलता में फ्लिपकार्ट ने महत्वपूर्ण मार्केट इनसाइट्स और डिजिटल स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से अपने प्लेटफॉर्म की ताकत का प्रयोग करते हुए विकास के नए रास्ते खोले हैं और ई-कॉमर्स की क्षमता का लाभ उठाया है। जैसे-जैसे हम इन उद्यमियों की सफलता की कहानी सुनते हैं, हमें सभी कहानियों में एक समानता दिखती है वह है द बिग बिलियन डेज। यह कारोबार की सफलता को नए स्तर पर ले जाने में एक कैटलिस्ट की भूमिका निभाता है। यह सफर अपने कारोबार को सफलता के नए स्तर पर ले जाने की दिशा में बिग बिलियन एक्सप्लोरर्स की प्रतिबद्धता, कठिन परिश्रम और क्षमता को दिखाता है। सफल होने वाले उद्यमियों में हेस्टी टोज का काम करने वाले आगरा उत्तर प्रदेश के आलोक वर्मा ने जूते के कारोबार की पारिवारिक विरासत और क्वालिटी को लेकर अपने पैशन के साथ तीन साल पहले डिजिटल कारोबार का सफर शुरू किया था। बड़े भाई की प्रेरणा और बाजार के बदलते रुख से प्रोत्साहित होकर उन्होंने महिलाओं और पुरुषों के जूते, स्लिपर्स और सैंडल्स बेचने के लिए ई-कॉमर्स को अपनाया था फ्लिपकार्ट के इस वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट बिग बिलियन डेज का इंतजार करते हुए आलोक का उत्साह भी चरम पर है। अपने सपने को लेकर आलोक कहते हैं, मैं अपने कारोबार को और आगे बढ़ाना चाहता हूं। मुझे भरोसा है कि फ्लिपकार्ट के लगातार सहयोग से मैं अपने इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लूंगा।

आठ साल से आंगनबाड़ी केंद्र पर लटक रहा ताला, बच्चों का छिना निवाला

कई केंद्रों पर नहीं पहुंच रही कार्यकत्री, भगवान भरोसे केंद्र

मोतीचक क्षेत्र के भुड़ाडीह टोला चिऊरापाली में केंद्र पर लटक रहा ताला

हाटा क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल में पहुंचे बच्चे

शकील अहमद

जिम्मेदार मौन, कागजी आंकड़ों में थपथपा रहे पीठ, केंद्रों का नहीं करते कभी निरीक्षण

कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)। जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति भगवान भरोसे है। यहां जिम्मेदारों की लापरवाही से केंद्र पर ताले लटक रहे है। उधर सरकार बच्चों को कुपोषण मुक्त एवं शिक्षित करने के लिए हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन यह सिर्फ कागजी आंकड़ों में ही सिमट कर रह गया है। यहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

ऐसा ही एक मामला विकास खंड मोतीचक के गांव भुड़ाडीह टोला चिउरापाली का है। यहां आठ साल से आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटक रहा है। केंद्र पर न तो कभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ही जाति है और ना ही बच्चे पहुंच पाते है। इन नौनिहालों से इन लोगों का कोई सरोकार नहीं है। उधर विभाग के जिम्मेदार कागजी आंकड़ों को उपर दिखा अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त हैं। बता दें कि विकास खंड मोतीचक के गांव भुड़ाडीह टोला चिउरापली में वर्ष 2014 में आंगनबाड़ी केंद्र बनकर तैयार हुआ। उक्त गांव के ग्राम प्रधान संतोष सिंह ने बताया कि जब से आंगनबाड़ी केंद्र बनकर तैयार हुआ तभी से ताला लटक रहा है। करीब आठ साल हो गए है अभी तक उक्त केंद्र का ताला नहीं खुला है न ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रीय व सहायिका ही पहुंचती है। नौनिहालों का सारा सामग्री इन लोगों के द्वारा गोलमाल कर दिया जा रहा है। बच्चों में आज तक पुष्टाहार वितरण नही किया गया है। गांव के राजेश पांडेय, सुरेंद्र साहनी, रवि शर्मा, राजू प्रसाद, दीपक प्रसाद सहित तमाम ग्रामीण व लाभार्थियों में आक्रोश व्याप्त है। इन लोगों का कहना है कि आठ साल से यह केंद्र बंद चल रहा है, इसकी शिकायत कई बार किया जा चुका है, लेकिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इसकी सुधि नहीं ली है जिससे नौनिहालों का निवाला छीन गया है। इस संबंध में प्रभारी सीडीपीओ मोतीचक का कहना है कि सुपरवाइजर के माध्यम से इस मामले को पता करवा रहा हूं।

हाटा क्षेत्र के तुर्कवलिया दरियाव में कभी कभार खुलता है केंद्र

अवधनामा संवाददाता

हाटा, कुशीनगर। हाटा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत तुर्कावलिया दरियाव सिंह में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का हैं, जहा आंगनबाड़ी केन्द्र कभी कभार खुलता हैं जिसके चलते यहां आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे नहीं पढ़ पाते है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते बच्चों को पुष्टहार भी नहीं मिल पा रहा। इससे वह कुपोषण के शिकार भी हो रहे हैं। यह आंगनबाड़ी केंद्र सिर्फ कागजों में चल रहा हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहता हैं। वही प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का कहना हैं कि हमारे विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र कभी कभार खुलता हैं और आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलने से हम लोगों को काफी दिक्कत झेलना पड़ता। छोटे-छोटे बच्चों का दाखिला आंगनबाड़ी केन्द्र में हुआ हैं। और वे बच्चें केन्द्र पर आते उनको हम लोगों को देखना पड़ता अभिभावक उनको घर से विद्यालय में भेज देते है। तुर्कवालिया दरियाव सिंह में संचालित यह केंद्र धरातल पर नहीं सिर्फ कागज़ी आंकड़ों में चलता है। इस मनमानी से गांव के लोग अजीज आ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मेरे गांव का आंगनबाड़ी केंद्र कभी-कभी खुलता है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका कभी कभार आती हैं जब कोई अधिकारी के आने की सुचना उन लोगों को मिल जाता उस दिन केवल केन्द्र पर ये लोग दिखाई देते और कोरमपूर्ती कर चले जाते है।

> इस संबंध में सीडीपीओ हाटा प्रत्युष चंद्रा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा केंद्र न खोलना गंभीर विषय है। मामले की जानकारी करा रहा हूं, अगर इस तरह का मामला स्पष्ट हो जाएगा तो संबंधित आंगनबाड़ी के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

मथौली कस्बे के मुख्य चौराहे पर चला बुलडोजर, हटा अतिक्रमण

कस्बा के मेन चौराहे से अतिक्रमण हटवाती ईओ सीमा राय व चेयरमैन

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। कस्बे के मुख्य चौराहे पर प्रशासन ने बुधवार को सड़क के दोनों तरफ फैले अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटवाया। बता दें कि अतिक्रमण हटवाने के लिए नगर प्रशासन ने व्यापारियों को कई बार नोटिस दिया था। लेकिन किसी ने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया था।

बता दें कि मुख्य चौराहे पर लाइट व सुंदरीकरण का कार्य होना है। उपजिलाधिकारी हाटा हीरालाल के निर्देश पर पूर्व में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा सभी दुकानदारों, मकान मालिकों को नोटिस देते हुए हाटा-कप्तानगंज मार्ग के मथौली कस्बा के किसान इंटर कालेज से लेकर हरिओम चौक तक अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। इसके लिए नगर प्रशासन ने बकायदा कई बार नोटिस दिया था। नोटिस मिलने के बाद व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था जिससे नगर प्रशासन व राजस्व टीम ने बुधवार को जेसीबी मशीन से किसान इंटर कालेज, मेन चौराहा, हरिओम चौक से सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटवाया। उल्लेखनीय है कि मुख्य चौराहे के दोनों तरफ लाइट व सुंदरीकरण का कार्य होना है।

इस दौरान उपजिलाधिकारी हाटा हीरालाल, चेयरमैन नवरंग सिंह, अधिषाशी अधिकारी सीमा राय, थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया, कानुनगो संजय गुप्ता, लेखपाल अमित कुमार, लिपिक हरेराम शर्मा, सभासद प्रिंस जायसवाल, रामकृपाल यादव, रविन्द्र सैनी, प्रिंस मद्धेशिया, अदालत प्रसाद, हेमंत सिंह, दिनेश राव, तहसील प्रशासन, पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही।

नर्सिंग छात्राओं ने चलाया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की छात्राओं ने बुधवार को खत्रीपुरा गांव में जन स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं ने कई विषयों जैसे कृमि संक्रमण, पर्यावरण स्वच्छता तथा हाथ की स्वच्छता का दृश्य प्रदर्शन करके गांव के स्कूली बच्चों को जागरुक किया गया। इसी क्रम में चार्ट पेपर के द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए ग्लोबल वार्मिंग, संक्रमण वाले बीमारियों के रोकथाम तथा विभिन्न प्रकार के भोजय पदार्थ के विषयों में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में नर्सिंग छात्राओं द्वारा स्कूल के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को जलपान दिया गया। यह कार्यक्रम अनामिका जायसवाल, आरोही श्रीवास्तव तथा अक्षय एडवर्ड की देखरेख में हुआ और इसमें बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की 61 छात्राओं की भागीदारी रही।

एकत्रित की गई एक चुटकी चावल और एक मुट्ठी मिट्टी

अमेठी अवधनामा संवाददाता। डीएम के निर्देश के क्रम में नेहरू युवा केंद्र की और से ग्राम पंचायत परसांवा गांव में नेहरू युवा केन्द्र केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत 50 से अधिक घरों में एक चुटकी चावल एक मुट्ठी मिट्टी एकत्रित किया गया। उपनिदेशक ने लोगों को देश के हित में काम करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे जिले में सभी ग्राम पंचायतों में लगातार 30 सितंबर तक चलता रहेगा। कार्यक्रम का संयोजन एनवाईवी सुमित्रा देवी ने किया। इस अवसर पर युवा मंडल के अध्यक्ष सत्यम दयाराम गौतम, रामचंद्र, एनवाईवी विवेक मिश्र, विकास शुक्ला, ललित कुमार प्रदीप कुमार, अंजली साक्षी, आराधना कवित्याजंली, रिंकी, सुधा, काजल, महिमा, रामरती आदि सहित ग्रामीण लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन में उपस्थित लोगों को पंच प्रण की सपथ दिलाई गई।

विजय कुमार श्रीराम जानकी ट्रस्ट के संरक्षक मनोनीत

भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता। आदर्श नगर पंचायत भाटपार रानी के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त को श्री राम जानकी ट्रस्ट के प्रबंधक रामदास गुप्त ने ट्रस्ट का संरक्षक मनोनीत किया है विजय कुमार गुप्त को ट्रस्ट का संरक्षक बनाए जाने पर जहां एक ओर नगर के सम्मानित व्यापारियों में प्रसन्नता व्याप्त है वहीं दूसरी ओर तहसील उद्योग व्यापार मंडल भाटपार रानी के तहसील अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य राजकुमार शाही तहसील महामंत्री पवन कुमार गुप्त तहसील उपाध्यक्ष हनुमान जायसवाल जिला उद्योग व्यापार मंडल देवरिया के अध्यक्ष शक्ति गुप्ता जिला उपाध्यक्ष रामदास गुप्ता जिला महामंत्री योगेश सिंह जिला संगठन मंत्री देवेश कुमार गुप्ता नगर व्यापार मंडल भाटपार रानी के अध्यक्ष विजय कुमार मद्धेशिया महामंत्री राजेश गुप्ता डॉक्टर प्रमोद कुमार बरनवाल सतीश मद्धेशिया गुड्डू मद्धेशिया गुलाबचंद मद्धेशिया अनिल मद्धेशिया सुनील जायसवाल पप्पू अजय जायसवाल अंतरराष्ट्रीय कवि व साहित्यकार डॉ कन्हैया लाल गुप्त किशन पत्रकार चंदन कुमार गुप्ता संजय कुमार गुप्ता प्रमोद कुमार गुप्ता कोमल पटेल विश्राम प्रसाद गुप्ता प्रेम सागर वर्मा यादि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है तथा विश्वास व्यक्त किया है कि विजय कुमार गुप्त के ट्रस्ट का संरक्षक मनोनीत होने से कोर्ट ट्रस्ट का संरक्षक मनोनीत होने से श्री राम जानकी मंदिर विकास कार्य में बढ़ोतरी होगी।

सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आज माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसान दिवस की बैठक में उपस्थित जिला समन्वयक, एग्रीकल्चर इन्श्योरेंश कम्पनी को निर्देश दिये गये कि गत वर्ष कितने किसानों ने क्षतिपूर्ति का दावा किया था, कितने किसानों को क्षतिपूर्ति का लाभ मिला एवं कितने किसानों का दावा किन कारणों से निरस्त किया गया, की सूचना उपलब्ध करायें। उप कृषि निदेशक राजेश कुमार सिंह ने किसान बैठक की शुरूआत करते हुए पिछली कार्यवाही की अनुपालन आख्या पढ़कर कर सुनाया गया। उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

कृषकों से अनुरोध किया गया कि अपने खेतों में फसल अवशेष न जलायें और फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। इसी क्रम में बताया गया कि यदि कोई भी किसान फसल अवशेष जलाता है तो उसके खिलाफ अर्थदण्ड भी लगाया जायेगा। मा0 सर्वोच्च न्यायालय तथा मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकारण के निर्देशों के क्रम में फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध है जिसमें 02 एकड़ तक 2500 रू0 02 से 05 एकड़ तक 5000 रू0 व 05 हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले किसानों के ऊपर 15000 रू0 का जुर्माना तथा कारावास की सजा का भी प्रावधान है। यदि किसान भाई धान की कटाई के उपरान्त पराली में आग लगाते हैं तो सैटेलाईट के माध्यम से विभाग को सूचना प्राप्त हो जायेगी इसलिए कृषकों से अनुरोध है कि किसान भाई अपने खेत में पराली व अन्य अवशेषों का प्रबंधन करें एवं मशीनों का प्रयोग कर उसे मिट्टी में पलट दें अथवा बेस्ट डिकम्पोजर का प्रयोग कर खेत में ही सड़ा दें, जिससे आपकी जमीन की उत्पादकता बढ़े व खाद के लिए आपको कम खर्च करना पड़े। जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने जनपद में उपलब्ध उर्वरकों की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में यूरिया की उपलब्धता 43754, डी0ए0पी0-4808, एन0पी0के0-3363, एम0ओ0पी0-500 एवं सिंगल सुपर फास्फेट-1460 मी0टन उपलब्ध है। इसके अलावा यदि किसी उर्वरक की कमी होगी तो उसको मंगाकर उर्वरक विक्रेताओं को उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसी क्रम में बीजों की जानकारी देते हुए बताया कि इस समय विभाग में तोरिया का बीज 24 कु0 आया है। इसके लिए किसान भाई अपने बीज भण्डार पर जाकर अपना नाम नोट करा दें। किसान भाई तोरिया का बीज प्राप्त कर बुवाई जरूर करें। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि के0सी0सी0 पर 07 प्रतिशत का ब्याज लगता है।

दोनों बच्चों का हुआ अंतिम संस्कार मुखाग्नि देते समय फफक पड़े परिजन

नहर में नहाते समय दोनों बच्चों की डूबने से हो गई थी मौत

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के गडहियां बसंतपुर गांव में मंगलवार की दोपहर बाद दो बच्चों की गांव के समीप बह रही नहर में नहाते समय डूब जाने से मौत हो गई थी। उन दोनों बच्चों का बुधवार को गांव के समीप स्थित श्मसान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। जब दोनों बच्चों को मुखाग्नि उनके पिता ने दिया तो फफक पड़े। ज्ञात हो कि स्थानीय थानाक्षेत्र के गड़हिया बसन्तपुर गांव के समीप से होकर बहने वाली खजुरिया माईनर में ऋषि पंचमी पर्व पर गांव की महिलाएं स्नान करने गई थी। उसी दौरान गांव के अनेकों बच्चे भी वहा पर पहुंच गए। महिलाओं को स्नान करते देख कुछ बच्चे नहर में उतरकर स्नान करने लगे। इसी दौरान पानी के तेज बहाव की धारा में आकर तीन बच्चे डूबते हुवे बहने लगे। उनको इस स्थिति में देखने के बाद महिलाओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। स्थानीय गांव के साहसी युवकों ने पानी मे उतरकर डूब रहे एक बच्चे को बचा लिया पर विपिन राव पुत्र रामकृपाल (12वर्ष) और आर्यन पुत्र प्रमोद मद्धेशिया (8 वर्ष) पानी के तेज बहाव में कही खो गए। नहर में डूबने से दो बच्चों की मौत की खबर सारे आम होते ही स्थानीय गांव सहित आस पास के इलाकों के हजारों लोग मौके पर पहुंच गए। इस घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन भी मौके पर आ गया। ग्रामीणों ने नहर गोताखोरी करके और जाल डालकर लापता हुवे दोनों बच्चों को ढूंढने लगे, इस दौरान एक बच्चा मिला गया। वही कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर आकर नहर में उतर गई। कुछ देर ढूंढने के बाद देर शाम को दूसरा बच्चा भी मिल गया। दोनों मृत बच्चों के पिता ने बुधवार को घर आने पर गांव के पास स्थित श्मसान घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

चेकिंग के दौरान गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

मुंशीगंज (अमेठी)। अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को निरीक्षक पारस नाथ यादव थाना मुंशीगंज मय हमराही द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अमरेश सिंह पुत्र सुरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी कोरारी हीर शाह थाना मुंशीगंज जनपद को कनकसिंहपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया गया है की अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पोषण पाठशाला का आयोजन 25 को

अमेठी। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि प्रदेश सहित जनपद में मंत्री, महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार, उप्र की अध्यक्षता में पोषण पाठशाला का आयोजन 25 सितम्बर को अपरान्ह 12 बजे से 2 बजे के मध्य एन0आई0सी0 के माध्यम से कुपोषण का प्रकार कारण एवं 06 माह से छोटे शिशु के लिए पोषण सेवायें थीम पर वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग द्वारा किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से चर्चा की जायेगी तथा लाभार्थियों से प्रश्न पूछे जायेंगे एवं वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग लिंक http://webcast.gov.in/up/icds द्वारा कोई भी लाभार्थी एवं आम जनमानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकते है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त लिंक का प्रसारण जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया जायेगा जिसमें समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकायें एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ समस्त लाभार्थियों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा।

कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से नहीं होगा समझौता: भूपेन्द्र

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। भाजपा बैतालपुर मण्डल द्वारा बैतालपुर ब्लॉक सभागार में तथा गौरीबाजार मण्डल द्वारा जायसवाल मैरेज हाल में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह का समारोह आयोजित कर अभिनन्दन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मैं भी आप सबकी तरह ही एक सामान्य कार्यकर्ता हूँ। पार्टी नेतृत्व ने जिलाध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी दी है,उसको पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने की कोशिश करूंगा।

कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नही किया जायेगा।जब जिस कार्यकर्ता को कोई काम हो या समस्या हो वो बिना किसी संकोच के हमसे कहे उसके समस्या के समाधान के लिये पूरी तरह से तैयार रहूंगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बैतालपुर प्रभाकर राय ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने एक संघर्षशील कार्यकर्ता को हम सभी के मुखिया की जिम्मेदारी दी है। इनके नेतृत्व में संगठन को हम सभी मिलकर और मजूबत करेंगे। अभिनन्दन समारोह को राजेश कुमार मिश्रा, श्रीनिवास मणि,अरविन्द पाण्डेय बबुना, शशांक मणि, धनुषधारी मणि, डॉ. राधेश्याम शुक्ला,विनय राव, गिरिजेश मणि ने भी सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने तथा संचालन महामंत्री विकास मणि ने किया। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, विश्वजीत सिंह सैथवार, अमित रजक, सुजीत सिंह, राजेश निषाद,मनमोहन सिंह, गोविन्द चौरसिया, प्रदीप जायसवाल, नीलरतन जायसवाल, राहुल मणि, अनिरुद्ध सिंह, बसंत मणि, बच्चा सिंह, सर्वेश नाथ त्रिपाठी, संजय तिवारी, विजय पंडित, संदीप सिंह, शुभम मणि त्रिपाठी, अनिल मणि, सोनू मणि, धन्नजय सिंह आदि रहे।

कसौधन समाज ने मनाया महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। कसौधन सेवा समिति रूस्तमपुर के तत्वाधान में बुधवार को कसौधन समाज के लोगों ने महर्षि कश्यप ऋषि का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ धूम धाम से मनाया। साथ ही महर्षि कश्यप की झांकी के साथ शहर में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली।

शोभा यात्रा पर जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया। कसौधन सेवा समिति के अध्यक्ष रामदयाल गुप्ता कसौधन, उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ कसौधन व सतीश्वरकसौधन तथा महामंत्री हरिलाल कसौधन व कोषाध्यक्ष भोलानाथ कसौधन के नेतृत्व में बुधवार सुबह 10 बजे शोभा यात्रा अरिहंत लान बगहा बाबा मंदिर के पास से निकली। जहां बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया। शोभा यात्रा बगहा बाबा मंदिर से निकलकर महर्षि कश्यप ऋषि मार्ग होते हुए आजाद चौक, नहर रोड, बाईपास, रूस्तमपुर ढाला से दुर्गा चौक होते हुए पुनः अरिहंत लान पहुंचकर समाप्त हुई। मनमोहक झांकियों के साथ सजे महर्षि कश्यप, शिव-पार्वती व राधा-कृष्ण की झांकी शोभा यात्रा जिधर से गुजरी लोगों ने घर की छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया। शोभा यात्रा में महानगर के कसौधन समाज के महिला-पुरूष समेत जनपद के खजनी बाजार, सिकरीगंज, गोला बाजार, कौड़ीराम, पिपराइच समेत बस्ती, महराजगंज व देवरिया से कसौधन समाज से आए लोग भारी संख्या में शामिल रहें। इस दौरान समाजसेवियों ने जगह-जगह लंगर-जलपान की व्यवस्था कर सेवा की। इस अवसर पर विनोद कसौधन, गुलाबचंद्र कसौधन, प्रमोद कसौधन, अनिल कसौधन, रामानंद कसौधन, रामजी कसौधन, श्रीराम कसौधन, राजेन्द्र कसौधन, घनश्याम कसौधन, अनिल कसौधन, सुरेश कसौधन, मनोज कसौधन, सोनू कसौधन, पन्नालाल कसौधन, सुनिल कसौधन, अवधेश कसौध, पवन कसौधन, राधिका देवी, सुभावती देवी समेत भारी संख्या में कसौधन समाज के लोग उपस्थित रहे।

अधिवक्ता को थप्पड़ मारने वाला दरोगा निलंबित

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा हुए लाठीचार्ज का मामलता अभी पूरी तरह से ठंडा ही नहीं हुआ, तब तक एक और अधिवक्ता की पुलिस द्वारा पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ गौरव ग्रोवर ने एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोपी दारोगा को निलंबित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार परिवारिक विवाद को लेकर पिपराइच थाने पहुंचे अधिवक्ता ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक से अपनी पहचान अधिवक्ता के रुप में बतायी। यह बात थाने के एसएसआई को इतनी बुरी लगी की गुस्से से आग बबूला हो कर अधिवक्ता को थप्पड़ जड़ दिया। पीडित अधिवक्ता ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय को घटना की जानकारी दिया। इसके बाद बार के जिम्मेदारों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर से मिल कर एसएसआई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया।



महायोगी गोरखनाथ विवि की रासेयो इकाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की महायोगी आदिनाथ इकाई की तरफ से भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) पीपीगंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के सहायक अध्यापक डॉ विकास कुमार यादव के नेतृत्व में केवीके के प्रशासनिक भवन, बगीचा परिक्षेत्र में छात्रों एवं सफाई कर्मियों ने पौधों की सफाई कर स्वच्छता अभियान का संदेश प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अजीत श्रीवास्तव ने बगीचा परिक्षेत्र में सफाई की महत्ता के बारे में बताया। साथ ही बगीचा परिक्षेत्र में लगने वाले मुख्य खर पतवार के नियंत्रण के बारे में जानकारी दी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में महेसरा पुल के पास स्थित मंदिर परिसर में साफ -सफाई की गई। सफाई अभियान में अलग अलग इकाई से कार्यक्रम अधिकारी सुप्रिया गुप्ता, धनंजय पांडेय, पैरामेडिकल के शिक्षक कुंवर अभिनव सिंह राठौड़, मृदुला, शिवांगी, अंजू, स्मिता, अंतिमा, दीपिका, अनुराधा, प्रीति, अमृता, भूमिका, खुशी, ज्योतिमा आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

प्रतिकूलता में अनुकूलता सृजन करने में समर्थ होता है स्काउट

बाजार शुकुल (अमेठी)। जेबी पब्लिक इन्टर कालेज में प्रशिक्षण के अंतिम दिन स्काउट गाइड ने अपने हुनर दिखाये। भारत स्काउट गाइड द्वारा स्काउट के सिद्धांत सहित अनेक गुरु सीखे जिसमें मानव जीवन में रस्सी की उपयोगिता, पिरामिड बनाना, गाँठ बनाना, टेन्ट बनाना आदि जरूरी विन्दुओं पर ट्रेनिंग काउन्सलर द्वारा प्रकाश डाला गया। जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर जनपद के विद्यालयों में भारत स्काउट -गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में छात्र/ छात्राओं में राष्ट्र की रक्षा के भाव जागृत किये गये।जे बी पब्लिक इन्टर कालेज में ट्रेनिंग काउन्सलर प्रतीक सिंह, शुभम कुमार, तथा गाइड प्रशिक्षक शबनूर बानों द्वारा लगातार 18 सितम्बर से 20 सितम्बर तक प्रशिक्षण चलाया गया।जिसमें स्काउट गाइड की आठ टोलियाँ बनाई गईं थी।जिन्हें स्काउट सिद्धांत और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। समापन दिवस पर टोली में बाँटे गये स्काउट गाइड ने सुन्दर झोपडी, रंगोली,और पिरामिडों का साहस पूर्ण प्रदर्शन कराया गया।

संजय गांधी अस्पताल पर कार्यवाही से कांग्रेसी आंदोलित, दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। संजय गांधी अस्पताल पर कार्यवाही से कांग्रेसी आंदोलित हैं। बुधवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा।

ज्ञापन में मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, यह आदेश मानवता के खिलाफ है, यह किसी दुर्भावना से ग्रसित होकर कार्यवाही की गई है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांधी परिवार की संस्था संजय गांधी चिकित्सालय को सीज किये जाने के बाद आज अस्पताल के कर्मचारी भी मैदान में उत्तर पड़े हैं। संजय गांधी चिकित्सालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में महिला और पुरुष कर्मचारियों ने अमेठी के जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रा से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।जिसमे कर्मचारियों ने लिखा है कि उनके सामने अस्पताल सीज होने से अजीविका का संकट खड़ा हो गया है वह सभी बेरोजगार हो गए हैं। चिकित्सालय बंद होने से अमेठी क्षेत्र के लाखों लोगों के सामने इलाज की असुविधा खड़ी हो गई है कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि कर्मचारियो के सामने उत्पन्न अजीविका के संकट और क्षेत्र की जनता के हित को देखते हुए निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, धर्मेन्द्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

नवाचार के रूप में लेमन ग्रास की खेती को अपनाएं जिले के कृषक: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने जिले के किसानों का आहवान किया कि परम्परगत खेती के साथ नित्य नई तकनीक, नवाचार, वैज्ञानिक शोधों तथा कृषि आधारित व्यवसाय, पशुपालन, मौनपालन एवं औद्यानिक खेती को अपनाकर अपनी आय में गुणात्मक इज़ाफा करें। सीडीओ ने जिले के कृषकों से कहा कि कृषि एवं एलायड विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाते हुए कृषि के क्षेत्र में नवाचार को अपनाने में कतई संकोच न करें। उन्होंने कहा कि हो सकता है पहले प्रयास में आपको सफलता न मिले परन्तु पहले प्रयास से मिला अनुभव आपके सम्पूर्ण जीवन में काम आने वाला है।

सीडीओ कविता मीना ने कहा कि कृषकों के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद में अच्छा कार्य हुआ है। जिसके लिए जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कृषकों को सम्मान प्राप्त होने जिले को अनेको बार गौरान्वित होने का मौका मिला है। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों को सुझाव बाज़ार की मांग के अनुसार फसलों का चयन करें इससे आपको अपनी उपज बेचने में आसानी तो होगी साथ ही अच्छा मूल्य भी प्राप्त होगा। उन्होंने कृषकों सुझाव दिया कि नवाचार के रूप में लेमन ग्रास की खेती को अपनाकर न्यूनतम 68 हज़ार प्रति एकड़ आज अर्जित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि लेमन ग्रास की एक बार बोआई करने पर आगामी छः वर्ष तक फसल प्राप्त की जा सकती है। बैठक के दौरान प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह एवं राजेश कुमार विश्वास व अन्य ने पयागपुर क्षेत्र अन्तर्गत लगभग 05 हज़ार हे. भूमि को जलभराव की समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु जमुआर नाला निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने की मांग की। इस सम्बन्ध में सरयू नहर खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि मौके की जांच कर आख्या प्रस्तुत करें। ओंकार नाथ पाण्डेय ने अलादादपुर में निर्मित ओवरहेड टैंक से जलापूर्ति न हो पाने की समस्या का समाधान कराये जाने की मांग पर अधि.अभि. जल निगम को अपेक्षित कार्यवाही के निर्देश दिये गये। उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने किसानों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत आगामी किश्तें केवल उन्हीं किसानों को भुगतानित की जाएंगी जिनका भूलेख अंकन, बैंक खातों की आधार सीडिंग तथा पीएम-किसान पोर्टल पर ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। श्री शाही ने किसानों को सुझाव दिया कि तहसील एवं ब्लाक स्तर पर संचालित पीएम-किसान सेवा केन्द्र/शिविर के माध्यम से ईकेवाईसी, आधार सीडिंग तथा भूलेख अंकन से सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण करा लें ताकि पेंशन प्राप्त करने के असुविधा न हो। इस अवसर पर प्रगतिशल कृषक रामफेर पाण्डेय, ओमपाल सिंह, राम सागर वर्मा, अम्बिका प्रसाद, मुन्ना लाल वर्मा, अमित कुमार सिंह, मनोज कुमार वर्मा, चूरामणि उपाध्याय, लालता प्रसाद गुप्ता, शशांक सिंह, फूलचन्द गिरी, अभिषेक शुक्ला, विनय सिंह सहित अन्य एफपीओ निदेशकों/ सदस्यों द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। किसान दिवस के दौरान 02 एफपीओ के शेयरधारकों को सीडीओ द्वारा अंश प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद लवजिहाद का शिकार हुई विवाहिता

अवधनामा संवाददाता

- मुंबई में छोड़कर फरार हो गया प्रेमी
- सुल्तानपुर पहुंची पीड़िता तो ससुरालीजनों ने घर में घुसने नहीं दिया

सुल्तानपुर। जनपद में भी लव जिहाद का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर एक शादीशुदा लड़की सुल्तानपुर के हारून नाम के एक युवक को दिल दे बैठी । ढाई साल तक दोनों में अफेयर चला । अंतोगत्वा अगस्त माह में उसने निकाह किया और प्रेमी के साथ मुंबई से उसके घर सुल्तानपुर आई। यहां से एक सप्ताह बाद उसे प्रेमी ने मुंबई पहुंचाया और फरार हो गया। जैसे-तैसे पांच दिन पूर्व वो प्रेमी के घर पहुंची जहां उसे घर के अंदर इंट्री नहीं मिल रही। पुलिस की चौखट पर वो न्याय मांगने पहुंची जहां से उसे बैरंग लौटना पड़ा।

दरअस्ल मुंबई की रहने वाली रेखा प्राइवेट जॉब करती थी। वो इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर डालती थी। जिसमें उसकी मुलाकात नासिक में काम करने वाले मोहम्मद हारून से हो गई। कुछ दिनों में दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। ये सिलसिला ढाई सालों तक चला। रेखा की माने तो उसे पता चला कि हारून के घर वाले उसकी शादी करने वाले हैं तो वो उससे अलग हो गई। फोन बंद कर लिया तो हारून उससे खोज कर मिला और कहा शादी नहीं करोगी तो मैं ज़हर खाकर जान दे दूंगा।

इसके बाद 22 अगस्त 2023 को मुंबई में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर निकाह कर डाला। वहां से करीब एक सप्ताह बाद हारून उसे लेकर सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना अंतर्गत शहजौरा अलियाबाद अपने गांव ले आया। दोनों यहां सप्ताह भर तक रहे उसके बाद हारून रेखा को लेकर मुंबई गया फिर उसे वहां छोड़कर फरार हो गया। रेखा ने प्रेमी हारून को काफी तलाशा जब वो वहां नहीं मिला तो करीब 5 दिन पूर्व वो सुल्तानपुर स्थित उसके पैतृक गांव पहुंची। रेखा का आरोप है कि हारून का मोबाइल बंद है और परिवार वाले उसे नजर बंद किए हैं।

यही नहीं रेखा का ये भी आरोप है कि हारून के माता-पिता व बहन आदि उसे घर में भी नहीं घुसने दे रहे हैं। उनका कहना है कि दहेज लेकर आओ तब घर में जगह मिलेगी।

कलेक्टर बिटिया प्रोग्राम के तहत कोचिंग प्राप्त कर रही बालिकाओं से सीडीओ ने की भेंट

- बैटरी ऑपरेटेड स्प्रे मशीन का किया अवलोकन

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने शिवा एग्रो कृषक उत्पादक संगठन के तत्वावधान में संचालित ध्येय आईएएस फाउण्डेशन अन्तर्गत कलेक्टर बिटिया प्रोग्राम के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रही बालिकाओं से मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने भेंट कर उन्हें सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सलाह दी। इसके उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी ने डीडी एग्री टी.पी. शाही व जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय के साथ बीएमजीएफ समर्थित टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (टीएसयू), कृषि विभाग बहराइच द्वारा नियो फार्म टेक्नोलॉजी से निर्मित बैटरी ऑपरेटेड स्प्रे मशीन के प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए इसे कृषकों के लिए उपयोगी बताते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि जिले के विकास खण्डों पर प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को स्प्रे मशीन की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की जाय। टेक्निकल सर्पोट यूनिट के सलहकार अरविन्द मिश्रा ने बताया कि एफपीओ इस तकनीकी को अपनाकर कम समय में अधिक फसलों पर छिड़काव कर सकते है। उन्होनें बताया कि यह तकनीकी महिलाओं के लिए आसान होगा। इसको चलाना उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह, कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, प्राविधिक सहायक कृषि प्रदीप कुमार तथा कई प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

जीवन में अहंकार नहीं सरलता जरूरी: आचार्यश्री

ललितपुर। दूसरों की बुराई नहीं अपने को देखने में ही धर्म है। जिसको मन को समझने की इच्छा आ गई तो समझो धर्म समझने की बुद्धि आ गई यही मार्दव धर्म है। अपने जीवन को ऐसा बनाए कि कोई दो बाते कहकर हल्का हो जाए। उक्त विचार जैन पार्श्वनाथ दि0 जैन अटा मंदिर में पर्यूषण पर्व पर मार्दव धर्म का विवेचन करते हुए उच्चारणाचार्य विनम्रसागर महाराज ने व्यक्त किए। आचार्यश्री ने कहा जव कोई तुम्हारे जीवन में आंसू पोछने आ जाए किसी के सहयोग करने का भव आ जाए तो समझ लेना मार्दव धर्म प्रकट हो गया। मुनिश्री ने भारतीय संस्कृति परम्परा का जिक्र करते हुए कहा हमारी परम्परा है हम बडों के चरणों में झुकते हैं तो हमारे यहां वडे पहले ही झुकने वाले को अपना लें और अपनी छाती से लगा लें। मार्दव का अर्थ इतना सरल हो जाओ कि बडे तुम्हें अपना बना लें।

अन्त्योदय कार्ड धारकों को 18 रू. की दर से मिलेगी 03 किलो चीनी

- जिले में 12 सितम्बर से प्रारम्भ है खाद्यान्न का वितरण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह सितम्बर 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 12 सितम्बर से प्रारम्भ हो गया है, वितरण कार्य 23 सितम्बर तक होगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण किया जायेगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशनकार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण भी रू. 18 प्रति किलो की दर से किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि उक्त दोनों योजना के कार्डधारकों को गेहूँ का वितरण 02 रूपये प्रति किलो तथा चावल 03 रूपये प्रति किलो की दर से किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि वितरण कार्य ई-पॉस मशीन के द्वारा आधार प्रमाणीकरण प्रक्रिया के द्वारा होगा, जिन लाभार्थियों का अंगूठा अपरिहार्य कारणों से ई-पॉस मशीन पर नहीं लगेगा (आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होगी) उन्हें 23 सितम्बर को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के आधार पर वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि अंगूठा लगाने के बाद तत्समय खाद्यान्न प्राप्त कर लें, यदि किसी कोटेदार द्वारा किसी कार्डधारक को राशन नहीं दिया जाता है।

नेमवि में वर्तमान परिदृष्य और हिंदी विषय पर संगोष्ठी संपन्न

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत वर्तमान परिदृश्य और हिंदी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की हिंदी अपने स्वभाव और मधुरता के कारण सर्वप्रिय है। हिंदी सभी सोपानो को पार करती हुई आज अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनने की ओर अग्रसर हो रही है देश दुनिया में हिंदी का रुतबा निरंतर बढ़ रहा है जो सभी हिंदी प्रेमियों के लिए गौरव की बात है। पूर्व प्राचार्य प्रो.भागवत नारायण शर्मा ने कहा कि हिंदी सर्वाधिक ऋणी संस्कृत की है। हिंदी का आधार संस्कृत है। संस्कृत के बिना हिंदी की परिकल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हिंदी में सर्वग्रहिता है। संस्कृत विभाग अध्यक्ष प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि हमें सभी भाषाओं का समान आदर करते हुए संस्कृत के साथ हिंदी को भी अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्थान देना चाहिए जिससे हम दोनों भाषाओं का गौरव दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। इतिहास विभाग के प्रो.पंकज शर्मा ने कहा की हिंदी में निरंतर नए-नए प्रयोग हो रहे हैं, जिससे हिंदी व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही है। उन्होंने राजभाषा और राष्ट्रभाषा के स्वरूप की भी व्याख्या की। संगोष्ठी में हिमांशधर द्विवेदी, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.सुभाष जैन, डा.दीपक पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रो.आशा साहू, अनीता, डा.मनोज कुमार, डा.रोशन सिंह, डा.संजीव शर्मा, डा.सूबेदार यादव, डा.ओपी चौधरी, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.दीपक पाठक, डा.बलराम द्विवेदी, डा.राजीव निरंजन, डा.जगवीर सिंह, डा.पराग कुमार, डा.प्रीति सिरोठिया, डा.राजेश तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, रमेश पाल, संजय शर्मा, हरदयाल, श्रीपत सिंह, कमलेश एवं छात्र-छात्र उपस्थित थे। संगोष्ठी का संचालन डा.सुधाकर उपाध्याय ने किया।

एचआईवी/एड्स से लोगों को महफूज़ रखने को लेकर प्रताप सेवा समिति ने रचा नया आयाम

अवधनामा संवाददाता

- एचआईवी/एड्स की जानकारी ही बचाव है,इसके लिए समिति लोगों के बीच में रहकर जन-जागरण अभियान चला रही है: सचिव

सुलतानपुर। सेवा,समर्पण और जन-सहयोग के माध्यम से समाजसेवा के क्षेत्र में प्रताप सेवा समिति ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया है, जहां पहुंचने के लिए इंसान को बहुत लंबा सफर तय करना पडेगा ।प्रताप सेवा समिति ने तीन दशक का सफर यूं ही नही तय किया है, इस यात्रा में कभी आंधी कभी तुफान तो कभी भूकंप से भी जूझना पड़ा है।आज प्रताप सेवा समिति किसी पहचान की मोहताज नही है, बल्कि अपने किरदार से हजारों चेहरे पर मुस्कान और उनसे जुड़े हुए परिवारों को सम्मान के साथ समाज में सर उठाकर चलने का अवसर देने का काम किया है। एचआईवी/एड्स एक ऐसा संक्रमण है, जिसे सुनते ही लोग गैरो से ही नही अपनों से भी किनारा कर लेते है।संक्रमित लोगों का समाजिक वहिष्कार तक कर दिया जाता है, ऐसे संक्रमितों के साथ प्रताप सेवा समिति उन्हें अपनेपन का एहसास ही नही बल्कि मुख्यधारा में लाकर सफल और सुगम जिंदगी जीने के लिए प्रेरित करने का काम कर रही है। अपने द्वारा किये जा रहे एड्स/एचआईवी के क्षेत्र में कार्यो की समीक्षा को लेकर एक गोष्ठी और समित के अध्यक्ष रहे राजन चौधरी के आकस्मिक निधन पर पर श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के पदाधिकारी, सदस्य व गणमान्य लोगों ने शिरकत किया। मुख्य अतिथि डॉ.एसके श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि क्षयरोग परीक्षण अधिकारी सुरेश जी ने समिति द्वारा किये जा रहे कार्यो का मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहाकि प्रताप सेवा समिति ने एचआईवी/ एड्स जैसे घातक संक्रमण को संक्रमितों के बीच उतरकर उन्हें एहसास दिलाया की नियमित और संयमित रहकर बेहतरीन जीवन जिया जा सकता है।

संक्षिप्त समाचार

डीएम से मीडिया ने की थी गलत सस्पेंशन की शिकायत

सुलतानपुर। मीडिया में जर्जर भवन के मामले में हेड मास्टर ने बयान दिया था जिस पर बीएसए ने सस्पेंड कर दिया था।जिसकी शिकायत उसी दिन कई पत्रकारों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से बीएसए की इस कार्यवाही पर आक्रोश जताते हुए तत्काल निलंबन आदेश को वापस लेने की बात कही थी।डीएम ने जल्द से जल्द आदेश वापस लेने का निर्देश बीएसए को दिया था।यही नहीं कई सत्ता धारी नेताओ ने इस एक्शन को गलत ठहराया था।फिलहाल बीएसए ने हेड मास्टर मालती सिंह को बहाल कर दिया है। खैर डीएम ने ऐसे ही नही शामली जनपद में तीन साल तक रहने का रिकॉर्ड बनाया था। गजब की सूझबूझ उनके कार्यशैली में दिखती है। ऐसे कर्तव्यनिष्ठ जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से मीडिया में बयान देने वाली शिक्षिका मालती सिंह को बीएसए ने आदेश निर्गत तिथि से बहाल कर दिया है।साथ ही जांच प्रक्रिया गतिमान रहेगी।

हरौरा बाजार से बाइक गायब, थाने पर दी तहरीर

सुलतनपुर। थानाक्षेत्र धनपतगंज के स्थानीय बाजार हरौरा में एक बाइक बीते शाम 19 सितम्बर को गायब हो गयी। पीड़ित कुछ घरेलू कार्य हेतु बाज़ार पहुंचा था और सुपर इसपेलेंडर बाइक सब्जी खरीदने चला गया जब वापस लौटा तब तक बाइक चोरों ने बाइक गयाब कर दी। पीड़ित जिगर सिंह पुत्र रघुनाथ ने ग्राम आरडीह निवासी ने धनपतगंज थाने में तहरीर देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की शिक्षक कार्यशाला संपन्न

ललितपुर। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाली 31 में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कार्यक्रम में इस वर्ष के मुख्य विषय स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए परतंत्र को समझने के संदर्भ में विज्ञान शिक्षक की कार्यशाला का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डा.रितेश कुमार खरे ने बताया कि बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रोजेक्ट मुख्य विषय से संबंधित एवं स्थानीय समस्या पर आधारित सर्वेक्षण अथवा प्रयोग द्वारा संपन्न किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट का कार्य क्षेत्र छोटा व स्थानीय होना चाहिए, जिससे स्थानीय समस्या संभावित कारण परिकल्पना प्रयोग अथवा सर्वेक्षण आंकड़ों का संग्रह एवं विश्लेषण अंत में समस्या का वैज्ञानिक निदान होना चाहिए। विशेषज्ञ डा.रामकुमार रिछारिया ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तहत बच्चों के लिए एक ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से वैज्ञानिक चेतना चिंतन एवं शोध की क्षमता जागृत कर सकती है। जिला समन्वयक शैलेंद्र श्रीमाली ने बताया कि 10 से 17 वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा दो-दो समूह के स्थानीय समस्या पर आधारित प्रोजेक्ट बनाए जाते हैं।

अलख जगा रहा विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी मंत्रालय

अवधनामा संवाददाता

बल्दीराय,सुल्तानपुर। एन.सी.एस.टी.सी, डी.एस.टी. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार तथा विज्ञान जागृति संस्थान के तत्वावधान में उद्यमिता एवं नवाचार द्वारा भारत के ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु, विज्ञान प्रदर्शनी एवं जागरूकता मेला के माध्यम से सुल्तानपुर में विज्ञान का अलख जगा रहा है।ऐसा देखा जाता है कि अपने देश के ग्रामीण स्कूल कालेजों में ऐसे विधार्थी होते है जिनके अंदर अपने विशेष ज्ञान के कारण कुछ नया उत्पाद बनाना की क्षमता होती है, या ऐसे किसान होते है।जिनके ज्ञान से कृषि उत्पादन बढ़ा सकते हैं, ऐसे युवा भी होते हैं जिनके पास वैज्ञानिक आईडिया या योजना होती है, ऐसे उपरोक्त सभी लोगो के लिए हैं।विज्ञान प्रदर्शनी एवं जागरूकता मेला सुल्तानपुर में इनोवेशन के माध्यम से कमजोर लोगो की आर्थिक उन्नति के लिए विज्ञान प्रदर्शनी एवं जागरूकता मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। उपरोक्त कार्य हेतु,विज्ञान जाग्रति संस्थान को ये जिम्मेदारी दी गयी हैं। डॉ सुधीश कुमार शुक्ला प्रिंसिपल को कोऑर्डिनेटर, प्रोफेसर शोभित विश्वविद्यालय ने बताया की देश के प्रसिद्ध पर्यावरण विद विज्ञान संचारक डॉ मृदुल शुक्ल के नेतृत्व में सुल्तानपुर के गावं- गावं में विज्ञान दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए लगातार वैज्ञानिक व्याख्यान विज्ञान गोष्ठी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में रानी लक्ष्मीबाई स्मारक बालिका इंटर कॉलेज एवं महिला महाविद्यालय कूरेभार सुल्तानपुर में दिनांक 28 सितंबर 2023 से विज्ञान प्रदर्शनी एवं जागरूकता मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। इस विज्ञान मेले में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं, जिनमें से भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान वाद-विवाद प्रतियोगिता, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, विज्ञान स्लोगन प्रतियोगिता, विज्ञान रंगोली प्रतियोगिता, विज्ञान नाटक प्रतियोगिता , विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएगी और सभी प्रतियोगिताएं का मूल्यांकन वैज्ञानिकों के विभिन्न पैनल द्वारा किया जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई स्मारक बालिका इंटर कॉलेज एवं महिला महाविद्यालय के प्रधानाचार्य मालती वर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि इस विज्ञान मेले के होने से आप सभी के अंदर एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा। रानी लक्ष्मीबाई स्मारक बालिका इंटर कालेज एवं महिला महाविद्यालय के कार्यवाहक नवीन कुमार गुप्ता ने कहा इस विज्ञान मेले से छात्र-छात्राओं में विज्ञान अभिरुचि और आगे बढ़ाने की जिज्ञासा उत्पन्न होगी। अखिल भारतीय विज्ञान दल युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुलतानपुर वृजेंद्र मिश्रा ने कहा विज्ञान प्रदर्शनी एवं जागरूकता मेला के बारे में जिले भर के कोने-कोने में जानकारी दिया जा रहा है। और गांव में जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

पीआरवी ने घायलों को समय से पहुंचाया अस्पताल, सभी बचे

ललितपुर। जिले में तैनात पीआरवी की पुलिस टीम द्वारा लगातार सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बीती देर रात सड़क किनारे घायलावस्था में पड़े लोगों को पीआरवी की मदद से उपचार के लिए समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सभी घायलों को बचाया जा सका। पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो.मुश्ताक द्वारा जनपद में संचालित यूपी 112 की दो पहिया एवं चार पहिया पीआरवी में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को किसी भी इवेन्ट, सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर पीडित अथवा घायलों को हरसंभव मदद के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में 19 सितम्बर की रात करीब 11.30 बजे थाना मड़ावरा क्षेत्रान्तर्गत यूपी 112 पीआरबी 2608 में तैनात पुलिस कर्मी किसी सूचना पर नई तहसील से बम्होरी कलां की ओर जा रहे थे कि तभी रास्ते में देखा की एक टैक्सी जो अनियंत्रित होकर पलट गई थी। जिसमें कुछ महिलाएं और बच्चे सवार थे।

आउट सोर्स कर्मियों को समायोजित करने की उठायी मांग

अवधनामा संवाददाता

- मृतक लाइनमैन के परिजनों को तत्काल दुर्घटना हित लाभ दिलाया जाये
- माह अगस्त का वेतन शीघ्र दिलाये जाने की भी मांग
- उ.प्र.पावर कारपोरेशन नि. संविदा कर्मचारी संघ ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। हटाये गये आउटसोर्स कर्मियों को समायोजित किये जाने एवं लाईनमैन स्व.जगभान के परिजनों को दुर्घटना क्लेम राशि अतिशीघ्र दिलाये जाने की मांग के साथ ही माह अगस्त का भुगतान कराये जाने की मांग को लेकर उ.प्र.पावर कारपोरेशन नि. संविदा कर्मचारी संघ ने जिलाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव एवं महामंत्री अब्दुल हक के संयुक्त नेतृत्व में एक ज्ञापन अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खण्ड को सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि विद्युत वितरण मण्डल के अन्तर्गत कार्य कर रहे उपकेन्द्र परिचालक सहायक को प्रबन्ध निदेशक द्वारा 31 मार्च 2023 को पत्र के माध्यम से कार्य से हटाया गया था। वर्तमान पत्रांक संख्या-11157 दिनांक 16.09.2023 के द्वारा पुनः परिचालन कार्य हेतु अकुशल कर्मचारियों को बहाल करने के आदेश को प्रबन्ध निदेशक द्वारा आदेशित किया गया है। उन्होंने उक्त आदेश को ध्यान में रखकर हटाये गये ललितपुर उपकेन्द्रों पर कर्मचारियों को बहाल करने की मांग उठायी। इसके अलावा लाइन मैन स्व.जगभान जो कि बांसी पावर हाऊस पर तैनात थे, जिनकी पूर्व में विद्युत दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी के परिजनों को दुर्घटना हित लाभ नहीं मिला है, जिसे शीघ्र दिलाये जाने की भी मांग उठायी गयी। इसके अलावा माह अगस्त का आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन लाम्बित चल रहा है। माह सितम्बर भी आधे से ज्यादा बीत जाने के बाद भी माह अगस्त का वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते कर्मचारियों को आर्थिक संकट पैदा हो रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द माह अगस्त का वेतन भुगतान कराने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया।

जन शिकायतों के निस्तारण में नहीं चलेगी अधिकारियों की लापरवाही: डीएम

अवधनामा संवाददाता

- डीएम नेहा शर्मा की पहल पर 96 ग्रामों में हुआ है ग्राम चौपाल का सफल आयोजन
- पीडब्ल्यूडी, बिजली, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग समेत सभी अन्य को 3 दिन का दिया गया समय
- जनशिकायतों पर चलताऊ टिप्पणी या रिपोर्ट मंगाने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं
- निर्देश, शिकायतकर्ताओं का पूरा विवरण दर्ज किया जाए, लिया जाएगा फीडबैक

गोण्डा। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर सख्त रुख अपनाया हैं। इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अधिकारियों को भारी पड़ सकती है। जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विभागों से आख्या मांगी है। तीन दिन का समय दिया गया है। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों पर प्रमुखता से कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनशिकायतों पर चलताऊ टिप्पणी या रिपोर्ट मंगाने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही, शिकायतकर्ताओं का पूरा विवरण भी दर्ज किया जाए, जिससे जरूरत पड़ने पर उनका फीडबैक लिया जा सके।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को गोण्डा जिले की कमान संभाली थी। उनके द्वारा 20 जून को ग्राम चौपाल की शुरुआत की गई। अगस्त तक सभी 16 विकासखण्डों के 96 ग्रामों में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं ग्रामों में पहुंचकर शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी तक अपनी बात पहुंचाने के लिए जनपद के दूर-दराज के इलाकों से कलेक्ट्रेट तक आने वाले ग्रामीणों को इन ग्राम चौपाल से काफी राहत मिली। गांव की समस्या का समाधान गांव में ही सुनिश्चित किया गया। ग्राम चौपाल में जनसुनवाई के साथ अब जिलाधिकारी स्वयं एक-एक शिकायत पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर रही हैं। सभी विभागों को प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा गया है। जिलाधिकारी कार्यालय से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग को विशेष रुप से नोटिस भी जारी किया गया है। जिनमें, ग्राम चौपालों में प्राप्त विभाग से संबंधित कार्यवाही के संबंध में आख्या प्राप्त न होने के संबंध में नाराजगी जताई गई है। इनके साथ ही, सभी अन्य विभागों को भी तीन दिन में सूचनाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है। उन्होंने साफ किया है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

शाहजहांपुर में गन्ने के खेत में मिला अज्ञात महिला का निवस्त्र शव

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस ने अज्ञात महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- महिला के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में आये दिन लगातार हो रहीं हत्याओं और लूट डकैती से इस वक्त शाहजहांपुर में चारों तरफ दहशत ही दहशत व्याप्त है, जनपद में इस माह लूट और हत्याओं के साथ डकैती और मर्डर का ग्राफ इस कदर बढ़ गया है, कि जनपद में चारों और सनसनी फैली हुई है, जहां आज दोपहर एक महिला की निर्वस्त्र हालत में लाश गन्ने के खेत से बरामद होने पर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, तो वहीं सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने प्रथम दृष्ट्या रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। मृतक महिला के गले पर चोटो के निशान भी मिले हैं। जिसके चलते रेप के बाद हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। अभी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। इस बात की जानकारी के लिए मृतक महिला की फोटो पुलिस ने सोशल मीडिया मीडिया वायरल की है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना भी मौके पर पहुँचे और मामले की गहनता से जांच कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। वही हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए एसपी ने पुलिस की चार टीमें गठित की हैं। यही नहीं युवती का पोस्टमार्टम पैनल के तहत कराने की निर्देश दिए गए है। पूरा मामला थाना चौक कोतवाली के चांदापुर रोड की है। जहां गन्ने के खेत में महिला का निर्वस्त्र हालत में पड़ा था। खेत मालिक सुबह जब पहुंचा तो लाश देखकर हैरान हो गया। खेत मालिक ने स्थानीय ग्रामीणों को सूचना दी जहां पुलिस की टीम पहुंची है। रेप के बाद हत्या की आशंका के चलते पुलिस ने फोरेंसिक टीम द्वारा जांच कराई है। यही नहीं महिला का पोस्टमार्टम पैनल के तहत कराने के साथ युवती की पहचान के लिए फोटो भी पुलिस विभाग के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी वायरल किया गया है। ताकि युवती की पहचान की जा सके। फिलहाल युवती की रेप के बाद हत्या की आशंका के चलते पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने चार टीमे गठित की है।

खुद को गोली मारने वाले की ईलाज के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता

मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के माचा गांव के एक लगभग 40 वर्षीय मजदूर ने घरेलू कलह के चलते सुबह तड़के अवैध असलहा से अपने हाथ से कनपटी मे सटा कर गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया था जिस की इलाज के दौरान कानपुर हैलट अस्पताल में मौत हो गयी। सुबह गोली लगने के बाद मौदहा के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया था हालत गम्भीर देख कर यहां से कानपुर के लाला लाजपत राय हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया था जहां उसकी मौत हो गई।मृतक मुजफ्फर अली पुत्र हाशिम अली अपने पीछे पत्नी व बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में सन्नाटा पसरा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौदहा व क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे जहां पर 315 बोर का अवैध कट्टा मौके से बरामद कर उसे अपने कब्जे में ले लिया किया। क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने बताया कि गृहकलह के चलते मृतक नें घटना को अंजाम दिया था।

यूनाइटेड स्प्रिट लिमिटेड फैक्ट्री के कर्मचारियों के समर्थन में उतरी सपा

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। यूनाइटेड स्प्रिट लिमिटेड फैक्ट्री गेट पर फैक्ट्री प्रबन्धन द्वारा श्रमिकों को निकालने उत्पादन कार्य शुरु न कराने को लेकर श्रमिक संघर्ष समिति व श्रमिक संगठनों द्वारा चल रहे अनशन में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान व जिला महासचिव रणंजय यादव ने फैक्ट्री गेट पर पहुंच कर 2 फरवरी 2023 से चल रहे क्रमिक अनशन पर बैठे जयकरन व रामप्रताप को माला पहनाकर समर्थन देते हुए कहा समाजवादी पार्टी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से मजदूर भाईयों के साथ खड़ी है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा शराब कम्पनी के प्रबंधन तंत्र से समाजवादी पार्टी मांग करती है कि पुनः फैक्ट्री का उत्पादन शुरु कराकर कर्मचारियों व उनके वारिसों का भविष्य सुरक्षित किया जाये। उन्होंने कहा कर्मचारियों द्वारा बताया गया है कि फैक्ट्री प्रबन्धन ने कहा है कि फैक्ट्री दो सौ साल पुरानी और क्षतिग्रस्त है। जबकि हमारी जानकारी के अनुसार रौसर कोठी में 1935 में फैक्ट्री की स्थापना हुई थी। कर्मचारियों द्वारा यह भी बताया है कि फैक्ट्री की मशीनें और फैक्ट्री का स्ट्रेचर अभी मजबूत है। कम्पनी प्रशासन बिल्कुल गलत कह रहा है। कम्पनी प्रशासन स्थायी मजदूरों को निकालकर ठेका प्रथा लागू करना चाहते है। कम्पनी प्रशासन और समस्त यूनियनों के मध्य 2019 व पूर्व के समझौते में कर्मचारियों के वारिसों की सेवा का हिस्सा है। जिसका अनुमोदन श्रम विभाग द्वारा किया गया है। ऐसे में कम्पनी प्रशासन इनके वारिसों का हक कैसे मार सकती है। कम्पनी प्रशासन ने अपने प्रस्ताव में कर्मचारियों के वारिसों की कोई बात नहीं की है। इस तरह से मजदूरों की रोजी रोटी से खिलवाड़ को समाजवादी पार्टी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रणंजय यादव सपा लोकसभा की सहप्रभारी गायत्री वर्मा, प्रदेश सचिव सपा विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाल, मनोज यादव, मनोज श्रीवास्तव, योगेन्द्र तिवारी, शिवकुमार दीक्षित, विनोद तिवारी, राजेश त्रिवेदी, मुनीश कश्यप, शादाब खान, रामनिवास वर्मा सतीश वर्मा, रामसुरेश, श्यामदेव मिश्रा, श्याम मोहन मिश्रा, पुनीत मिश्रा, श्याम सिंह, अरुण दीक्षित, नासिर खान, तौसीफ़ हसन, अरुण गौतम, उमेश वर्मा ,सिराज अहमद, योगेश दीक्षित, श्याम देव सक्सेना, विनीत सक्सेना, विवेक दीक्षित, विजेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों कर्मचारी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

संजय विद्या मंदिर स्कूल में छात्र को बनाया गया एक दिन का प्रधानाचार्य

अवधनामा संवाददाता

- प्रधानाचार्य बसंत त्रिवेदी ने छात्र को दिया प्रशिक्षण

शाहजहाँपुर। संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे प्रधानाचार्य बसंत त्रिवेदी ने कक्षा 6 के छात्र आयुष मिश्रा निवासी हांडा कालोनी को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधानाचार्य नियुक्त किया। छात्र आयुष मिश्रा ने सरस्वती वंदना हॉल मे सभी बच्चो को अनुशासन के तौर तरीके सिखाये व एक बोध कथा के माध्यम से नैतिक संदेश भी दिया। तत्पश्चात छात्र ने प्रधानाचार्य कक्ष में पहुँचकर अपने स्थान को ग्रहण किया। विद्यालय के आचार्य बधुओ ने एक दिन के लिए नियुक्त प्रधानाचार्य का उत्साहवर्धन किया। छात्र के कार्यभार सौंपने के साथ ही कामकाज के बारे में भी समझाया गया। प्रधानाचार्य बसंत त्रिवेदी ने बताया कि इसका उद्देश्य यह है कि बच्चों में भी मानसिक विकास, अनुशासन, फैसला लेने की क्षमता ,प्रशासनिक भाव सहित सर्वांगीण विकास हो सके। तत्पश्चात छात्र ने सभी कक्षाओ मे चल रहे पाठन कार्य का भी निरीक्षण किया। इसी के साथ विद्यालय में आने वाले आचार्यो की उपस्थिति विवरण को भी चेक किया। छात्र आयुष मिश्रा ने सभी छात्राओ को विद्यालय में नियमित व समय से आने के दिशा निर्देश भी दिये।

डीएम ने शपथ के साथ दिए लोगों को निर्देश

शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता। विकास भवन सभागार में समस्त अधिकारियों ने जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पखवाड़ा के चलते हुए स्वच्छता की समस्त कर्मचारियों ने शपथ ली। लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने अधिकारियों को प्रत्येक वर्ष कुल 100 घंटे और हफ्ते में 2 घंटे श्रमदान करके साफ सफाई करने की शपथ दिलाते हुए कहा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान कचरा मुक्त जनपद को करना है। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी शपथ दिलाई कि वे न स्वयं गन्दगी करेंगे ना दूसरों को करने देंगे। अधिकारियों को अपने साथ 100 और लोगों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। शपथ दिलाने के साथ जिलाधिकारी ने कहा कचरा मुक्त करना जनपद का उद्देश्य है एवं ग्रामीण स्तर से लेकर शहरी स्तर तक कचरा मुक्त करने के लिए गांव से लेकर शहर तक सभी को शपथ लेकर सहयोग की भावना से यह शपथ अमल में ले जाने की आवश्यकता है।

सरकार किसानों के साथ खड़ी हैः सूर्यप्रताप शाही

अवधनामा संवाददाता

- रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में आयोजित हुआ श्री अन्नोत्सव
- श्रीअन्न व प्राकृतिक खेती करें बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के किसान

बांदा। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में बुधवार को श्री अन्न कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के किसानों को प्रोत्साहित किया गया। कहा गया कि श्रीअन्न उत्पादन से किसानों का मोहभंग हो गया था, लेकिन अब इसको अपनाने की जरूरत है, ताकि किसान खुशहाल और समृद्ध बन सके। मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

किसानों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्री अन्न उत्पादन से किसानों की दशा के साथ ही लोगों की सेहत में भी सुधार होगा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी मौजूद रहे। कृषि मंत्री श्री शाही ने श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यशाला तथा श्रीअन्न के उत्पादों एवं प्राकृतिक खेती को बढाने के सम्बन्ध में आयोजित श्रीअन्नोत्सव एक्सपो का फीता काटकर शुभारम्भ किया एवं एक्सपो में लगाये गये स्टालों का गहनता से निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ाने के लिए लोंगो में जनजागरूकता लाये जाने के लिए किसानों तथा श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार हेतु तैयार किये गये वाहनों सहित रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज से बांदा शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए विकास भवन में समाप्त हुई। कार्यशाला में हजारों की संख्या में विंध्य एवं बुन्देलखण्ड के विभिन्न जनपदों से आए हुए हजारों किसानों को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पिछले छः वर्षो में आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं में आज जनपद में आयोजित कार्यशाला सबसे सफल एवं महत्वपूर्ण रही है, जिसमें कि श्रीअन्न के उत्पादों को बड़ी मात्रा में पैदावार बढाने तथा प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में और अधिक विस्तार किये जाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव कार्यशाला में प्राप्त हुए हैं, इन सुझावों को शामिल कर आगे कृषि की कार्ययोजना एवं व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थ व्यवस्था में कृषि क्षेत्र कि लगभग 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता पर रखते हुए किसानों की समृद्धि लाने के लिए अनेकों कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में श्रीअन्न के उत्पादन को बढाने तथा प्राकृतिक खेती के लिए अनुकूल वातावरण सहित यहां की भूमि है। उन्होंने कहा कि भूगर्भ जल को बढाने के लिए तथा वर्षा के जल को संरक्षित करने के लिए चित्रकूट मण्डल में लगभग 14 हजार तथा झांसी मण्डल में 12 हजार खेत-तालाब बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि श्री अन्न व प्राकृतिक खेती में कम जल एवं खर्च की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दलहन व तिलहन के उत्पादन को बढाना होगा। उन्होंने किसानों से आहवाहन किया कि आर्थिक सम्पन्नता के लिए वह अपने खेंतो को खाली न छोडें तथा श्रीअन्न, दलहन व तिलहन की खेती को आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा कि किसान खेत पर मेड और मेड पर पेड़ अवश्य लगायें। उन्होंने कहा कि कुसुम योजना के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 6551 सिंचाई के लिए सोलर पम्प लगाये गये हैं, इसके साथ ही आने वाले समय में प्रत्येक जिले में 250 सोलर पम्प और स्वीकृत किये जायेंगे।

श्रीअन्न और प्राकृतिक खेती महत्वपूर्णः चतुर्वेदी

बांदा। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीअन्न एवं प्राकृतिक खेती महत्वपूर्ण है तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र इसके लिए उपयोगी है। औषधीय फसलों का हब बुन्देलखण्ड क्षेत्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न सुपर फूड है, जिसमें पौष्टिक तत्व अधिक हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण को समाप्त करने एवं गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य के लिए श्रीअन्न बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहा कि विद्यालयों के मिड-डे-मील एवं आंगनबाडी में भी श्री अन्न के पौष्टिक आहार का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले एफपीओ से एमओयू बीज उत्पादन हेतु किया जायेगा। सरकार द्वारा बीज उत्पादन को बढाने का निर्णय लिया गया है, किसान बीज उत्पादन के कार्य में बढोत्तरी करें।

तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का आयोजन

सोनभद्र/शक्तिनगर अवधनामा संवाददाता। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एनटीपीसीसिंगरौली एवं इफको के सहयोग से ख्यातिलब्ध रंग संस्था समूहन कला संस्थान द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया गया। नाट्य समारोह के प्रथम दिवस में पारिवारिक मूल्यों में भौतिकता के कारण आयी गिरावट का जीवंत चित्रण करती नाट्य प्रस्तुति ''हंसुली'' का हृदयस्पर्शी मंचन लोगो के दिलों में उतरने में सफल रही। नाट्य समारोह केदूसरे दिन नाटक सुन लो स्वर पाषाण शिला के का अद्भुत मंचन हुआ। नाटक ''सुन लो स्वर पाषाण शिला के'' राम कथा का ऐसा प्रसंग है जो भगवान राम के जीवन के आरम्भ में आता है परन्तु भगवान राम के जीवन का महत्वपूर्ण प्रसंग है। यह अहिल्या प्रसंग पर आधारित रामकथा का नारी स्वर है, जो उनको पुरुषोत्तम रूप में सामाजिक मर्यादा प्रदान करता है।

बेटा न होने से परेशान महिला ने फांसी लगा जान दी

बांदा। बेटा न होने से परेशान महिला ने कमरे के अंदर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के नवाब टैंक मोहल्ला निवासी कुसमीरा (40)पत्नी लल्लू ने मंगलवार की शाम कमरे के अंदर बास की बल्ली में दुपटटा से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे पति ने देखा तो बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। दोनो तरफ के दरवाजे बंद थे। उसने आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। वह दरवाजा तोड़ कर कमरे के अंदर पहुंचा देखा तो वह कमरे के अंदर फंदे पर लटक रही थी। आनन फानन फंदा काट कर कुसमीरा को नीचे उतार लिया। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज ले जाया गया। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

गांवों में किया गया एक लाख पौधों का वितरण

सोनभद्र/रेणुकूट अवधनामा संवाददाता। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सदैव सजग रहा है फलस्वरूप नगर व आसपास के इलाकों में हिण्डाल्को सीएसआर विभाग द्वारा अनेकानेक सामाजिक सरोकार के कार्यों का सफलतापूर्वक अनवरत संचालन किया जा रहा हैं। पर्यावरण को हरा-भरा रखने तथा ग्रामीणों की आय में इजाफा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को फलदार वृक्ष जैसे आम, केला, अमरूद, अनार, नीबू, करौंदा, आंवला, सहजन, कटहल, शरीफा, शहतूत, पपीता एवं इमारती वृक्षारोपण हेतु सागौंन, महोगनी, कटसागौन, सीरस, शीशम, बांस का वितरण म्योरपुर विकास खण्ड के रनटोला, बराईडाड़, सुपाचुआ, नवाटोला, लौवन्द, बलियरी, देवरी, किरवील, नधिरा, लीलाडेवा, अनजानी, सिन्दुर, बकरिहवा, धरतीडाड़, बबनडीहा, करहिया, रासपहरी, कुण्डाडीह, गड़िया, कुसम्हा, औंरहवा, डडीहरा,आरंगपानी, हरहोरी, परनी को मिलाकर कुल 25 गाँवों में 42253 पौधों का वितरण किया गया। दुद्धी विकास खंड के दिघुल, बघाडु, निमियाडीह, करमडाड़, मनबसा, झारोखुर्द,कटौन्धी ,डुमरडीहा, झारोकला, पकरी, हुमेलदोहर, केवाल, छतवा, सुखड़ा, छतरपुर, जोरूखांड़, फुलवार समेत 17 गांवों 32860 पौधों का वितरण किया गया। बभनी विकास खण्ड के चैनपुर, भंवर, नवाटोला, घघरी, बभनी, करक्छी, खोतोमहुआ, चकसानी, मचबंधवा, पुरान, चैनपुर, कोंगा, बहेराडोल गांवों में 27224 पौधों का वितरण किया गया। इस तरह दुद्धी तहसील के दुद्धी, बभनी और म्योरपुर ब्लॉक में कुल 102373 पौधों का वितरण हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया गया।

जिला क्रियान्वयन एवं समनवय समिति की संपन्न

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। 2 अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 के मध्य वर्ष 24 व 25 सहभागी ग्राम पंचायत विकास योजना/वार्षिक योजना की तैयारी (जीपीडीपी) के संबंध में जिला क्रियान्वयन एवं समनवय समिति की बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर की उपस्थित में डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सतत् विकास कार्यो के लक्ष्यो के स्थानीयकरण की दशा में 09. विषगत दृष्टिकोण/थीम गरीबीयुक्त और आजीविका उन्नत गॉव, स्वास्थ्य गॉव, बाल हितैसी गॉव,4. पर्याप्त जल युक्त गॉव, स्वच्छ एवं हरित गॉव,आत्मनिर्भर बुनियादी ढॉचे वाला गॉव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गॉ0, सुशासन युक्त गॉ0, महिला हितैषी गॉव पर आधारित होगी, जिन्हे विभिन्न विषय से संबंधित नोडल विभागों के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं की उपस्थित में जन सहभागिता लेते हुए तैयार किया जाये)। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा को देते हुए कराये जाने वाले कार्यो को प्रमुखता से ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करायेगें। ग्राम पंचायत की कार्य योजना में शामिल करायेगे। सतत् विकास लक्ष्यों के 9 नियमों से संबधित कार्यो को प्रमुखता से ग्राम पंचायत की कार्य योजना में सम्मिलित कराया जायेगा। जिसमें 2 अक्टूबर 2023 को समस्त ग्राम पंचायतों में एक साथ ग्राम सभा की पहली बैठक आयोजित की जायेगी। और उसी बैठक में निर्धारित रोस्टर के अनुसार आयोजित पहली ग्राम सभा की बैठक में महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन किया जाना हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में आने वाली समस्या, स्वास्थ्य, सफाई, पेयजल, सड़क, बिजली जैसी अन्य ग्रामीणों को होने वाली समस्याओं के बारे में अध्यन कर कार्य योजना में अवश्य शामिल कराये, जिससे उन समस्याओं को निस्तारण किया जा सके। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर पटेल, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी राम लखन गुर्जर, अपर मुख्य अधिकारी अमित राज सिंह जिला पंचायत, जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, समस्त खण्ड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

आपदा से हुई जनहानि का लाभ पीड़ित को दिलाएं

सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो। राहत आयुक्त, शासन, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में बताया गया कि जिले में वज्रपात, बेमौसम भारी वर्षा, आंधी-तूफान एवं अन्य मौसम संबंधी घटनाओं से प्रत्येक वर्ष अत्यधिक मात्रा में जान-माल की क्षति होती है, जिसके रोकथाम व बचाव हेतु प्रदेश में मौसम संबंधित पूर्व चेतावनीयों को सुदृढ़ करने तथा चेतावनियों के प्रभावी तंत्र को विकसित* किए जाने हेतु जनपद की *समस्त तहसीलों में 02 जगह पर 10मी0म10मी0 के दो स्थल पर ए0डब्ल्यू0एस0-मौसम पूर्वानुमान उपकरण (एटोमेटिक वेदर स्टेशन) तथा प्रत्येक ब्लॉक में 4-4 ए0आर0जी0 (वर्षा मापी यंत्र) 5मी0म5मी0 के चार स्थल (ऐटोमेटिक रैन गेज) लगाए जाने हेतु निश्चित स्थान का चिन्हांकन करते हुए उसके को-ऑर्डिनेट की सूचना नियत प्रारूप पर उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त हैं।

सुरक्षा हमारे जीवन का अभिन्न अंगः कैप्टन रोहित

सोनभद्र/ अनपरा अवधनामा संवाददाता। हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीज़न के यूनिट हेड आरपी सिंह के दिशा निर्देशन व यूनिट एचआर हेड शैलेश विक्रम सिंह के नेतृत्व में द्वारा चलाये जा रहे ग्रामीण विकास विभाग रेणुसागर कार्यक्रम के अन्तर्गत अवधूत भगवान राम पी जी कालेज प्रांगण अनपरा में एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रेनूसागर के नगर प्रशासन एवं सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ प्रबधक कैप्टन रोहित देव फरासी एंव सेफ्टी विभाग के इमरान अहमद द्वारा बहुत ही रोचक व सरल तरीके से विद्यालय के बच्चो को सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न आयामो प्रकाश डाला। इसके पूर्व अवधूत भगवान राम पी जी कालेज के प्रधानाचार्य डा अजय विक्रम सिंह ने रेनूसागर के अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कैप्टन रोहित देव द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित यात्रा करते समय ऋश हेलमेट, सीट बेल्ट व मोबाईल पर बात न करने की बच्चो को नसीहत दी तथा महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा हमारे जीवन का अभिन्न अंग है,इसे हमे दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि जब हम यात्रा करें तो ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें इससे हम सुरक्षित रहकर दूसरे को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

महिला आरक्षण बिल को लेकर बीजेपी दफ्तर के बाहर जश्नः पुष्पा सिंह

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। रावटसगंज भाजपा पार्टी कार्यालय पर बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद व भाजपा महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह के नेतृत्व में पीएम मोदी का बैनर लेकर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया गया वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने बताया कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश होने के बाद सोनभद्र के महिलाओं में जश्न का माहौल है। बड़ी संख्या में बीजेपी महिला मोर्चा से जुड़ी महिलाएं भाजपा कार्यालय के बाहर जश्न मनाने पहुंचीं।

सभी महिलाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर महिला आरक्षण बिल पास होने की बधाई दी। वही लंबे इंतजार के बाद मिला है महिलाओं को आरक्षण इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की पुष्पा सिंह ने बताया कि हमलोग बहुत खुश हैं। लंबे इंतजार के बाद आज महिलाओं को आरक्षण मिला है। हम लोगों को हमेशा हर क्षेत्र में पीछे रखा जाता था। राजनीति में भी महिलाएं बहुत ही मुश्किल से आगे निकलती हैं। राजनीति में महिलाओं के आने से फायदा होगा। महिलाओं की बात को अब हम लोग संसद तक अपने बल पर पहुंचा सकते हैं,उसके लिए हम लोग मोदी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं। वही ब्लॉक प्रमुख रूपी मिश्रा ने कहा कि इसके लिए मोदी जी को कोटि-कोटि धन्यवाद है। मैं तो अपनी पंचायत की मुखिया हूं तो इस नाते मुझे अधिक खुशी हो रही है। अब मैं महिलाओं की बात अपने दम पर आगे पहुंचा सकती हूं। इसलिए हम लोग आपस में खुशियां मना रहे हैं। पुष्पा सिंह ने कहा कि हम लोग मोदी जी को धाई देते हैं कि उन्होंने हम बहनों के बारे में सोचा। हम लोग बहुत खुश हैं क्योंकि, इस बिल का हम लोग बहुत दिनों से इंतजार कर रहे थे। जब से यह खबर हमें मिली है तब से सारी महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ उठी है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख लीला देवी, रूपी मिश्रा ब्लॉक प्रमुख, गुड़िया त्रिपाठी, आशा विश्वकर्मा, गीता देवी, ज्योति सिंह, तारा देवी, सरोज केसरी, गुड़िया वर्मा, संगीता पाठक, रूबी गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद रहे।

स्वच्छता ही सेवा की कार्यशाला का आयोजन

हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। स्वच्छता ही सेवा की कार्यशाला का आयोजन जिला स्वच्छता समिति द्वारा जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थित में डा एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकरियों को निर्देशत किया कि अपने अपने कार्यालयों में साफ सफाई एवं स्वच्छता संदेशों कर वॉल पेंटिंग ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकों में स्वच्छत के प्रति जागरूकता आदि से संबंधित कार्य कराये जाये। समस्त सरकारी विभाग अपने अपने कार्यालयों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दें, तथा साफ सफाई में जन सहभागिता करायी जाए, मा0 जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्वच्छता शपथ रैली आदि का आयोजन कर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए, तथा सभी ग्रामों व ब्लाकों में स्वच्छा वृहद्ध स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाए। कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर पटेल, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी राम लखन गुर्जर, अपर मुख्य अधिकारी अमित राज सिंह जिला पंचायत, जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, समस्त खण्ड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

सपा की बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर हुआ मंथन

नरैनी। समाजवादी पार्टी ब्लाक स्तर पर बैठक का आयोजन कर लोकसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के पदाधिकारियों की भूमिका सुनिश्चित करेगी। कस्बा के करतल मार्ग में स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश सिंह पटेल ने कहा कि मौजूदा समय में संविधान और आरक्षण को बचाने का समय है । जातीय जनगणना कराना अति आवश्यक है कहा कि पार्टी ब्लॉक स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन कर लोकसभा चुनाव जीतने के लिए रणनीति तय करेगी।

निर्वाचन के समय पिछड़ा वर्ग कि भूमिका सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में नरैनी विधानसभा अध्यक्ष रामफल राजपूत, मुन्ना पटेल, हरिश्चंद्र सोनकर, लालू यादव,राजेंद्र यादव, ओमप्रकाश, योगेश पटेल सुरेंद्र सिंह राजपूत, कौशल किशोर और विनोद राजपूत आदि मौजूद रहे।

युवा मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज कराने के लिये लगायें कैम्प

16 जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में की गयी चर्चा

अवधनामा ब्यूरो

युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष कैम्प आयोजित किये जाए: भारत निर्वाचन आयोग

लखनऊ। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी कार्यो की समीक्षा बैठक की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद कानपुर नगर, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा एवं मेरठ में 75 जनपदों के जिलाधिकारियों/ जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के क्रम में बुधवार 20 सितम्बर, 2023 को जनपद गोरखपुर में तीसरी बैठक 16 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ की गयी। भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा एवं नितेश व्यास की अध्यक्षता में गोरखपुर के आयुक्त सभागार में 16 जनपदों यथा गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर, बस्ती, अम्बेडकर नगर, गोण्डा, बलरामपुर, सुलतानपुर, अयोध्या, बाराबंकी, बहराईच, श्रावस्ती तथा कौशाम्बी के जिलाधिकारियो /जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी लोक सभा निर्वाचन की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में मतदाता सूची की तैयारियों के संबंध में चर्चा की। बैठक में जिलाधिकारियों/जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची को शुद्ध बनाने हेतु अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने, मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने, ई0पी0 एवं जेण्डर रेशियो सुधारने के संबंध में निर्देश दिये गये। किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित न रह जाए, इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये जाए। 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु विश्वविद्यालयों, तकनीकी एवं मेडिकल कालेजों, आईटीआई, पालीटेक्निक आदि शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारियों/ जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये कि विगत लोकसभा व विधानसभा सामान्य निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित कर वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जायें।

आवंटियों को प्राधिकरण व निबंधन कार्यालय के लगाने पड़ेंगे चक्कर

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए आवंटियों को प्राधिकरण व निबंधन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्राधिकरण व निबंधन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के सहयोग से आवंटित सम्पत्तियों के निबंधन की कार्रवाई सुनिश्चित कराने की व्यवस्था की है। गुरुवार 21 सितम्बर से प्राधिकरण के नवीन भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या 8 में सुबह 10 बजे से निबंधन कैम्प स्थापित किया जा रह है। कैम्प में प्राधिकरण व निबंधन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जरूरी सुविधाओं के साथ उपस्थित होंगे। इसी सिलसिले में 26, 27 और 28 सितम्बर को विशेष निबंधन शिविर भी संचालित किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि शिविर में अधिक से अधिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कराई जाएगी।

संजय गांधी अस्पताल का पंजीकरण रद्द किये जाने के आदेश को निरस्त करने की मांग

अवधनामा ब्यूरो

पत्र में स्थानीय नागरिकों की असुविधाओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराया

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर अमेठी के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल का पंजीकरण रद्द किये जाने के आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर स्थानीय नागरिकों की असुविधाओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराया है। अस्पताल दशकों से स्थानीय और आस-पास जनपदों के नागरिकों को न्यूनतम शुल्क पर बिना लाभ के स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता रहा है, जिससे लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ पाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अपने पत्र में लिखा कि अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग, ओपीडी, आंतरिक रोगी विभाग, शल्य चिकित्सा के लिए आने वाले लाखों नागरिकों को अत्यंत निम्न व्यय पर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। इस अस्पताल की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के लिए कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रो, डर्माटोलॉजी, श्वास और फेफड़ों से संबंधित रोगों सहित सामान्य शल्य, नेत्र, नाक, कान-मुंह, दांत, महिला व शिशु रोगों के आमंत्रित व पूर्णकानील चिकित्सकों के जरिए सेवा उपलब्ध करायी जाती है। महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के तत्काल उपलब्ध होने की वजह से सामान्य स्थिति में क्षेत्रीय नागरिकों को बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ता। अजय राय ने कहा कि अस्पताल इतनी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आम नागरिकों को न्यूनतम व्यय और कतिपय मामलों में निशुल्क प्रदान कर रहा था। तब प्रदेश शासन से मात्र एक मामले का संज्ञान लेते हुए अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करने की घोषणा की बिल्कुल अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से अस्पताल के पंजीकरण के निरस्तीकरण के आदेश तत्काल वापस लेने की मांग की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनहित को ध्यान में रख मुख्यमंत्री सकारात्मक निर्देशों से संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज का संचालन सुनिश्चित करेंगे, जिससे अमेठी की ग्रामीण जनता के साथ अस्पताल के कर्मचारियों और चिकित्सकों के साथ अन्याय न होने पाए।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाः

6000 को मिला रोजगार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 714 इकाईयों को 1915 लाख रुपये की मार्जिन मनी वितरित की गई है। इस योजना के तहत लगभग 6000 लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश में शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित है। इस योजना के तहत उद्यम स्थापना हेतु 25 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिशत मार्जिन मनी उपलब्ध कराये जाने का भी प्राविधान किया गया है, जो कि उद्योग क्षेत्र हेतु अधिकतम 6.25 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र हेतु 2.50 लाख रुपये है।

सालाना शब्बेदारी का अलविदाई अलम की जियारत के बाद समापन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कहते हैं सब अहले अजा या हुसैन मौसम-ए-गम खत्म हुआ या हुसैन की सदाओं के बीच अंजुमन गुंचाए मजलूमिया की इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में चल रही सालाना शब्बेदारी का अलविदाई अलम की जियारत के बाद समापन हो गया। अलविदायी मजलिस को मौलाना बाकिर अली जैदी ने खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम ने संचालन इमरान अख्तर और अजहर हुसैन ने किया। मजलिस के बाद शबीहों की जियारत करायी गयी, जिसमें हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम, ताबूत, हजरत अली असगर (अ.स.) का झूला, इमाम हुसैन (अ.स.) की सवारी का प्रतीक जुलजनाह था, जिसे देखकर अजादारों की सिसकियां बंध गयी। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे या हुसैन लिखे काले झंडे व अलम लिए नजर आये। ताबूत और अलम का अजादार बोसा ले रहा था। साथ ही साथ फूलों के हार भी चढाये जा रहे थे। इस मौके पर तर्बरूक भी बांटा गया। शब्बेदारी में अंजुमनों ने गुंचाए मजलूमिया के शायर एजाज जैदी द्वारा दी गयी तरहा की पंक्ति मातमे शब्बीर का सूरज कभी डूबा नहीं पर अपने सलाम पेश किये, जिसे सुनकर अजादारों ने खूब दाद दी। वहीं अंजुमनों से नौहें को सुनकर अजादारों ने खूब गिरया किया। अलविदायी मजलिस के बाद अंजुमन इमामिया मुम्बई, काजमिया आबिदया, गुलामाने हुसैन,मकसदे हुसैनी,सद्र मातम शाईन शुजा,कायम आले इबा,फातेह फुरात,गुलजारे पंजतन,रौनके दीने इस्लाम आदि ने नौहे व सलाम पढ़े। इस मौके पर इमामबाड़े में भव्य सजावाट की गयी थी।

अंजुमनों की शब्बेदारियां जारी

अंजुमन इमामबाड़ा इरशाद नवाब शाही खैरातखाने में अंजमुन तस्वीरुल अजा की चल रही शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना हसन जहीर ने खिताब किया। इमामबाड़ा सिकन्दर आगा कश्मीरी मोहल्ला में काशिफ हैदर एडवोकेट द्वारा आयोजित को मौलाना अबुतालिब मेहदी ने खिताब किया। इमामबाड़ा कसरे हसनैन काजमैन रोड में मौलाना सदफ जौनपुरी ने मजलिस को खिताब किया। शहीदान-ए-कर्बला रौजा-ए-बैतुल हुज्न रुस्तम नगर में में चल रही सालाना शब्बेदारी का अलविदाई अलम निकलने के बाद समापन हो गया। मजलिस के बाद अलविदायी अलम को दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.)ले जाया गया। इमामबाड़ा अली रजा कटरा खुदा यार खान में अंजुमन रजाए हुसैन की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना मोहम्मद अस्करी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। अय्यामे अजा की आखिरी रातें शीर्षक से रौजाए काजमैन में मौलाना शौजफ काजिम जरवली ने मजलिस को खिताब

इराक से आयी मश्क से पिलाया पानी

कर्बला के तपते रेगिस्तान में जब सब मासूम बच्चे प्यास से तड़प रहे थे तो हजरत अब्बास (अ.स.) से अपनी भतीजी शहजादी हजरत सकीना (स.अ.) सहित अन्य मासूम बच्चों की प्यास देखी नहीं गयी और वह पानी लेने नहरे फुरात गये थे। जब वह मश्क में पानी भर कर लौट रहे थे तो दुश्मनों ने उनपर तीरो-तलवारों से हमला कर दिया जिससे मश्क का सारा पानी बह गया था व सारे बच्चे प्यासे रह गये थे।

बाहरे अजा की रुख्सत का मातम आज

अंजुमन जफरुल ईमान की शब्बेदारी की मजलिस शानदार मंजिल नेहरू क्रास, रकाबगंज में बृहस्पतिवार रात 9 बजे होगी जिसे मौलाना मुत्तकी जैदी बहारे अजा की रुख्सत का मातम शीर्षक से खिताब करेंगे। अलविदायी मजलिस शुक्रवार रात नौ बजे होगी जिसे मौलाना मिर्जा मोहम्मद एजाज खिताब करेंगे।

112 फ्लेटों के लिए 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन करायें पंजीकरण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की गोमती नगर सहित विभिन्न योजनाओं में लॉटरी के माध्यम से आवंटित किये जाने वाले 112 फ्लैटों के लिए 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकेगा। इसमें सरयू अपार्टमेण्ट के लगभग 1.96 करोड़ रुपये कीमत के पेण्ट हाउस से लेकर सुलभ आवास और दुर्बल आय वर्ग के लिए लगभग 7 लाख रुपये के ई.डब्ल्यू.एस. भवन शामिल हैं। लविप्रा अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण की गोमती नगर गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम विस्तार, वजीर हसन रोड, शारदा नगर और कानपुर रोड योजना में रिक्त 112 फ्लैटों के लिए 21 अगस्त से 20 सितम्बर तक ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। पंजीकरण को अब 25 अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक लोगों को सम्पत्ति के मूल्य की 10 प्रतिशत धनराशि जमा कर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा, जिसके बाद लॉटरी से फ्लैटों का आवंटन होगा। आवंटन के बाद पूरी धनराशि 60 दिन में जमा कराने पर आवंटी को 5 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी। इन योजनाओं में इतने फ्लैट गोमती नगर योजना में 36 फ्लैट, गोमती नगर विस्तार योजना में 46 फ्लैट, जानकीपुरम विस्तार योजना में 18 फ्लैट, वजीर हसन रोड योजना में 04 फ्लैट, शारदा नगर योजना में 04 फ्लैट और कानपुर रोड योजना में 04 फ्लैटों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण खोला जा रहा है।

मौलाना कल्बे जवाद ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद

लखनऊ। वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना कलबे जवाद और अली ज़ैदी, चेयरमैन शिया सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड ने आज शाम 4:30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास 5, कालिदास मार्ग पर की मुलाक़ात। प्रदेश में सकुशल मुहर्रम संपन्न कराने पर धन्यवाद व्यक्त किया और प्रदेश भर में ख़ास कर के राजधानी लखनऊ में शिया वक्फ संपत्तियों पर से क़ब्ज़े हटवाने की कार्यवाही और तेज़ करवाना रहा चर्चा का विषय।

सीएम योगी से मिले बीजेपी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नव नियुक्त बीजेपी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार सीएम योगी आदित्यनाथ से पांच कालिदास मार्ग पर अपराह्न मुलाक़ात की।

आनन्द द्विवेदी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर लिया आशीर्वाद। महानगर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग साथ में मौजूद रहे। शाम को महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और महापौर सुषमा खर्कवाल ने आयुष्मान भवः पखवाड़ा के अंतर्गत चलाए जाने वाले विभिन्न अभियानों और 23 सितंबर को लखनऊ के वेलनेस सेंटर और 24 को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ केंद्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मेले का आयोजन किया जाने के संबंध में कल्याण मंडप महानगर में पार्षदों, मंडल अध्यक्षों, अभियान संयोजकों, पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

एलडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने किसान पथ के किनारे की जा रही अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराई। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि विनय पाण्डेय, भोला नाथ मिश्रा, के.के. द्विवेदी व अन्य की ओर से मोहनलालगंज के किसान पथ के किनारे पूरनपुर गांव में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व उस्मान अली ने प्राधिकरण व स्थानीय थाने की पुलिस की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। इस दौरान विकसित सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल और खम्भे आदि पूरी तरह ध्वस्त किये गये।

आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में मनाया गया स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अर्न्तगत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस मनाया गया। जिसमें मण्डल पर संचलन के दौरान सभी ट्रेनों, ओबीएचएस ट्रेनों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुष्पक एक्सप्रेस, पाटलीपुत्र सुपरफास्ट, कृषक एक्सप्रेस, नकहा जंगल इंटरसिटी, गोरखधाम सुपरफास्ट, गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर इंटरसिटी, गोरखपुर रासीगंगा, कुशीनगर सुपरफास्ट, लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, मऊ सुपरफास्ट और आनन्दविहार टर्मिनल हमसफर एक्सप्रेस के वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों की सफाई, शौचालयों में डस्टबिन की उपलब्धता, बेड रोल की गुणवत्ता आदि की रेलवे अधिकारियों व सुपरावाइजरों ने सघन जांच की। जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि यात्री डिब्बों में कॉकरोच, चूहों व अन्य कीटों के पाये जाने की संभावना न हो। इस दौरान चलती ट्रेनों एवं स्टेशनों पर रेलयात्रियों से फीडबैक फॉर्म पर ओबीएचएस स्टाफ ने सफाई संबंधी प्रतिक्रिया व सुझाव प्राप्त कर उन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निराकरण किया गया। यात्रियों को बायो.टॉयलेट के समुचित उपयोग को लेकर भी जागरुक किया गया।

स्वच्छता एवं विशेष सफाई अभियान चलाया गया

लखनऊ। स्वच्छ रेलगाड़ी के अंतर्गत मंडल के प्रमुख स्टेशनों लखनऊ एवं वाराणसी सहित सम्पूर्ण मंडल से यात्रा प्रारंभ करने वाली तथा आवागमन करने वाली ट्रेनों धनबाद फिरोजपुर किसान एक्सप्रेस, जम्मूतवी कोलकाता सियालदह एक्सप्रेस, अमृतसर हावड़ा पंजाब मेल, योगनगरी ऋषिकेश हावड़ा दून एक्सप्रेस, राजगीर नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस, और हावड़ा अमृतसर पंजाब मेल में स्वच्छता एवं विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

हिन्दी क्विज प्रतियोगिता आयोजित

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में 14 से 28 सितम्बर तक मनाये जाने वाले हिन्दी पखवाड़ा के तहत पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल कार्यालय में हिन्दी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ईडीपीएम दीपक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। टिकट जांच अभियान में वसूले 35450 रुपये लखनऊ (सं)। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधकआदित्य कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के दिशा निर्देश पर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इन टिकट जांच अभियानों में कुल 75 लोग बिना टिकट पकड़े गये। जिनसे 35450 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। टिकट चेकिंग अभियान के दौरान यात्रियों से संवाद करते हुए उन्हें उचित यात्रा टिकट एवं प्लेटफॉर्म टिकट के साथ रेलवे स्टेशन पर आगमन के लिए जागरुक किया गया। इस टिकट जांच अभियान में सीटीटीआई मुख्य एसपी. सिंह, सीटीटीआई एमएस.दीक्षित और अन्य चेकिंग स्टाफ के साथ जीआरपी व आरपीएफ मौजूद रही।

मशहूर महिला और सफल हस्तियों ने संसद का दौरा किया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा प्रदान करने वाला महिला आरक्षण विधेयक आज संसद के चल रहे विशेष सत्र में लोकसभा में पेश किया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जैसा कि इस विधेयक को आधिकारिक तौर पर कहा जाता है, की शुरुआत के अवसर पर विशेष आमंत्रित लोगों में कुछ सफल महिलाएँ भी शामिल थीं।

अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा, यह देश और देश की महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने महिलाओं के लिए नए रास्ते खोलने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, हम महिलाओं को सेना और वायु सेना जैसी अधिक सक्रिय भूमिकाओं में भी देखते हैं। दरअसल मेरी आने वाली फिल्म तेजस में भी मैं एक एयरफोर्स पायलट का किरदार निभा रहा हूं। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक नया युग है जिसमें हम प्रवेश कर रहे हैं। संसद में मौजूद अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने कहा, यह एक बहुत ही प्रगतिशील विचार है। यह आरक्षण विधेयक महिलाओं को समान अधिकार देगा और यह हमारे देश के लिए एक बड़ा कदम है। पीएम मोदी ने इसका वादा किया और इसे पूरा किया।

फैशन डिजाइनर रीना ढाका ने कहा, यह देश की महिलाओं के लिए एक बड़ी जीत है। महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत ही मामूली था, हालाँकि वे हमारे देश और समाज का एक समान हिस्सा थीं। उन्होंने विधेयक को पेश करने के लिए संसद में महिला उपलब्धियों को आमंत्रित करने के लिए केंद्रीय खेल और युवा मामलों और सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर को धन्यवाद दिया।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, आज एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है. प्रधानमंत्री मोदी यह विधेयक लेकर आए हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह संसद में पारित हो। यह अमृत काल के दौरान महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का विस्तार है।

महिलाओं ने क्या कहा

पूरे भारतवर्ष के लिए ऐतिहासिक दिन ये अमृतकाल का प्रतीक है। देश बहुत ही कामयाब हाथों में है। ये बहुत बड़ा सुधार है। महिलाओं की रक्षा करना सरकार का काम नारी को शक्ति का स्वरुप माना जाता है
- कंगना रनौत, अभिनेत्री

बहुत ही विशेष दिन था नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व दिखेगा यह बिल काफी महत्वपूर्ण है
-रीना ढाका, फैशन डिजाइनर

बहुत खुशी की बात है पीएम मोदी के प्रति जताया आभार बिल पेश करते समय संसद में हम गवाह बनें
-गीतिका जाखड़, पहलवान

मुझे भारतीय होने पर गर्व है यह बिल पास होना चाहिए इससे महिलाओं को ताकत मिलेगी भारत में विविधता है
-सुलक्षणा बरुआ, अभिनेत्री

मोदी सरकार ने बहुत सारी योजनाएं शुरु की हिंदुस्तान पहले से सुरक्षित हो गया है समय आ गया है कि महिलाएं राजनीति में आएं
-ईशा गुप्ता, अभिनेत्री

आज जो हुआ वो खुशी की बात है ज्यादा से ज्यादा महिलाएं अब राजनीति में आएंगी आने वाले समय में सभी पदों पर महिलाएं आएंगी
-नेहा राठी, अर्जुन पुरस्कार विजेता

महिलाओं के लिए बड़ा मौका है बहुत ज्यादा परिवर्तन आने वाला है
-अल्का तोमर, अर्जुन पुरस्कार विजेता

फ़ातिमा ज़हरा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

लखनऊ। मोहम्मद शोएब सिददीकी एडवोकेट संस्थापक मोहम्मद फ़ातिमा लीगल एसोसिएट्स,वक्ता-सोशल मीडिया की नूर चश्मी बेटी फ़ातिमा ज़हरा की 21 सितम्बर को यौम-ए-पैदाईश है। इस मौके पर वालदैन के अलावा खानदान, दोस्तो और शहर की अज़ीम शख्सियतों ने फ़ातिमा ज़हरा को दिली मुबारकबाद पेश करते हुए उनकी अच्छी सेहत बेहतरीन तालीम व तरबियत के साथ-साथ अपने वालदैन का नाम दुनिया में रौशन करने की दुआ की।

दो ट्रेनों में लगेगा अतिरिक्त स्लीपर कोच

लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए रेल प्रशासन पद्मावत एक्सप्रेस व अयोध्या कैंट दिल्ली जंक्शन ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नम्बर 14207 प्रतापगढ़ दिल्ली जंक्शन पद्मावत एक्सप्रेस में 22 सितम्बर को तथा वापसी में 14208 दिल्ली जंक्शन प्रतापगढ़ पद्मावत एक्सप्रेस में 25 सितम्बर को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगायेगा। वहीं 14205 अयोध्या कैंट दिल्ली जंक्शन एक्सप्रेस में 24 सितम्बर को तथा वापसी में 14206 दिल्ली जंक्शन अयोध्या कैंट एक्सप्रेस में 23 सितम्बर को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगायेगा।

बुकिंग के लिए मेमोरेन्डम ऑफ अन्डरस्टैन्डिंग हस्ताक्षरित

लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो। आईआरसीटीसी उत्तरी क्षेत्र लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश राज्य संस्थान फोरेंसिक विज्ञान लखनऊ के मध्य हवाई टिकट एवं पर्यटन सम्बन्धित सेवाओं की बुकिंग के लिए मेमोरेन्डम ऑफ अन्डरस्टैन्डिंग हस्ताक्षरित करके आदान प्रदान हुआ। बैठक आईआरसीटीसी कार्यालय में की गई। इस बैठक में आईआरसीटीसी तथा यूपी एसआईएफएस लखनऊ के मध्य आईआरसीटीसी की इस सहभागिता के जरिये की हवाई टिकट एवं पर्यटन सम्बन्धित सेवाओं की बुकिंग आईआरसीटीसी प्रदान करेगी। यह एमओयू आईआरसीटीसी की तरफ से समूह महाप्रबंधक आईआरसीटीसी उत्तरी क्षेत्र अजीत कुमार सिन्हा तथा यूपी एसआईएफएस की तरफ से सहायक रजिस्टार यूपी एसआईएफएस डॉ. गौरव कुमार राय की मौजूदगी में साइन किया गया। इस एमओयू के होने से दोनों विभागों के मध्य सहभागिता बढ़ेगी तथा भविष्य में दोनों विभागों को इसका लाभ प्राप्त होगा।